kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-347 | गुरुवार, 16 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



ाज भारत प्राकृतिक आपदाओं के समय अपनी मानवीय पहलों के लिए विश्व के विकासशील देशों के लिए सबसे पहले सहायता लेकर पहुंचने वाले देने वाले देश के रूप में जाना जाता है। पिछले दस वर्षों में आपदा राहत के लिए बजट में तीन गुना वृद्धि की गई है। **पीयूष गोयल**

दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी : केजरीवाल 11

महाकुम्भ : एक्यूप्रेशर सेवाधारी कई शिविरों में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे 12

## संक्षेप

### जुकरबर्ग के बयान पर मेटा इंडिया ने माफी मांगी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने अपने सीईओ मार्क जुकरबर्ग के बयान पर माफी मांग ली है। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। मेटा इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट शिवनाथ ठुकराल ने बुधवार को कहा- यह एक लापरवाही थी। मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि कोरोना के बाद कई मौजूदा सरकारें गिर गईं, लेकिन ऐसा भारत में नहीं हुआ। हम लापरवाही के चलते हुई इस गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है।

### समिति ने भारत-अमेरिका विरोधी संगठनों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के सुरक्षा हितों के खिलाफ काम करने वाले कुछ संगठित आपराधिक समूहों, आतंकवादी संगठनों और मादक पदार्थ तस्करों की गतिविधियों के बारे में एक उच्च स्तरीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।
यह समिति अमरीकी सरकार के इस आरोप के बाद गठित की गयी थी कि भारतीय एजेन्टों ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश की है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर भारत सरकार ने नवंबर 2023 में एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की थी। ये संगठन भारत और अमेरिका दोनों के सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचा रहे थे। समिति ने अपनी गहन जांच के साथ ही अमेरिका द्वारा दिए गए सुरागों का भी पता लगाया। अमेरिकी अधिकारियों का इसमें पूरा सहयोग मिला और दोनों पक्षों ने परस्पर दौरे भी किए। समिति ने विभिन्न एजेंसियों के कई अधिकारियों के साथ बात की और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की। लंबी जांच के बाद समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने एक व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। जिसकी आपराधिक पृष्ठिभूमि और आपराधिक सम्?पर्क की बात जांच में सामने आई है। जांच समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि कानूनी कार्रवाई तेजी से पूरी होनी चाहिए। हालांकि समिति ने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया है। समिति ने ऐसी गतिविधियों से निपटने में व्यवस्थित नियंत्रण और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं में कार्यात्मक सुधार के साथ ही सक्षम उपाय करने की सिफारिश की है जिससे भारत की ऐसे मामलों से निपटने की क्षमता और सुदृढ़ हो सके।

# भाजपा-संघ के साथ इंडियन स्टेट से लड़ रहे : राहुल गांधी

## आरएसएस की विचारधारा में नहीं, कांग्रेस की सोच में है देश की समृद्धि: खरगे

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि भाजपा और आरएसएस ने देश की सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न सिर्फ भाजपा और आरएसएस, बल्कि इंडियन स्टेट (भारत सरकार) से भी लड़ाई लड़ रही है।

राहुल ने यह बयान दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर कही। राहुल गांधी ने कहा कि मोहन भागवत कह रहे हैं कि 1947 में भारत को सच्ची आजादी नहीं मिली थी। मोहन भागवत का यह बयान हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ हर एक भारतीय नागरिक का अपमान है। भागवत का कमेंट हमारे संविधान पर हमला है। भागवत हर दो-तीन दिन में अपने बयानों से देश को यह बताते रहते हैं कि वह स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने हाल ही में जो कहा वह देशद्रोह है, क्योंकि उनके बयान का मतलब है कि संविधान का कोई औचित्य नहीं है। भागवत के हिसाब से अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई का कोई महत्व ही नहीं है। मोहन भागवत अगर किसी और देश में ऐसे बयान देते तो गिरफ्तार हो जाते। उनके खिलाफ केस भी चलाया जाता। दरअसल, भागवत ने 13 जनवरी को इंदौर में एक



कार्यक्रम में कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए, क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मनों का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इस दिन मिली थी। राहुल गांधी ने कहा- हमारी विचारधारा कल सामने नहीं आई। हमारी विचारधारा हजारों साल पुरानी है। यह हजारों सालों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से लड़ रही है। हमारे अपने प्रतीक हैं। हमारे पास शिव हैं। हमारे पास गुरुनानक हैं। हमारे पास कबीर हैं। हमारे पास महात्मा गांधी हैं। ये सभी हमें यानी देश को सही रास्ता दिखाते हैं। क्या गुरुनानक संघ की विचारधारा हैं? क्या बुद्ध संघ की विचारधारा हैं? क्या भगवान कृष्ण संघ की विचारधारा हैं? इनमें से कोई नहीं। इनमें से सभी ने लोगों की समानता और भाईचारे के लिए लड़ाई लड़ी। राहुल ने कहा, 'यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। यदि आप मानते हैं कि हम भाजपा या आरएसएस नामक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं, तो आप समझ नहीं पा रहे कि क्या चल रहा है। यह दो विचारों के बीच लड़ाई है। एक हमारा विचार है जो संविधान का विचार है। दूसरी तरफ आरएसएस का विचार है जो इसके उलट है।

राहुल ने कहा- आज सभी जांच एजेंसियों को सिर्फ यही काम दिया गया है कि कैसे विपक्षी नेताओं को घेरा जाए और उन्हें जेल भेजा जा सके। आज चुनाव आयोग को भी खुद को पाक-साफ करने की जरूरत है। चुनाव आयोग को भी महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव का डेटा देना चाहिए, लेकिन चुनाव आयोग इसे नजरअंदाज कर रहा है। राहुल ने कहा कि हमें कैसे भरोसा होगा कि इलेक्टोरल सिस्टम सही है। चुनाव आयोग को साबित करना चाहिए कि चुनाव पारदर्शी तरीके से हो रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

श्री खरगे ने कहा, कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय 'इंदिरा भवन' लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की नींव पर बनाया गया है। कांग्रेस के 140 साल पुराने गौरवशाली इतिहास का प्रतीक, यहाँ की दीवारें सत्य, अहिंसा, त्याग, संघर्ष और देशभक्ति की महान गाथा बयां करती हैं। हम अपने नए मुख्यालय का उद्घाटन बहुत ही महत्वपूर्ण ● शेष पेज 11 पर

### राहुल ने कबूल कर लिया है कि वह भारत से लड़ रहे हैं : नड्डा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजधानी में कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय के नये भवन के उद्घाटन के मौके पर बुधवार को दिए गए बयान की भर्त्सना की और कहा कि श्री गांधी के बयान से साफ हो गया है कि उनके अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, ● शेष पेज 11 पर

# मौनी अमावस्या के स्नान के लिए करें युद्धस्तर पर तैयारी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के मद्देनज़र व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते तीन दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 6 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की जरूरत भी बताई, साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों की बेरिकेटिंग हो और सभी सेक्टरों में 247 घंटे बिजली और पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव गृह व सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास, चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना शिशिर सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही।



**निर्देश**

- मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना
- मुख्यमंत्री ने की महाकुम्भ के तीन दिनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा
- मुख्यमंत्री का निर्देश, रेलवे से समन्वय कर समयबद्ध कराएं ट्रेनों का संचालन

### सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह विवाद पर सुनवाई टाली


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मथुरा में शाही ईदगाह की मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई मार्च 2025 तक टाल दी। समिति इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रही है, जिसमें कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह ● शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को दी अंतरिम राहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा (2022) में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के आरक्षण लाभ के लिए धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने की आरोपी महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु बर्खास्त अधिकारी पूजा खेडकर को बुधवार को राहत देते हुए इस मामले में अगले आदेश तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने आदेश देते हुए कहा, अगली तारीख तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने इस मुकदमे में सुश्री खेडकर की याचिका पर दिल्ली सरकार और यूपीएससी से जवाब तलब किया। सुश्री खेडकर ने दिल्ली उच्च



न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष सुश्री खेडकर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने दलील दी कि याचिकाकर्ता संरक्षण में है, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश ने वस्तुतः उन्हें दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की योग्यता पर कई टिप्पणियां कीं, जिससे उन्हें दोषी ठहराया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। श्री लूथरा ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 304 रनों से हराया, सीरीज भी जीती

राजकोट। प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों के बाद दीप्ति शर्मा (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को रिकार्ड 304 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली हैं। भारत के 435 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान गैबी लुईस (एक) को तितास साधु ने पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। क्रिस्टिना कुल्टर रीली (शून्य) को सायली सातघरे ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद सारा फोर्ब्स और ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 15वें ओवर में तनुजा कंवर ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (41) रनआउट हुई।


● विस्तृत खबर पेज 10 पर

# इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। देश और उत्तर प्रदेश में यह गठबंधन बिखरता हुआ दिखाई दे रहा है। बसपा ही भाजपा की एकमात्र विकल्प है और इसका समय फिर आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस संविधान हाथ में लेकर और नीला कपड़ा पहन कर दलितों का वोट लेने का नाटक कर रही है। दलितों, शोषितों व वंचितों को इनसे और भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है।

बसपा सुप्रीमो ने बुधवार को अपने 69वें जन्मदिन पर पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में एक बार फिर 'बाबा साहेब का मिशन अधूरा बसपा करेगी पूरा का नारा दिया। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना कहा कि ये लोग बाबा साहेब का अपमान करने वाले हैं। इसलिए इनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने यह भी साफ किया



कि गठबंधन के इस दौर में बसपा अकेले ही चुनाव लड़ती रहेगी। मायावती ने कहा कि आज उनका जन्मदिन पूरे देश में जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान उनकी चार सरकारों की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अपने लोगों को बताया जा रहा है। बसपा को सत्ता में लाना ही उनके लिए जन्मदिन का असली तोहफा होगा। उनकी सरकार में शुरू हुए कामों से गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य अकलियतों की स्थिति में काफी बदलाव आया है। देश में दूसरी पार्टियों की राज्य सरकारें भी अब इसकी नकल कर रही हैं, लेकिन इन लोगों के प्रति उनकी नीति व नीयत साफ नहीं होने से कोई विशेष लाभ नहीं मिल रहा है।

मायावती ने कहा कि मैं पार्टी व मूवमेंट के लोगों को हमेशा की तरह आगाह करना चाहती हूं कि पिछले कुछ वर्षों से बसपा के विशेष कर दलित बेस वोट को कमजोर करने व उसे तोड़ने के लिए कांग्रेस, भाजपा, सपा व अन्य जातिवादी पार्टियां साम, दाम, दंड, भेद आदि हथकंडे अपना रही हैं। इनसे सावधान रहने की जरूरत है, वरना कभी भी सत्ता में हमें आसीन नहीं होने देंगी। इन्हीं पार्टियों के चलते संविधान में दी गई व्यवस्था के आधार पर आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जातिवादी सोच व द्वेष पर चलकर कांग्रेस की सरकारों में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज के सभी महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों का हर स्तर पर उपेक्षा व अनादर किया गया है, वह किसी से भी छिपा नहीं ● शेष पेज 11 पर

## सेना को रणनीति, तकनीक और तरीकों को लगातार उन्नत करने की जरूरत : जनरल चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सेना को दुश्मनों से आगे रहने के लिए अपनी रणनीति, तकनीक और तरीकों को लगातार उन्नत करने की जरूरत है।

जनरल चौहान ने बुधवार को 77वें सेना दिवस के अवसर पर सैनिकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा यह दिन अटूट समर्पण, साहस, अदम्य भावना और दक्षता का उत्सव है, जो भारतीय सेना को परिभाषित करता है, भारतीय सेना भारत की सुरक्षा और एकता के आधार के रूप में खड़ी है। जनरल चौहान ने कहा कि भारतीय सेना की विरासत चुनौतियों से निपटने, संप्रभुता बनाए रखने और निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने की विश्वसनीय क्षमता पर बनी है। उन्होंने कहा, सभी परिस्थितियों में उच्च स्तर की तत्परता बनाए रखने, परिचालन क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने और हमारे नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में भारतीय सेना



के कर्मियों के अथक प्रयास सराहनीय हैं।

युद्ध की बदलती परिस्थितियों और प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्धकला का तेजी से विकास हो रहा है, जो प्रौद्योगिकी में प्रगति और भू-राजनीतिक गतिशीलता को बदलने से प्रेरित है। साइबर और अंतरिक्ष सहित नए डोमेन में संघर्ष तेजी से फैल रहे हैं। उन्होंने कहा, नए युग की तकनीक और अवधारणाएं जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा सेंट्रिक आर्किटेक्चर द्वारा संचालित ऑटोमेशन, स्टेल्थ और ● शेष पेज 11 पर

### जल, थल, नभ, गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष, भारत हर जगह अपने हितों की सुरक्षा कर रहा

# दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा है भारत: मोदी

एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन अत्याधुनिक और प्रमुख प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत तथा आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21 वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों - आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं और आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा यह पहली बार हो रहा है जब एक डिस्ट्रायर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है और सबसे गर्व की बात है कि ये तीनों ही प्रमुख प्लेटफार्म मेड इन इंडिया हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा , ‟भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाले देश के रूप में उभरा है। जल हो, थल हो , नभ हो या गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में नौसेना को एक नई ताकत और दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने शिवाजी महाराज की भूमि पर 21वीं सदी की भारतीय नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम



उठाया है। श्री मोदी ने कहा, आज का कार्यक्रम हमारी गौरवशाली विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का लंबी समुद्री यात्राओं, वाणिज्य, नौसेना रक्षा और जहाज उद्योग से जुड़ा एक समृद्ध इतिहास है। इस समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज लॉन्च किए गए प्लेटफॉर्म उसी की एक झलक दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने चोल वंश की समुद्री शक्ति को समर्पित आईएनएस नीलगिरि और सूरत युद्धपोत सहित नए प्लेटफार्मों के लॉन्च का उल्लेख किया, जो उस युग की याद दिलाता है जब गुजरात के बंदरगाह भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ते थे। उन्होंने कुछ साल पहले पहली पनडुब्बी कलवरी के कमीशन के बाद पी 75 श्रेणी की छठी वाग्शीर पनडुब्बी के कमीशन का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए प्लेटफॉर्म भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों को बढ़ाएंगे। वैश्विक सुरक्षा, अर्थशास्त्र और भू-राजनीतिक गतिशीलता को आकार देने में भारत जैसे समुद्री राष्ट्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, प्रधान मंत्री ने आर्थिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय समुद्री सीमा की रक्षा, नेविगेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और व्यापार आपूर्ति लाइनों और समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र को आतंकवाद, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी से बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री मोदी ने समुद्र को सुरक्षित , समृद्ध बनाने, रसद दक्षता बढ़ाने और शिपिंग उद्योग का समर्थन करने में वैश्विक भागीदार बनने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने दुर्लभ खनिजों और मछली स्टॉक जैसे समुद्री संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और उन्हें प्रबंधित करने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। नए शिपिंग मार्गों और संचार के समुद्री ● शेष पेज 11 पर

# मकान मालिक की जरुरत हो तो किरायेदार को छोड़ देना चाहिए : हाईकोर्ट

❑ किरायेदार को मकान मालिक की मर्जी पर निर्भर रहना होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माना है कि किरायेदार आमतौर पर मकान मालिक की मर्जी पर निर्भर होता है और अगर मकान मालिक चाहे तो उसे सम्पत्ति छोड़नी होगी। न्यायालय ने कहा कि किरायेदार के खिलाफ फैसला देने से पहले न्यायालय को यह देखना चाहिए कि मकान मालिक की जरूरतें वास्तविक हैं या नहीं।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने जुल्फिकार अहमद व कई अन्य की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा, ल्ल किराएदार को मकान मालिक की मर्जी पर निर्भर होना चाहिए, क्योंकि जब भी मकान मालिक को अपने निजी इस्तेमाल के लिए सम्पत्ति की जरूरत होगी, तो उसे छोड़ना होगा।

अदालत को बस यह देखना है कि जरूरत है कि नहीं। कोर्ट ने किरायेदार की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि जब वास्तविक आवश्यकता और तुलनात्मक कठिनाई मकान मालिक के पक्ष में हो, तो संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। मामले के अनुसार मालिक ने निजी ज़रूरत के आधार पर दो दुकानों को खाली करने का आवेदन किया था।

मकान मालिक का इरादा उक्त दुकानों के परिसर में मोटर साइकिल और स्कूटर की मरम्मत का काम करने के लिए एक दुकान खोलने का था। विहित प्राधिकारी ने दुकान खाली करने के आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि वास्तविक आवश्यकता और तुलनात्मक कठिनाई मकान मालिक के पक्ष में थी। किरायेदार की अपील खारिज कर दी गई। किरायेदार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि वैकल्पिक आवास का प्रश्न, हालांकि प्राधिकरण निर्णय लेने के लिए अनिवार्य है। लेकिन इसका उत्तर प्रत्येक मामले के तथ्यों के आधार पर दिया जाएगा।

ऐसा इसलिए है क्योंकि उत्तर इस बात पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का वैकल्पिक आवास उपलब्ध है, इसकी उपयुक्तता, साथ ही अन्य कारक जैसे कि मकान मालिक के परिवार का आकार, क्या आवास मकान मालिक के व्यवसाय को चलाने के लिए पर्याप्त है। न्यायालय ने कहा कि निर्धारित प्राधिकारी केवल किराएदार द्वारा बताए गए वैकल्पिक आवास के आधार पर खाली करने के आवेदन को खारिज करने में धीमा रहना होगा। न्यायालय ने कहा कि मकान मालिक हमेशा यह तय करने में सबसे अच्छा मध्यस्थ होगा कि कौन सा आवास उसके व्यवसाय के लिए सबसे उपयुक्त होगा। परिणामस्वरूप, यह माना गया कि नियम, 1972 की धारा 16(1)(डी) के तहत भी, निर्धारित प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश अपील में बरकरार रखा गया वह सही था। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

# डान के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने बहनजी के जन्मदिवस की भव्यता बढ़ाई

## मायावती को 2027 में मजबूत मुख्यमंत्री बनाएंगे , कार्यकताओं ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




करछना प्रयागराज। देश में सामाजिक परिवर्तन की महानायिका भारत के जातिवादी दकियानूसी परिवेश में अपनी अचूक रणनीति और कुशल नेतृत्व से करोड़ो लोगो की उम्मीदों, आकांक्षाओ और महत्वकांक्षाओं का प्रतीक बन चुकी संघर्ष की मिसाल बहुजन समाज की आस्था बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार बार की मुख्यमंत्री बहुजन समाज की आन बान और शान, महिला सशक्तिकरण, कुशल प्रशासक, प्रेरणादायक नेतृत्व और सामाजिक लोकतन्त्र की उत्कृष्ट उदाहरण बहन कुमारी मायावती जी का 69 वा जन्मदिन यमुनापार की तहसील करछना के थाना औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी में जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। एक ओर जहां इस जन्म दिवस समारोह में शहर पश्चिमी, शहर दक्षिणी, बारा, करछना, मेजा और कोरांव विधानसभा से बसपा के गिने चुने पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे थे तो वहीं दूसरी ओर अभी हाल ही में बसपा पार्टी से निकाल बाहर किए गए पूर्व मण्डल सेक्टर प्रभारी रहे डा. अम्बेडकर वेलफ़ेयर नेटवर्क (डान) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज के नेतृत्व में बहुजन समाज की आन बान शान बसपा प्रमुख बहनजी के सम्मान में हजारों की संख्या में डॉन कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लग गया। जन कल्याणकारी दिवस की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चौधरी सईद अहमद ने की। डा. अशोक कुमार गौतम मुख्य मण्डल प्रभारी प्रयागराज मण्डल बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि डा.अम्बेडकर और बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब की बदौलत बहुजन समाज के लोग सीना तानकर और सर उठाकर चल रहे हैं और वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजपाठ की बात भी कर रहे हैं।

अगर बाबा साहब अपने परिवार के विषय में सोचे होते तो दुनिया में सबसे ज्यादा खुशहाल व्यक्ति होते किंतु उन्होंने सदा बहुजन समाज के मान सम्मान स्वाभिमान से सर उठाकर और राज पाठ कैसे मिल सकता हैं की बात कर रहे है। मान्यवर कांशीराम साहब ने 6743 जातियों को एकजुट करने का संकल्प लेकर डा. अम्बेडकर के सपनों को भारत उत्तर प्रदेश में बहन जी के नेतृत्व में चार बार सरकार बनाकर साकार करते हुए दिखाया। वर्तमान लोकतंत्र स्थापित होने से पूर्व बहुजन समाज के लोग इंसान होते हुए भी इंसान नहीं थे। यानी उनकी स्थिति जानवरों से भी बेहतर थी। आज हम देश का हुक्मरान बनना चाहते हैं तो सबकी जिम्मेदारी है कि वह भाईचारा को मजबूत करें क्योंकि बहनजी की ही सत्ता में गुंडे माफिया या तो जेल के अंदर थे या प्रदेश छोड़कर अन्य राज्यों में थे। बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं है और बसपा ही सबके सम्मान, सुरक्षा देने की बात करती है और सबके लिए काम भी करती है। दूसरे पर उंगली उठाने से अच्छा है अपने ऊपर सवाल करें। पूरी कटुता समाप्त हो जाएगी। बहुजन समाज पार्टी में बहुजन समाज के लोग एक परिवार की तरह रहते हैं। आपसी मन मोटाव पार्टी हित के लिए ठीक नहीं । आने वाले 2027 में बहनजी को उत्तर प्रदेश का मजबूत मुख्यमंत्री बनना है।

# समाज सेवी सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी जी द्वारा किया गया कंबल वितरण

❑ नर सेवा ही नारायण सेवा है पयासी

❑ सहयोग की भावना से मुझे मिलती हैं खुशी पयासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव प्रयागराज । लगातार पांच वर्षो की भांति इस वर्ष चौथे दिन ग्राम पंचायत महादेव सनैहवा आदिवासी मूसहर हरिजन वर्मा बस्ती में डेढ़ सौ आज कंबल वितरण आयोजक समाज सेवी सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी जी द्वारा किया गया अध्यक्षता बृज नारायण पटेल जी संचालन रबी बेनवश द्वारा किया गया पयासी जी द्वारा लगभग 150 ग्रामीणों के साथ कंबल वितरण किया गया पयासी ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी मेरे द्वारा एक सहयोग की भावना से छोटा सा प्रयास लगातार चार दिन से किया जा रहा है उसी क्रम में कार्यक्रम चल रहा है मुझे गरीबो की इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल वितरण से मुझे खुशी मिलती हैं और इस कार्यक्रम से मुझे बड़े बुजुर्गों का स्नेह आशिर्वाद मिलता है कंबल वितरण कार्यक्रम को मैं नर सेवा को ही नारायण सेवा के रूप मे मैं देखता हूं मैं मानता हूं की यही सबसे बड़ी पूजा और सबसे बड़ी सेवा है मैंने आज से कंबल वितरण की शुरुआत किया है जिसमे सैकड़ों महिलाओ और पुरुषों को वितरण किया गया ये अब एक हफ्ते लगभग कंबल का वितरण मेरे द्वारा कराया जाएगा मेरा ये कंबल वितरण लोगों के बीच पहुंचने का माध्यम है और लोगों से मुलाकात का माध्यम है मेरा ये प्रयास है आप सभी का सहयोग मिलता रहे तो मैं जीवन पर्यंत इस कंबल वितरण समारोह कार्यक्रम को करता रहूँगा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से यशवत पटेल हरिश्चंद्र धरकार कोटेदार कालू राम वर्मा सुरेश तिवारी संतोष दुबे जी त्रिवेणी राम विशाल आदि लोग उपस्थित रहे पयासी ने अंत मे लोगों को संबोधित करते हुए सबका स्वागत अभिनंदनीय करते हुए इसी तरह हर वर्ष सेवा करते रहने का वादा किया ।

# भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे और जल निगम की समस्याओं को लेकर मुखर हुए शंकरगढ़वासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा,प्रयागराज। अवैध कब्जे और जल निगम की समस्याओं से आजिज आकर शंकरगढ़वासियों ने बुधवार से शंकरगढ़ के रामभवन चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।भारी भीड़ जुटने की सूचना मिलते ही एसओ शंकरगढ़ मय फोर्स के साथ सुबह ही प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए और थोड़ी ही देर में तहसीलदार बारा भी पहुंच गए और जल निगम के अधिकारियों से वार्ता किया।

समस्या के समाधान के संबंध में जल निगम के अवर अभियंता श्याम बहादुर पाल द्वारा बताया गया कि यह समस्या उनके स्तर से नहीं है, इसके लिए उच्च अधिकारियों से बात कर समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने बताया कि नगर की सबसे बड़ी एवं पुरानी समस्या पीने के पानी की सुचारू रूप से उपलब्ध न होना है। जल निगम की लापरवाही कहें या नगर पंचायत की उदासीनता या फिर यूं कह लें कि ठेकेदारी प्रथा की वजह से पीने के पानी की समस्या नगर में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं शंकरगढ़ नगर क्षेत्र के अंतर्गत भूमाफिया दखल व अवैध कब्जा बढ़ता जा रहा है। इसी तरह की तमाम समस्याओं से आजिज होकर नगर के व्यापारी, समाजसेवी, नवयुवक, एकत्रित होकर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए बुधवार को शंकरगढ़ के राम भवन चौराहा पहुंचे गए।व्यापार मंडल के सहयोग के साथ जुटे स्थानीय लोगों ने अपनी मांगे उठाई और अनिश्चितकाल धरने का ऐलान कर दिया दूसरी तरफ राम भवन चौराहे पर भीड़ जुटने की सूचना मिलते ही एसओ शंकरगढ़ ओमप्रकाश और जल निगम के जेई मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को समझने की कोशिश की, बात नहीं बनने पर तहसीलदार बारा गणेश सिंह भी दोपहर राम भवन चौराहा पहुंच गए इसके पश्चात तहसीलदार ने शाम पांच बजे तक मौके पर रहकर लोगों को मनाने की कोशिश की। लगभग 6 बजे व्यापारियों ने 3 दिन के आश्वासन पर धरना स्थगित करने की जानकारी दी। जल निगम के अवर अभियंता श्याम बहादुर पाल ने बताया कि दो-तीन दिनों के अंदर वह अपने विभाग का कार्य नगर पंचायत शंकरगढ़ को सौप देंगे। इस मौके पर दीपक तिवारी,रोहित केसरवानी,धीरेंद्र केसरवानी, राजेन्द्र केसरवानी,नीरज कुमार पंकज गुप्ता, नितेश केसरवानी,धीरज वैश्य, रामजतन बंसल, दीपक केसरवानी,सुरेश कुमार, महेश कुमार,आबिद अली के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की जमानत मंजूर

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आजमगढ़ जिले के गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त इम्तियाज अहमद उर्फ इम्तेयाज की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने इम्तियाज अहमद उर्फ इम्तेयाज की जमानत याचिका पर दिया है। याची के खिलाफ आजमगढ़ के जीयनपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट की एफआईआर दर्ज है। जमानत याचिका में उक्त मामले में याची को जमानत पर रिहा करने की मांग की गई थी।जमानत के समर्थन में याची का कहना था कि उसे गैंग चार्ट में दिखाए गए दो आपराधिक मामलों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट का आरोपी बनाया गया है और दोनों मामलों में उसकी जमानत मंजूर हो चुकी है। वह इस मामले में गत 20 अप्रैल से जेल में है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले के तथ्यों, परिस्थितियों और साक्ष्य के अवलोकन के बाद कहा कि प्रथमदृष्टया ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह दर्शाता हो कि याची किसी गिरोह का सदस्य या सरगना है। याची गैंगचार्ट में दिखाए गए दोनों अपराधों में जमानत पर रिहा है। ऐसे में याची की जमानत याचिका स्वीकार किए जाने योग्य है।

## मॉडल के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिवलिंग के साथ विवादास्पद पोस्टर लगाने के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वाराणसी की फैशन मॉडल ममता राय के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।सुनवाई की अगली तारीख 28 फरवरी नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने ममता राय की याचिका पर दिया है। वाराणसी के सारनाथ थाने में ममता राय पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन्होंने सावन महीने में ल्लमैं काशी हूं ममता रायल्ल स्लोगन के साथ शिवलिंग पर फूल चढ़ाते हुए पोस्टर शहर में लगवाया था। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेता विक्रांत सिंह ने आपत्ति दर्ज कराते हुए धार्मिक भावना को आहत करने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किया। मॉडल ने आरोप पत्र और पूरी आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की।मॉडल का कहना था कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के विपरीत झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करके एफआईआर दर्ज कराई गई है। भारत का संविधान सभी को भाषण और अभिव्यक्ति का अधिकार देता है। केवल पोस्टर देखने से शिकायतकर्ता की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं, यह तर्कसंगत नहीं है। कोर्ट ने उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

## नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि को किया गया अतिक्रमणमुक्त



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को नगर निगम टीम द्वारा ग्राम धावॉ, तहसील व जिला लखनऊ, ग्राम पुरसेनी व सोनई कंजेहरा, तहसील मोहनलालगंज व जिला लखनऊ में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने के किए बड़ी कार्यवाही की गयी। इस दौरान प्रापर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से सरकारी भूमि पर की गयी प्लाटिंग को मौके पर टीम द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया तथा कतिपय भूमि पर अवैध रूप से कृषि कार्य करने वालों का भी कब्जा हटा दिया गया। इस कार्यवाही से कुल 5.1840 हे बेशकीमती भूमि अवैध कब्जों से मुक्त करायी गयी।

## एलडीए कि बड़ी कार्यवाही, 7 अवैध निर्माण किए सील



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में लगातार अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को प्रवर्तन टीम ने सरोजनीनगर, आशियाना, नीलमथा, सुशांत गोल्फ सिटी व बाजारखाला क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से किये जा रहे 7 व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह के अनुसार अमित अग्रवाल व अन्य द्वारा आशियाना में सेक्टर-एच के पास पकरीखेड़ा में भूखण्ड संख्या-570/09 पर लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल में व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह ज्ञान चन्द्र यादव व अन्य द्वारा नीलमथा के विजय नगर में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे लगभग 600 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं अंशुमान व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में कैलाश इन्क्लेव के सामने मुख्य फुलवारी रोड पर लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इन तीनों अवैध निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय के अनुसार बजरंग यादव व अन्य द्वारा सरोजनीनगर के अनौरा में टीएस मिश्रा रोड पर लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी स्थान पर कान्ती यादव, अजीत यादव व अन्य द्वारा लगभग 225 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह नीरज यादव व अन्य द्वारा लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन तीनों निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि दीपक लकवानी व अन्य द्वारा बाजारखाला में प्रकाश इंटरप्राइजेज के बगल में लगभग 60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकान का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इस निर्माण कार्य को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया।

## स्टार्टअप और इनोवेशन फ़ेस्टिवल अभिव्यक्ति की मेजबानी करेगा आईआईटी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में 17 से 19 जनवरी तक स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) वार्षिक फ्लैगशिप स्टार्टअप फ़ेस्टिवल अभिव्यक्ति' 25 का आयोजन करने जा रहा है। ये कार्यक्रम उभरते नवाचारों को उजागर करें थीम पर आधारित होगा। स्टार्टअप्स, उद्यमियों, उद्योग के लीडरों, निवेशकों, छात्रों और नीति निर्माताओं के लिए प्रौद्योगिकी और उद्यमिता की सीमाओं का पता लगाने के लिए एक जीवंत मंच के रूप में काम करेगा। यह जानकारी बुधवार को आईआईटी की मीडिया प्रभारी रूचा खेडकर ने दी। इस वर्ष अभिव्यक्ति 25 का आयोजन सआईआईसी और एंटरन्ट्रप्रनर्शिप सेल आईआईटी कानपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जो एक छात्र-संचालित गैर-लाभकारी संगठन है जो परिसर में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में एक आकर्षक स्टार्टअप प्रदर्शनी, वैश्विक तकनीकी महाशक्ति के रूप में भारत के भविष्य पर इंटरैक्टिव पैनल चर्चाएं और सुरक्षा, गोपनीयता और शासन जैसे क्षेत्रों में एआई और मशीन लर्निंग द्वारा उत्पन्न नैतिक चुनौतियों की खोज शामिल होगी।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की उपलब्धियां की प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुंभ। देश के कोने-कोने से महाकुंभ प्रयागराज में आए श्रद्धालु आज बड़ी संख्या में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सरकार की उपलब्धियां, नीतियों और लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को प्रदान करने के लिए लगाई गई डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दर्शकों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों, चलचित्रों के माध्यम से दी जा रही जानकारी की सराहना किया और डिजिटल प्रदर्शनी को सूचना एवं शिक्षाप्रद, बताया महाकुंभ नगर, त्रिवेणी मार्ग प्रदर्शनी परिसर में लगाई गई यह प्रदर्शनी 26 फरवरी 2025 तक आमजन के अवलोकन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

डिजिटल प्रदर्शनी में एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलईडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हो रही है। प्रदर्शनी परिसर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रदर्शनी के साथ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल लगे हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से जन सामान्य को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आज़ाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथये साथ नारी सशक्तिकरण की योजनाओं तथा विभिन्न अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को मिल रही है।

# असहाय, जरूरतमंदों को विधायक ने किया कंबल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज । के ग्राम पंचायत कुढ़ा में हाड़कपाऊ ठंड को देखते हुए बुधवार को समाजसेवी व ग्राम प्रधान ने अपने गांव में कैंप लगवाकर दर्जनों जरूरतमंदों के लिए कम्बल वितरण का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमरेश कुमार व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह ने जरूरतमंदों को कमल वितरित किया वही कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

ग्राम प्रधान ने मुख्य अतिथि को माला पहनकर स्वागत किया।

इस दौरान निगोहां मंडल अध्यक्ष ललित सिंह,पूर्व प्रधान राघवेंद्र यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय सिंह, संयुक्त मंत्री एडवोकेट रंजीत यादव, प्रदीप सिंह, धीरज यादव, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष आशीष सिंह, अविनय सिंह, सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# नये रंगरूप में नजर आएगा हजरतगंज मार्केट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ का दिल कहा जाने वाला हजरतगंज जल्द ही नये क्लेवर में नजर आएगा। यहां की इमारतें अपने नये रंग-रूप से अवध का अंदाज बयां करेंगी। इसके लिए सभी बिल्डिंगों के फसाड व साइनेज बोर्ड के रंग व आकार में एकरूपता लायी जाएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बुधवार को प्राधिकरण भवन स्थित पारिजात सभागार में हजरतगंज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान व्यापारियों ने हजरतगंज के लिए डिजाइन की गयी फसाड कंट्रोल गाइडलाइन को लेकर सहमति प्रदान की। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह व अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम व्यापारियों के समक्ष फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का प्रेजेन्टेशन दिया गया। जिसमें भवनों व साइनेज बोर्ड के कलर पैलेट आदि को लेकर चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने बताया कि वर्तमान में इमारतों का जो रंग है, उसमें मामूली बदलाव किया गया है। फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत व्यवस्था लागू होने से हजरतगंज मार्केट हेरिटैज लुक में उभर कर आएगा, जोकि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बैठक में कहा कि वर्तमान में कुछ प्रतिष्ठानों में एक से अधिक और अलग-अलग रंग व आकार के साइनेज बोर्ड लगे हैं जिससे हजरतगंज मार्केट का फसाड प्रभावित होता है। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने स्तर से फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करते हुए साइनेज बोर्ड को व्यवस्थित करने का कार्य करें।

साथ ही बेतरतीब ढंग से लगी होर्डिंग्स को हटवाने में प्राधिकरण का सहयोग करें। इस पर व्यापारियों ने सहमति जताते हुए अपने स्तर से कार्य कराने की हामी भरी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा हजरतगंज में सौंदर्यीकरण के कार्य कराये जाएंगे। इसमें रेलिंग, बेंच व बोलार्ड आदि की नये सिरे से पेन्टिंग करवायी जाएगी।

साथ ही नये आकर्षक डस्टबिन लगवाए जाएंगे। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि मेट्रो के निर्माण के समय सीवेज व ड्रेनेज की कुछ समस्या रह गयी थी।

इसके अलावा तारों को अंडरग्राउंड करने व साफ-सफाई की समस्या है, जिसे जनहित में ठीक कराने की जरूरत है। इस पर मण्डलायुक्त ने जलकल व लेसा के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करके समस्या दूर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि इसी महीने से रमकी कंपनी द्वारा नयी मशीनरी व स्टॉफ के माध्यम से साफ-सफाई की व्यवस्था शुरू करा दी जाएगी, जिससे समस्या दूर हो जाएगी।

## आवासीय योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने प्राधिकरण की प्रस्तावित आवासीय योजनाओं की समीक्षा की। इसमें अवगत कराया गया कि ग्राम कलियाखेड़ा की अधिकांश भूमि का कब्जा प्राप्त करते हुए स्थल पर विकास कार्य शुरू करा दिया गया है। इसके अलावा ग्राम-प्यारेपुर के किसानों को ग्राम-कलियाखेड़ा के बराबर प्रतिफल दिये जाने के निर्णय के तहत अपर जिलाधिकारी को 225 करोड़ रूपये की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। जिसका किसानों को लगातार भुगतान किया जा रहा है। साथ ही ग्राम-प्यारेपुर में परिसम्पत्तियों के सर्वे की कार्यवाही चल रही है। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि अवशेष प्रकरणों में किसानों को बकाया धनराशि देने के उपरांत शीघ्र कब्जा प्राप्त करते हुए विकास कार्य शुरू कराया जाए। इसके अलावा आईटी सिटी व वेलनेस सिटी के कार्य में भी तेजी लायी जाए।

# भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय का मनाया गया 62वां जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के 62 वां जन्मदिन को भोजपुरी समाज के सभी पदाधिकारीयों ने लखनऊ महानगर कार्यालय आर 61 नेहरू इनक्लेव में भव्य मनाया गया। इस जन्म उत्सव में राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह, राष्ट्रीय सचिव वेद प्रकाश राय, मनोज राय,भोजपुरी गायक अवधेश ,संजय यादव अंगदराम ओझा, सुनील सिंह, उपेन्द्र राय, कपिल देव अभिशेक शाही कुशवाहा आदि सौकडो भोजपुरीसमाज के पदाधिकारीगण प्रभुनाथ राय राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दिये।

# समेसी में युवान संस्थान ने 350 जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम लखनऊ। बुधवार को समेसी में ठंड को देखते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क महोली समिति लखनऊ में आयोजित गत वर्षो की बात इस वर्ष भी अपने गांव को स्वावलंबी जरूरतमंदों को कंबल वितरण खिचड़ी भोज बुजुर्ग, युवा वरिष्ठजनों ,महापुरुषों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्जित कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उसके बाद संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं अन्य महापुरुषों पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान के संरक्षक - अंबुज त्रिपाठी ने कहा कि ''मकर संक्रांति हमें सेवा, सहयोग और एकता का संदेश देती है। इस आयोजन से समाज के जरूरतमंद वर्ग को जो राहत मिलेगी वह प्रेरणादायक है और अध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि ''युवान संस्थान का उद्देश्य समाज सेवा और भाईचारे को बढ़ावा देना है। हम सभी मिलकर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रहे हैं । वहीं संयोजक - अरविंद अवस्थी ने ''मकर संक्रांति का पर्व हमें सिखाता है कि हम एकजुट होकर समाज के विकास के लिए कार्य करें। युवान संस्थान इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश**

**आयोग की पदाधिकारीयों ने भी जनपदों में की महिला जनसुवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, । उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान के द्वारा आयोग मुख्यालय लखनऊ पर महिला जनसुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान 49 प्रचलित प्रकरणों के साथ आयोग मुख्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये 09 पीड़ित आवेदिकाओं/आवेदकों द्वारा दिये गये नवीन प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न माध्यमों से आयोग कार्यालय में प्राप्त 196 नवीन प्रार्थना पत्रों पर भी त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान के निर्देशानुसार प्रदेश के 23 जनपदों उन्नाव, फतेहपुर, सीतापुर, रायबरेली, मेरठ, हमीरपुर, इटावा, अम्बेडकरनगर, जालौन, शाहजहांपुर, अलीगढ़, मिर्ज़ापुर, गाजीपुर, पीलीभीत, फर्रुखाबाद, महोबा, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, सहारनपुर, बिजनौर, बुलन्दशहर, शामली व मैनपुरी में भी आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव एवं सदस्यों द्वारा मिशन-शक्ति फ़ेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, विभिन्न महिला गृहों एवं आगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की संबंधित जनपदों के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक कर पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

# अहिनवार धाम में मकर संक्रांति के खिचड़ी भोज कार्यक्रम और कंबल वितरण

**पूर्व विधायक अमरीश सिंह पुष्कर ने बांटे कम्बल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । बुधवार को सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज के अहिनवार धाम निगोहां में परम श्रद्धेय स्वामी लखनानन्द सरस्वती महाराज द्वारा आयोजित मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी भोज कार्यक्रम में शिरकत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने गरीब महिलाओं को कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रवण कुमार यादव, विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, नगर अध्यक्ष उमेश यादव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पाल, ओमकार लोधी, सुनील कुमार लोधी, आयोजक तारा यादव उर्फ शेरू, भोला लोधी, एस. बी. एन. इंटर कॉलेज के संस्थापक संतराम यादव, प्रबंधक अमरेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह, अशर्फी लाल धीमान, मनोज पासवान, जिला सचिव ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, लवकुश यादव, कमलेश यादव, हरीशंकर रावत, ऋतिक यादव समेत बड़ी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय प्रथम टूर्नामेंट का आगाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पूर्व खेल मंत्री अनुराग भदौरिया ने फीता काट कर किया क्रिकेट का उद्घाटन**

निगोहा, लखनऊ। बुधवार से निगोहा कस्बा स्थित एसएनटी मैदान में सात दिवसीय प्रथम निगोहा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हो गया । बुधवार को इसका उद्घाटन आईजीसी के चेयरमैन व पूर्व राज्य मंत्री (खेल विभाग) अनुराग भदौरिया ने किया । इस प्रथम टूर्नामेंट के आयोजक शैलेन्द्र सिंह 'दीपू '' द्वारा आयोजित किया गया , क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक शैलेन्द्र सिंह दीपू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाना है उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट प्रथम संस्करण है , जिसमें कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुराग भदौरिया ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारा बढ़ता है इसलिए खेल भावना से खेलना चाहिए खेल लोगों के जीवन में कई तरह का ऊर्जा का संचार करती है। वही टूर्नामेंट के पहले दिन सर्वप्रथम कल्ली ब्रदर्स बनाम उतरांवा के टीम के बीच मैच खेला गया , जिसमें कल्ली ब्रदर्स टीम ने बाजी मारी और और दूसरा मैच बाबू खेड़ा बनाम सिसेंडी के बीच खेला गया जिसमें बाबू खेड़ा टीम ने जीत हासिल की। इस मौके पर सपा नेता अमरपाल सिंह, अजय सिंह, निशु मिश्रा , दुर्गेश सिंह दीपू , अर्चना रावत , रवींद्र तिवारी उर्फ सोनू , विकास सिंह , पंकज मिश्रा , नवीन मिश्रा , सर्वेश बाजपेई उर्फ मिंटू , चंदन सिंह , टिंकू द्विवेदी , राजन गुप्ता, जतिन सिंह , राजा शंकर , दानिश खान , आतिफ अख्तर , अनोद रावत , जय सिंह जयंत समेत कई लोग शामिल हुए दर्शकों की बात करें तो उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसा टूर्नामेंट पहली बार हुआ है मैदान में हजारों की संख्या में दर्शन गण मौजूद रहे।

# ताराशक्ति रसोई समाजसेवा की मिसाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**19 महीनों से हर दिन 4000 जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन की सेवा**

सरोजनीनगर-लखनऊ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई ताराशक्ति रसोई योजना ने मानवता और सेवा का एक नया अध्याय लिखा है। यह योजना कमजोर आर्थिक वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए संजीवनी बन चुकी है। पिछले 19 महीनों से ताराशक्ति रसोई हर दिन 4000 से अधिक लोगों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही है। सरोजनीनगर में लोकबन्धु अस्पताल, विधायक कार्यालय (पराग चौराहा), और बरबिरवा चौराहा पर संचालित ताराशक्ति रसोई के माध्यम से सुबह और शाम हजारों जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन वितरित किया जाता है। 18 जुलाई 2023 से शुरू हुई यह रसोई सेवा आज देशभर में चर्चा का विषय बन चुकी है। यह योजना प्रगति प्रयास फाउंडेशन के सहयोग से संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और बेसहारा लोगों को भूखमरी से बचाते हुए उनके आत्मसम्मान को बनाए रखना है।

# जानकीपुरम क्षेत्र में अवैध खनन का मामला ज़ोरों पर, राहगीरों की आफत में जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ जानकीपुरम ।अवैध खनन पर सरकारी अंकुश लगाए नही लग रहा कारण साफ है कि सरकारी विभाग इसे रोकने मे नाकाम ही साबित हो रहे हैं लेकिन इसकी दिन रात हों रही सप्लाई आम लोगों पर भारी पड़ने लगी है बुद्धवार की सुबह जानकीपुरम नहर रोड पर मिट्टी से लदा ट्रेक्टर ट्रॉली अचानक पलट गया जिससे भारी ट्रेफिक के बीच लोगों की जान बची गनीमत ये रही कि वहां कोई बड़ा हादसा नही हुआ।जानकीपुरम नहर रोड पर अक्सर मिट्टी की सप्लाई देखी जाती है यहाँ दिन हो या रात हमेशा डम्पर और ट्रेक्टर ट्रॉली मिट्टी की अवैध सप्लाई करते नज़र आते रहते है जिससे आवागमन तो बाधित होता ही है लोगों की जान भी आफत मे रहती है और तो और गाड़ी मे नंबर प्लेट तक नही रहती जो साफ दर्शाता है कि दाल मे कुछ काला है लेकिन अफ़सोस हमारी ज़िम्मेदार पुलिस को इसकी भनक तक नही लगती अब ऐसे मे सवाल ये खड़ा होता है कि क्या ये सब उनके संरक्षण मे होता है या उनकी सुविधा के लिए कोई शुल्क भी लिया जा रहा है जो भी है इससे सरकारी मंशा ज़रूर धूमिल हों रही है।

## मायके जाने की बात को लेकर पति से कहा सुनी

काकोरी लखनऊ। काकोरी के बिगहु गांव में राजगीर मिस्त्री की पत्नी रीता गौतम (30) मकर संक्रांति में मायके जाने की बात को लेकर पति से कहा सुनी हो गई थी । इसी बात से नाराज होकर बुधवार सुबह दस बजे दो मंजिला मकान के ऊपर बने कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक राजगीर मिस्त्री विनोद मजदूरी करने चले गए सुबह रीता कमरे में जाकर पंखे के सहारे लटक कर फांसी लगाकर जान दे दी।वही दोनों बेटे विनय एवं राज घर के बाहर खेल रहे थे । सुबह 11 बजे बेटा विनय कमरे में माँ को खाना खाने के लिए बुलाने गए तो दरवाजा न खुलने पर खिड़की से देखा तो शव लटकता देख चीखने चिल्लाने लगा ,उसके बाद अन्य परिजन आये दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। चौकी इंचार्ज राज बहादुर सिंह ने बताया कि पति पत्नी के मामूली विवाद में नाराज पत्नी ने आत्महत्या कर जान देदी।परिवार में दो बेटे विनय और राज है।

## सुनिधि चौधरी प्रदेश विधि सलाहकार पद पर हुई मनोनीत, अधिवक्ता प्रकोष्ठ का भी हुआ गठन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाइकोर्ट के सब रजिस्टार महेंद्र भीष्म व विशिष्ट अतिथि आवकारी अधिकारी पी के गिरी रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने की। बैठक में सर्व सम्मति से सुनिधि चौधरी को प्रदेश विधि सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया। वहीं इस मौके पर अधिवक्ता प्रकोष्ठ का भी गठन भी किया गया, जिसमें शीघ्र से शीघ्र 51 अधिवक्ताओं की कार्यकारणी भी बनाई जाएगी। राजेश सोनी ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने मकर संक्रान्ति के अवसर पर 1100 भोजन पैकेटों का वितरण किया।

## दो चरण की काउंसलिंग में 3020 छात्रों को सीट आवंटित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के बीफार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण की काउंसलिंग के लिए च्वॉइस फिलिंग चल रही है। इसका सीट आवंटन 17 जनवरी को किया जाएगा। जबकि दो चरणों की काउंसलिंग में 3020 छात्रों को सीट आवंटित हो चुकी है। चार चरणों में होने वाली यह काउंसलिंग 24 जनवरी 2025 तक चलेगी। पहले चरण की काउंसलिंग तीन जनवरी से शुरू होगी। चैथे और अंतिम चरण की काउंसलिंग 20 जनवरी को सीट अलॉटमेंट से होगी।

## महाकुंभ के वयम कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे छात्र

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के करीब 5 सौ छात्र महाकुंभ में कुटुम्ब की ओर से आयोजित होने वाले वयम कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। छात्रों के नैतिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रवादी एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए यह कार्य आयोजित किया जा रहा है। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर छात्रों को वयम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकृत करने को कहा है।

## पत्नी को विदा कराने गया था ससुराल, पेड़ से लटकता मिला शव

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता गोसाईगंज क्षेत्र के गांव रसूलपुर टिकनियामऊ निवासी शफाकत हुसैन की बाग में लगे जामुन के पेड़ से 35 वर्षीय युवक की लाश लटकती हुई देखी गई।जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।मृतक काजीखेड़ा निवासी सुखमीलाल का पुत्र बताया गया। मृतक के भाई देशराज की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसके भाई सुखमीलाल की टिकनियां मऊ गांव में ससुराल थी। शिकायत पत्र के अनुसार मृतक की पत्नी ममता का उसकी के गांव के निवासी करन से अवैध संबंध हैं।इसी वजह से वह ससुराल जाने से कतराया करती थी।शिकायत पत्र के अनुसार मृतक पत्नी के लेने कई बार ससुराल जा चुका था।वह कल फिर 4 बजे अपनी पत्नी को बिदा कराने गया।वह रात में घर नहीं लौटा।सुबह ससुराल टिकनिया में ही उसकी लाश पेड़ से लटकती हुई पाई गई।इस मामले में मृतक के भाई की ओर से हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है।

## क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उ0प्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किये जा रहे खादी महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों को वृहद स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने हेतु 'क्रेता-विक्रेता सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों के प्रतिनिधियों के अलावा राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान, रायबरेली के सहायक प्रोफ़ेसर वेंकटेश सुब्रामण्यम, भार्गवी कुमार अय्यर, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ सांइटिस्ट महेश पाल, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फैशन डिजाइनर निदा महमूद, गांधीवादी एवं प्रमुख शिक्षाविद अर्चना मिश्रा अमेटी यूनिवर्सिटी एवं इंट्रीगल यूनिवर्सिटी के फैशन डिजाइनर के फैकेलिटी मेम्बर शिवांगी एवं अनुशा, सी-मैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 संजय कुमार एवं बड़ी संख्या में क्रेताओं ने हिस्सा लिया।

# सहकारिता राज्यमंत्री ने किया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ड्रोन तकनीक ने सहकारिता क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। तकनीक से देश ही नहीं उत्तर प्रदेश का भी विकास हो रहा है, जिसमें सहकारिता क्षेत्र भी कहीं छूटा नहीं है। ग्रामीण महिलाओं (ड्रोन दीदियों) को रोजगार तथा सक्षम बनाने के लिए प्रथम चरण में तीन बैच का एक साथ 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा ड्रोन पायलट प्रशिक्षण एवं कृषि के क्षेत्र में इसके प्रयोग पर अत्यधिक बल दिया जा रहा है तथा राज्य सरकार उनके सपने को साकार करने हेतु कटिबद्ध है। यह बातें उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने लखनऊ के आईसीसीएमआरटी में ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक न केवल कृषि क्षेत्र में उपयोगी है, बल्कि सहकारिता क्षेत्र में इसकी व्यापक संभावनाएं हैं। प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में शाहजहांपुर, गाजियाबाद, अमरोहा, जौनपुर जनपद से 60 ग्रामीण महिलाओं को निःशुल्क 15 दिवसीय महिला ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार की युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एमबीए पाठ्यक्रम के 50 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण भी किया गया। सहकारिता मंत्री ने आईसीसीएमआरटी में कक्षाओं, लैब, छात्रावास आदि के जीणीद्धार हेतु योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

# महापौर ने किया भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खरकवाल ने बुधवार को भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण शहर की जल एवं सीवेज व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की एक विशेष टीम महापौर के साथ उपस्थित रही। इस टीम में प्रमुख रूप से अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार, जलकल महाप्रबंधक श्री कुलदीप सिंह एवं जलकल अधिशासी अभियंता श्री विकास शामिल थे। साथ ही प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री राजेश मटपाल, सूएज इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अश्विनी डोगरा अपनी टीम के साथ तथा जलनिगम के अधिशासी अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर भी मौजूद रहे। महापौर ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की वर्तमान कार्यक्षमता, उपलब्ध संसाधनों और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।महापौर ने कहा कि शहर की बढ़ती जनसंख्या और विकास को देखते हुए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लांट में आने वाले सीवेज का उचित शोधन सुनिश्चित किया जाए और शोधित जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। टीम ने प्लांट में स्थापित विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया और उनके रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

# पिज्जा-बर्गर हमराह तो साथ चलने से कतराएगा दिल : अमित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर-खीरी। बच्चों के जरा से कष्ट पर माता-पिता कराह उठते हैं बच्चों की खुशियां ही उनका जीवन होती है बच्चों का उज्जवल भविष्य व सपना पूरा करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं लेकिन आज के बच्चे अपने खान-पान में लापरवाहियां बरत कर खुद तो दिल के मरीज बन ही रहे हैं, माता-पिता को भी दुखी कर रहे हैं ऐसा कहना है ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान डॉ. अमित बाजपेई का सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने भी इस पर चिंता जताई है कि ओपीडी में 20 साल से 35 साल के तक के युवा आ रहे हैं,खून की जांच करने पर हीमोग्लोबिन 15 से ऊपर जा रहा है, जो अत्यंत चिंता का विषय है उन्होंने बताया कि हीमोग्लोबिन बढ़ने का मतलब खून गाढ़ा हो रहा है यह हार्ट के लिए खतरे की घंटी है युवाओं के गलत खान पान और लाइफ स्टाइल को अपनी मन मर्जी से चलाना उनके लिए जानलेवा साबित हो रहा है मां-बाप जहां एक ओर अपने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते हैं वही युवा बच्चे अपनी लाइफ स्टाइल को बदल कर अपना ही जीवन खतरे में डाल रहे हैं, जिसका उदाहरण ह्रदय रोगियों की बढ़ती संख्या देखने से लग रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने युवाओं में बढ़ते हृदय रोग को लेकर चिंता जताई है और बताया कि 20 से 35 साल के युवाओं में हीमोग्लोबिन बढ़ने से कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी बढ़ रही है हीमोग्लोबिन की मात्रा युवाओं में 16 से 20 तक देखने को मिल रही है उन्होंने बताया कि जब ऐसे युवाओं के खून की जांच की जाती है तो उनमें हीमोग्लोबिन का बढ़ना,लिवर का खराब होना,खून का गाढ़ा होना पाया जाता है हालांकि यही हार्ट की समस्या के मुख्य कारण है युवाओं में हार्ट की समस्या की शुरुआत गलत खान-पान, तम्बाकू, बीड़ी सिगरेट का अत्यधिक सेवन से होती है, तेल में तली हुई चीजें खाना और लाइफ स्टाइल को बदलना उनके लिए घातक है उन्होंने बताया कि ग़लत खान-पान पर नियंत्रण कर लिया जाए तो इस बढ़ते हुए खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### बर्गर, पिज्जा-चाऊमिन बढ़ा सकते हैं परेशानी

स्पाइसी व स्ट्रीट फूड खाने की क्रेविंग हर किसी को होती है, पर डायबिटीज के मरीजों के लिए इनका सेवन खतरों से खाली नहीं है। बर्गर-पिज्जा जैसे जंक फूड में इस्तेमाल किये गए पदार्थ इन मरीजों के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं।

### दिल व आंख का खतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि यदि समय रहते डायबिटीज पर कंट्रोल नहीं किया जाए तो इसके परिणाम भी काफी घातक हो सकते हैं। डायबिटीज बढ़ने से किडनी पर खतरनाक असर पड़ता है। इसके अलावा हृदय पर भी प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा आंखों की रोशनी कम होना या फिर कई मामलों में तो आंखों की रोशनी पूरी तरह चली जाती है। शरीर का वजन कम होने लगता है।

# सीतापुर कोई चरागाह नहीं है किसी भी बाहरी का दखल बर्दास्त नहीं किया जायेगा : प्रभाकर सिंह चौहान

**❒ विकास हिंदू के समर्थन में आया सवर्ण स्वाभिमान संस्थान**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। विगत 2 दिन पहले अमिताभ ठाकुर सीतापुर में भ्रस्टाचार का मुद्दा उठाने के लिए सीतापुर आए और प्रेस कॉन्फ्रेंस की लेकिन हद तब हो गई।

जब उनके मंच को साझा करते हुए एक ऐसा व्यक्ति दिखा जो हमेशा हिंदू देवी देवताओं पर आपत्ति जनक टीका टिप्पणी कर के सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहता है ।

सीतापुर कोई प्रयोगशाला नहीं है राजनीत की जब जिसका मन हो मुंह उठा कर चला आए। सीतापुर की जमीन में आज भी ऐसे लोग है जो अकेले ही राजनीत बदलने की काबिलियत रखते है। जिस तरह से अमिताभ ठाकुर ने हिंदूवादी संगठन ( राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना )के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर आरोप लगाए जो हिंदुत्व का कार्य कर रही है राष्ट्रीय स्वर्ण स्वाभिमान संस्थान उसका कड़ा विरोध करता है।

सीतापुर का मसला सीतापुर के लोग आपस में हल कर लेंगे किसी बाहरी व्यक्ति की पंचायत की कोई जरूरत नहीं है। अमिताभ ठाकुर ने जिले के कप्तान पर जिस तरह की बात कही वो उनको शोभा नहीं देती क्योंकि वो खुद वरिष्ठ आई पी एस के पद पर रह चुके है ।

राष्ट्रीय सवर्ण स्वाभिमान संस्थान अमिताभ ठाकुर से जानना चाह रही की जब कभी वो सेवा में रहे तो क्या उनकी भी किसी व्यक्ति या संस्थान पर कृपा दृष्टि रही है कभी अमिताभ ठाकुर सिर्फ अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे है।और उनकी यही राजनीतिक महत्वकांक्षा उनसे सवर्ण विरोधी कार्य करा रही हैं ।

# मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय सीतापुर में मुख्यमंत्री के आदेशों का नहीं हो रहा पालन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर । मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में 30 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के आदेशानुसार एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ स्वीकृत किया गया था।

जिसका शासन से शासनादेश भी हो चुका है तथा कोषागार निदेशालय से स्वीकृत भी मिल कर कोषागार सीतापुर को मिल गई है।

कोषाधिकारी कार्यालय सीतापुर के पटल सहायक के पास समस्त स्वीकृति के पत्र माह दिसंबर 2024 को आ चुके हैं परंतु पटल सहायक की हिला हवाली के कारण एक माह से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद भी पेन्शनरो के खातों में एरिया की धनराशि का भुगतान में नहीं पहुंच सका है ।इस संबंध में अनिल कुमार त्रिवेदी माधुरी मिश्रा द्वारा बताया गया की पटल सहायक के पास दो-तीन बार मिलने के बावजूद भी पटल सहायक द्वारा कहा गया कि भुगतान खातों में पहुंच जाएगा।

परंतु अभी तक भुगतान खातों में नहीं पहुंचा है लगातार सेवा निवृत्त कर्मचारियों को चक्कर लगवा रहे हैं। कई उम्र दराज पेन्शनरो के जीवित प्रमाण पत्र फार्म जमा होने के बावजूद भी पेंशन खातों में नहीं पहुंच रही है।

उनके रिश्तेदार कोषागार के चक्कर लगा रहे हैं। परन्तु पटल सहायकों द्वारा निरंतर अनदेखी की जा रही है।

# मकर संक्रांति के अवसर पर राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरूजी द्वारा बांटे गए कम्बल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद सीतापुर। आज माँ दुर्गा देवी मंदिर मो. हतौरा खैराबाद में खिचड़ी भोज का आयोजन ( माँ दुर्गा देवी एवं वामन महोत्सव समिति ) द्वारा किया गया।

जिसमें खैराबाद नगर के काफ़ी संख्या में लोग एकट्ठे हुए इस मौके पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरूजी द्वारा गरीबो को कंबल बाँटे गए इस मौके पर नगरपालिका प्रतिनिधि श्री अभिषेक गुप्ता, इ ओ रमाशंकर गुप्ता, संतोष जयसवाल, कुलदीप जयसवाल, पंकज सैनी, प्रदीप जयसवाल, विजय जयसवाल रचित मिश्रा,लवी सैनी, कमलेश यादव,उमेश जयसवाल,विपिन यादव, जीतू सैनी, मनीष सैनी,शिवशंकर आदि लोग उपस्थिति रहे।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शुभारम्भ किया। यह खिचड़ी भोज प्रशासनिक अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर पूजन अर्चन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सभी के कल्याण की कामना भी की। जिलाधिकारी सहित उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित आम जनमानस को खिचड़ी का वितरण कर स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में बताया कि आपसी भाईचारा, सौहाद्र एवं समरसता के विकास में इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी की मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं भी दी।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों आलोक कुमार मिश्रा, राम अवध वर्मा, सौम्य स्वरूप श्रीवास्तव आदि द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## मकरसंक्रांति के अवसर पर लगा मेला

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मकरसंक्रांति के मौके पर बुधवार को चन्द्रौटा गांव के सुमहा सरोवर के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में 42वा मेले का आयोजन किया गया।जिसमे कुश्ती दंगल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इसके अलावा शिविर में 22लोगो ने रक्तदान किया। क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा ने दंगल के पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती सुरु कराई।इसके सुरु हुये कुश्ती में देवरिया के टाइगर ने गोरखपुर के टीमल आसमान दिखाया को कुशीनगर के निशा ने कुशीनगर के रागनी को कसया की रोशनी ने देवरिया के नन्दनी को पटखनी दी।बालिका कबड्डी में गोरखपुर की टीम ने कुशीनगर की टीम को हरा कर विजयी रही।जब कि क्रिकेट में कुशीनगर को पराजित कर फाजिलनगर बिजयी रही।

## जयहिंद क्रिकेट प्रतियोगिता आज से, तैयारियां पूरी

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा स्थित शनीचरी फील्ड में प्रतिवर्ष जयहिंद क्रिकेट क्लब बंगरा दुमही के तत्वावधान में आयोजित होने वाले पांचवें जयहिंद क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उद्घाटन मैच गुरुवार को सुनील इलेवन अमवा दुबे व आशु इलेवन तारविशुनपुर के बीच खेला जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजक अरविंद उर्फ भीम भारती ने बताया कि 10 दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 25 जनवरी को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग लेंगी, आठ लीग, चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमीफाइनल व एक फाइनल सहित कुल 15 मैच होंगे। आयोजन समिति के करन अंबाला, तारीफ अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, निजाम, इब्राहिम, आलोक आदि प्रतियोगिता को सफल बनाने में जुटे हैं।

## ब्राम्हण वेलफ़ेयर महासभा के जिलाध्यक्ष बने ओमप्रकाश मिश्र

**राजापाकड़,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्राह्मण वेलफ़ेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने कुशीनगर कार्यकारिणी की घोषणा किए। जिसमें ओमप्रकाश मिश्र पुत्र स्व मथुरा प्रसाद मिश्र ग्राम महुअवा बुजुर्ग कुशीनगर ( तुर्कपट्टी ) को कुशीनगर का जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। ओमप्रकाश मिश्र के जिलाध्यक्ष नामित होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर नरेंद्र मिश्रा, सुभाष मिश्र, सच्चिदानंद मिश्रा ,सचिन पति त्रिपाठी, कन्हैया, पाण्डेय,उमेश तिवारी ,अजय दुबे,विजय प्रताप पाण्डेय,वासुदेव शुक्ला,विवेक कुमार मिश्रा,डॉ पीयूष मिश्रा, विनोद मिश्रा,अमरेश पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, कृष्ण मोहन पाण्डेय शम्भु नाथ पाण्डेय, गौरी शंकर पाण्डेय, राजेश मिश्र, गिरीश निवास मिश्र, सहित अनेकों लोगों ने प्रसन्नता ज्ञापित किए।

# सच्ची मानव सेवा रोटरी क्लब के एकमात्र लक्ष्य : मण्डलाध्यक्ष परितोष बजाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पलियाकलां-खीरी। रोटरी क्लब पलिया के मंडलाध्यक्ष का आधिकारिक निरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के उपरांत मण्डलध्यक्ष परितोष बजाज, डीजीआरएच शैलेन्द्र सिंह, सहायक मंडल अध्यक्ष डी.एन.मालपानी,रोटरी क्लब पलिया अध्यक्ष गगन मिश्रा, नीरज गर्ग व अंकुर गोयल द्वारा संयुक्तरूप से भगवान गणपति के समक्ष धूप दीप एवं माल्यार्पण कर संपन्न हुआ। रोटरी क्लब के वार्षिकोत्सव एवं नवीन पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण समारोह के माध्यम से ''स्वयं से बढ़कर सेवा' की विचारधारा के महत्वपूर्ण दायित्व की बागडोर को शपथपूर्वक स्थान्तरित किये जाने के अवसर पर रोटरी क्लब पलिया के अध्यक्ष एड0 गगन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पावन अवसर पर बड़े आदर और सम्मान के साथ मैं रोटरी क्लब के संस्थापक और हमारे आदर्श स्व0 पॉल हैरिस जी को नमन करते हुये उनका वंदन एवं अभिनन्दन करता हूं, उन्होंने आज से 120 साल पहले सेवा और सद्भभावना का जो मार्ग प्रशस्त किया आज उसके अनुरूप कार्य करते हुये हम सभी रोटेरियन बंधू आत्म संतुष्टि व गर्व का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने क्लब द्वारा प्रस्तावित पचास सेवा कार्यक्रमों में से वर्तमान में संचालित बीस सेवा प्रकल्पों में मेला मैदान चौराहे पर अत्याधुनिक शौचालय निर्माण,रामचरण शाह मूर्ति नवीनीकरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया एवं सब्जी मण्डी के व्यस्ततम क्षेत्र में शीतल पेयजल संयन्त्र स्थापना,पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद वृक्षारोपण, शीतलहर के समय चाय एवं अलाव व्यवस्था, आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय में संचालित रोटरी सिलाई स्कूल प्रशिक्षण केंद्र,ज विभिन्न चिकित्सा सहायता शिविर एवं ब्लड डोनेशन कैम्प, नौनिहालों को शैक्षिक प्रोत्साहन हेतु पाठ्य पुस्तकों एवं लेखन सामग्री वितरण, जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में पुस्तकालय स्थापना, वस्त्र वितरण, निःशुल्क जलपान केंद्र जैसे महत्वपूर्ण जनसेवार्थ कार्यक्रम सफलता पूर्वक संचालित होकर रोटरी क्लब के उद्देश्यों को पूरा करते हुये हम सभी रोटेरियनस के परिश्रम व प्रयासों को मूर्त रूप प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने रोटेरियन साथियों के साथ मिलकर संगठन हित में अधिक से अधिक सेवा प्रकल्पों को सफलता पूर्वक संचालित करने का विश्वास दिलाया। सचिव नीरज गर्ग ने सभी अतिथियों व रोटेरियन सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये जनहित कार्यों में व्यापक सहभगिता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथिगणों को स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र भेंट किये गये।

## बहराइच ने फाइनल का खिलाफ जीता

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फुटबॉल एसोसिएशन कुशीनगर के तत्वावधान मे पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कॉलेज के खेल मैदान मे आयोजित स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को बहराइच और लखीमपुर खिरी (सिंघाई) के बीच फाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले मे बहराइच ने लखीमपुर खिरी को एक गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब पर कब्जा कर लिया। हाफ टाइम से पहने दोनो टीम एक-एक गोल करके बराबर पर थे मध्याह्न के बाद शुरू हुए खेल में लखीमपुर खिरी ने एक गोल कर बढत बनाया बढत बनाया। इसके बाद खेल समाप्ति से पूर्व बहराइच की टीम ने लगातार दो गोल कर तीन - दो की बढत बनाकर लखीमपुर खिरी को एक गोल से पराजित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशुनपुरा विकास खण्ड के प्रमुख विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव व मधुबनी के ब्लाक प्रमुख विजय सिंह चंदेल ने विजेता बहराइच एंव उपविजेता टीम लखीमपुर खिरी को ट्राई प्रदान किया। मुख्य अतिथि विशुनपुरा ब्लाक प्रमुख ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए हौसलाअफजाई की। कार्यक्रम के अंत मे स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजक एसएन शुक्ला ने विजेता उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी अतिथियों एंव सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मैच मे कमेटेटर की भूमिका मे वरिष्ठ फुटबॉल खिलाडी प्रदीप वर्मा व टीप रहे। इस अवसर जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष अजय लोहिया, संजय रावत, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

## संभल हिंसा के 450 उपद्रवियों की फोटो से तलाश जारी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे 450 आरोपित उपद्रवियों की फोटो से तलाश जारी है। इस हिंसा में पुलिस पर पथराव और फायरिंग एवं पुलिस अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। हिंसा में शामिल कुल 60 आरोपित उपद्रवी जेल भेजे गए हैं। इसमें चार महिलाएं भी हैं। वहीं नामजद 89 आरोपितों के खिलाफ जल्द गैरजमानती वारंट होगा। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को बताया कि वीडियो और फोटो के आधार पर 450 आरोपितों के चेहरे पहचाने गए हैं। उनकी पहचान के लिए टीमें जुटी हुई हैं, जिससे उनकी भी गिरफ्तारी की जा सके। विश्नोई ने बताया कि संभल हिंसा में पकड़े गए उपद्रवियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह पत्थरबाजी में शामिल थे। घटना के बाद वह अलग-अलग शहरों में जाकर छिपे थे। अब घर लौटे तो गिरफ्तार किया गया है। वहीं नामजद 89 आरोपितों की भी तलाश जारी है। वांछित चल रहे उपद्रवियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जल्द जारी होने वाला है। इसकी पुलिस प्रक्रिया पूरी कर रही है।

# पलक झपकते ही बाइक लेकर हो जाते थे रफू चक्कर, अब बाइक के साथ गिरोह के दो चोर हुए गिरफ्तार

**❒ पलक झपकते ही बाइक पर कर देते थे हाथ साफ, पुलिस के हत्थे चढ़े दो वाहन चोर**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। सदर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

उनके कब्जे से शहर से चोरी की गई दो बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि एलआरपी चौकी इंचार्ज पशुपति नाथ तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर छाउछ स्थित गैस प्लांट के पास से दीपक मौर्य निवासी गांव बाछेपारा थाना नीमगांव और साजन कुमार निवासी अल्लीपुर वनडिया थाना इमलिया जनपद सीतापुर हाल निवासी छाऊछ को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया।

पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक अन्य चोरी की बाइक बरामद की है।

शहर कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार दीपक मौर्य शातिर वाहन चोर है। उसके खिलाफ थाना नीमगांव, गोला, कोतवाली सदर में चार मामले दर्ज हैं।

# पुलिस महानिरीक्षक ने नगर कोतवाली का की औचक निरीक्षण,यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक ने थाना कोतवाली नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

आईजी द्वारा थानाजात अभिलेखों, कार्यालय व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर संबंधित को पूर्व में दिए गये निर्देशों के क्रम में अभिलेखों में एंट्री करने व थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी को नियमित जनसुनवाई कर शिकायत कर्ता की समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।तत्पश्चात आईजी अमित पाठक ने शहर की याता यात व्यवस्था का जायज़ा लिया गया व संबंधित को अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नियमित कार्यवाही व पैदल गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रोड़बेज बस स्टेण्ड व गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने सड़क पर चल रहा है प्राइवेट टैक्सी स्टैंड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। जिलें में नगर पालिका परिषद क्षेत्र में टैक्सी स्टैंड के लिए भूमि न होने के बावजूद अवैध तरीके से रोडवेज के पास गुरु नानक चौराहा ( गुरु नानक पुलिस चौकी ) के सामने सड़क पर वाहनों का जमावड़ा पर लगा रहता है। रोडवेज बस स्टैंड के एक किलोमीटर के दायरे में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए थे।मगर नगर कोतवाली क्षेत्र में इसका असर दिखाई नहीं दिया है। गुरु नानक पुलिस चौकी के पास अवैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण से नगर की तस्वीर ही बिगड़ गई है।स्थाई रोडवेज बस स्टॉप से लेकर हर चौराहों-तिराहों पर अवैध रूप से प्राइवेट बसों और टैक्सियों का मजमा लगता है।वाहन मालिकों के रसूख के आगे जिम्मेदार अधिकारी भी नतमस्तक हैं।उधर दुकान दारों ने पूरे फुटपाथ में दुकानें सजा रखी हैं। इससे लोगों को पूरे दिन जाम का सामना करना पड़ रहा है। गोण्डा नगर कोतवाली क्षेत्र में गोण्डा-लखनऊ मार्ग,गोण्डा- धाने पुर मार्ग, गोंडा बेलसर मार्ग, गोंडा बहराइच मार्ग पर अवैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।अवैध टैक्सी स्टैंड पर शिकंजा कसने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम हैं।नगर के मुख्य मर्गो पर प्राइवेट वाहनों का दिन भर जमावड़ा रहता है।इनमें प्राइवेट बसें, टैक्सी और टेंपो शामिल हैं।वही निजी वाहन मालिकों की दबंगई इस तरह होती है कि सड़क पर चलने वाली रोडवेज बसों के आगे वाहनों को लगाकर सवारियों को बैठाया जाता है।लोगों ने कई बार अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए आवाज उठाई,मगर शिकायतों को अनदेखा कर दिया गया।वहीं समाजसेवी ने बताया कि जाम की समस्या अब आम हो गई है।आए दिन जाम में फंसकर लोग समय के साथ धन को बर्बाद कर रहे हैं।डग्गामार वाहनों के संचालन के चलते नगर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।इसके बावजूद जिम्मे दारों की चुप्पी समझ से परे है।वही अवैध टैक्सी स्टैंड के खिलाफ लोग आवाज उठाते हैं,लेकिन राजनीतिक संरक्ष ण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई है वही अतिक्रमणकारियों ने फुटपाथ की तो बात छोड़िए सड़क तक कब्जा कर लिया है। गुरु नानक पुलिस चौकी से लेकर एलबीएस चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों ने सड़कों पर कब्जा कर रखा है सड़क की पटरी पर दुकानदार है और सड़क पर गैराज बनाकर रखा है।इतना ही नहीं मुख्य बाजार में भी गुरु नानक पुलिस चौकी से लेकर गुड्डू मल चौराहा होते हुए चौक बजार,वीर अब्दुल हमीद चौक पाण्डेय बाजार पुलिस चौकी तक दुका नदारों ठेले वालो ने सड़क तक सामान फैला रखा है।रही सही कसर ई-रिक्शा चालक पूरी कर देते हैं।बाजार के अंदर ई - रिक्शों की भरमार से लोग दिन भर जाम में पिसते हैं।वहीं रोडवेज बस स्टैंड के पास व गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने सड़क पर चल रहे प्राइवेट टैक्सी स्टैंड के बारे में सीओ सिटी से मोबाइल फोन पर जानने की कोशिश की गई तो उनके मोबाइल फोन की घंटी बज ती रही और उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं.: 433-Sig-JAT-1-24-25 समापन तिथि/समय:
दिनांक: 14.01.2025 06.02.2025, 15:00

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत वरिष्ठ डीएसटीई/जेएटी निविदा सूचना संख्या 433-Sig-JAT-1-24-25 समापन तिथि/समय 06.02.2025, 15:00 बजे के विरुद्ध https://www.ireps.gov.in पर ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल समापन तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान विधियों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है।

**एनआईटी हेडर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुबंध प्रकार | कार्य | | |
| कार्य का नाम | (i) जम्मू संभाग के श्री माता वैष्णो देवी कटरा और चकरवाहल (सिंगल लाइन) के बीच आईबीएस के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य। | | |
| निविदा समापन तिथि समय | 06.02.2025 15:00 | निविदा अपलोड करने की तिथि समय | 14.01.2025 20:17 |
| विज्ञापित मूल्य (रु.) | (i) 1,00,69,436.86 | आईआरईपीएस के अनुसार बोली शुरू करने की तिथि | 23.01.2025 |
| ब्याना राशि (रु.) | (i) 2,00,400.00 | पूरा होने की अवधि | (i) 6 महीने |

166/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर जल निगम सहित अतिक्रमण और अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक राजेश एस एवं अपर नगर आयुक्त एसके सिंह के साथ नगर क्षेत्र में लाल इमली चौराहा से पीली मस्जिद तथा घंटाघर से बहादुरगंज मशीनरी मार्केट होते हुए सदर बाजार पुरानी सब्जी मंडी तक तथा बहादुरगंज चौराहे से सदर बाजार तक भ्रमण कर शांति एवं कानूनी व्यवस्था, सड़कों पर अतिक्रमण तथा जल जीवन मिशन अन्तर्गत किये गये कार्यों का निरीक्षण किया। जल जीवन मिशन शहरी द्वारा पाइप डालने के बाद सड़को के रेस्टोरेशन कार्य के निरीक्षण में टूटी सड़के तथा पाइप लाइन में लीकेज होने पर अधिशासी अभियंता जल निगम को रेस्टोरेशन कार्य सही करने तथा जहां जहां पेजल पाइप लाइन डाली गयी है उन सभी जगह पैदल भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाउस कनेक्शन के संबंध में भी जानकारी ली। दुकानदार द्वारा सड़कों पर आगे बढ़कर दुकान रखने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कोई भी सड़कों पर अतिक्रमण नहीं करेगा। जिलाधिकारी ने लोगों से पानी सप्लाई के संबंध में जानकारी ली। मौजूद लोगो ने बताया कि नियमित पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है। उन्होंने परियोजना जीएम को बुलाकर नियमित पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किया गया कार्य सही न करने पर जीएम के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने सीवर लाइन का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने खराब स्ट्रीट लाइटों को सही करने हेतु अपर नगर आयुक्त को किया। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अस्थाई दुकानदारों के साथ बैठक कर बुधबाजार में लगनी वाली दुकानों को सदर बाजार सब्जी मंडी में स्थनान्तरण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अगलीवार बुधबाजार पुरानी सब्जी मंडी की फील्ड में ही लगाई जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# न हो किसी के साथ अन्याय, समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : योगी आदित्यनाथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था।

यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कई गोवंश खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

# पुलिस ने मोबाइल चोर गैंग का किया खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



इटावा। इटावा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो डिजिटल लॉक तोड़कर कंटेनरों से मोबाइल फोन चोरी करता था। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से बड़ी मात्रा में चोरी के मोबाइल फोन, नकदी और वारदात में इस्तेमाल किए गए उपकरण बरामद किए हैं। क्या था मामला 10 जनवरी, 2025 को एक शिकायत मिली थी कि एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कंटेनर से लाखों रुपये के मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद कुछ संदिग्धों की पहचान की। पुलिस की कार्रवाई पुलिस ने 15 जनवरी को एक विशेष अभियान चलाया और छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों के पास से 202 मोबाइल फोन, एक ब्रेजा कार, 10 लाख 50 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल किए गए उपकरण बरामद हुए। आरोपियों का तरीका पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पहले से ही ठीक से योजना बनाकर वारदात को अंजाम देता था। वे हाईवे पर चलते कंटेनरों को निशाना बनाते थे और डिजिटल लॉक को तोड़कर मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। पुलिस का दावा पुलिस का दावा है कि इस गिरोह ने कई जगहों पर इस तरह की वारदातें की हैं। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। अधिकारियों के निर्देश इटावा के अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर और पुलिस हानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई क्यों महत्वपूर्ण है यह कार्रवाई इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है जो लंबे समय से मोबाइल फोन चोरी का धंधा कर रहा था। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। आगे की कार्रवाई पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

## नगला तौर में स्वधा हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क मेडिकल कैम्प

**इटावा/जसवंतनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मल्टी स्पेशलिटी स्वधा हॉस्पिटल द्वारा नगला तौर में एक निशुल्क मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें चौ. सुघर सिंह पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा कैंप में आए हुए मरीजों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मरीजों को बीमारियों से बचाव, साफ सफाई के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने विशेष रूप से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियो,बच्चो और बुर्जगों को ख्रख्रघ्र वायरस से बचाव एवं साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। कैम्प में शुगर,बी पी की निशुल्क जांच के साथ आए हुए मरीजों को हॉस्पिटल के स्त्री रोग,हड्डी रोग,मूत्र रोग,बाल रोग विशेषज्ञों,जनरल सर्जन तथा आंतरिक चिकित्सक द्वारा परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श दिया गया।बड़ी संख्या में ग्रामीणो और आसपास के क्षेत्रवासियों द्वारा फ्री मेडीकल कैम्प लाभ लिया गया।

# महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जेल में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिला बैरक का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उनके द्वारा यह जानने की अपेक्षा की गई कि महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों कैसे रखा जाता है एवं उन्हें क्या-क्या सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं तथा उनके कौशल विकास और भविष्य निर्माण के लिए उन्हें क्या-क्या सिखाया जाता है। सदस्य को बताया गया की महिला बैंक में सभी महिला बंदियों को पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जाता है उनके स्वास्थ्य को लेकर के बहुत सतर्कता बरती जाती है और नियमित रूप से डॉक्टर का और विशेष रूप से महिला डॉक्टर का विजिट कराया जाता है। उनके पहनने आदि के लिए सभी सामान उपलब्ध कराए जाते हैं जो महिला बंदी गरीबी के कारण या अन्य कारणों से अपने घर से सामान नहीं मांगा पाती हैं उन्हें स्वयं सेवी संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों के सहयोग से सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाती है जिसमें साड़ी, सूट, जूते चप्पल अंडर गारमेंट्स ,स्वेटर, जैकेट, शाल ,हाइजीन किट एवं कॉस्मेटिक किट तथा सैनिटेशन नैपकिन आदि शामिल है। उनके आत्मनिर्भरता हेतु कौशल विकास विकसित करने के लिए उन्हें जरी-जरदोजी, सिलाई -कढ़ाई, आसन बनाना, धूप बत्ती बनाना, कलात्मक गमले तैयार करना, पेंटिंग का काम आज सिखाया जाता है। महिला बंदियों शिक्षा एवं बच्चों की शिक्षा हेतु बेसिक शिक्षा विभाग की दो महिला सहायक शिक्षकों को नियुक्त कराया गया है जो की बच्चों की शिक्षा एवं महिला बंधिया की शिक्षा का कार्य करती है साथ ही साथ महिला बंदियों को योग आदि भी कराती हैं। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों से यहां मिलने वाली सुविधाओं एवं परेशानियों के बारे में पूछा उस पर सभी महिलाबंदियों ने अवगत कराया कि जेल अधीक्षक श्री मिजाजी लाल एवं अन्य जेल स्टाफ हमें पूरा सहयोग करते हैं और हमें सभी सुविधाएं मुहैय्या करते हैं यहां हमें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। विशेष रूप से जब कोई महिला नई-नई जेल में आती है तो वह जेल में आने एवं अपने परिवार की बच्चों की परेशानियों के कारण बहुत तनाव और अवसाद में चली जाती है ऐसे मौके पर जेल अधीक्षक एवं अन्य स्टाफ हमें बहुत समझाते बुझाते हैं हमारा बहुत ध्यान रखते हैं और हमें उसे तनाव और अवसाद से अच्छे व्यवहार से बाहर ले आते है।

## बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोलः प्रशासन का सख्त निर्देश

**शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) संजय पांडे ने पेट्रोल पंप स्वामियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए हैं कि बिना हेलमेट पहने किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल न दिया जाए। यह कदम सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। एडीएम ने कहा कि सभी पेट्रोल पंप स्वामी अपने पंप पर नो हेल्मेट नो फ्यूल का बैनर लगाए और आम नागरिकों को जागरूक करें।इस दौरान एआरटीओ प्रशासन शांति भूषण पांडेय भी मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद् ने किया बृहद् खिचड़ी भोज का आयोजन



**इटावा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा इटावा ने मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष्य पर श्री हनुमान मंदिर (डाकघर के सामने) के पास प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक खिचड़ी भोज का आयोजन किया जिसमें भक्तों और राहगीरों ने बड़ी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी के साथ रेवड़ियां, मुरमुरे, बिस्किट, तिल से बने लड्डू और चाय भी वितरित की गई। परिषद् की ओर से हर वर्ष यह आयोजन बृहद् रुप से आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर संजय मिश्रा प्रान्तीय महासचिव पांचाल प्रान्त, जगदीश प्रसाद पाण्डेय संरक्षक, इन्द्र नारायण पाण्डेय शाखा अध्यक्ष, राजीव लोचन दीक्षित सचिव, राज शेखर तिवारी कोषाध्यक्ष, निखिल चौधरी संगठन सचिव, ओम नारायण शुक्ला व्यवस्थापक, श्रीमती शालिनी पाठक धर्मपत्नी श्री शैलेष कुमार पाठक एडवोकेट आयोजक, आशा राम मिश्रा, बी. के. सिंह, आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, एस. एन. चौधरी, बृजेश मिश्रा सचिव बाबा अमरनाथ समिति, अतुल आक्रोश दुबे एडवोकेट, सतीश चन्द्र महेरे एडवोकेट डा. प्रेम शंकर शुक्ला, अनूप कुमार वर्मा एडवोकेट , अतुल भार्गव, अत्रि दीक्षित, हरी शंकर त्रिपाठी, राजीव अवस्थी, लालजी प्रसाद दुबे, सौरभ सक्सेना, वेद प्रकाश गुप्ता, विवेक रंजन गुप्ता, मुलायम सिंह यादव, विमल कुमार गुप्ता, राज कुमार अग्निहोत्री, अमित तिवारी, श्रीमती इन्दु कुलश्रेष्ठ, विमलेश शर्मा, निशा गुप्ता, पूनम तिवारी, अर्चना मिश्रा, शैलजा तिवारी, प्रीति सक्सेना, लक्ष्मी शुक्ला, शुभदा शुक्ला आदि ने उपस्थित रहकर लगभग 1500 लोगों को खिचड़ी भोज कराया।

## हॉस्पिटल में मौत नहीं हुई फिर भी अस्पताल और संचालक को बदनाम करने की रची जा रही साजिश

**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिछले दिनों से सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हो रही है जिसमें मरीज के तीमारदार द्वारा शिव हॉस्पिटल पर बेहद गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इस बाबत में जब अस्पताल संचालक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के बहकावे में आकर मरीज के परिजन पेमन पुत्र हंसराम गौतम निवासी ग्राम नेमपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी द्वारा गोला स्थिति शिव हॉस्पिटल निकट बैक आफ बड़ौदा नया पता बाईपास लखीमपुर रोड गोला पर गम्भीर एवं मनगढ़ंत आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पेमन गौतम द्वारा आरोप लगाया गया कि उनके मरीज की मौत आपरेशन के कारण हुई है जबकि सबसे पहले कथित तौर पर कहे जाने वाले पीड़ित ये बताए कि प्रार्थी का ऑपरेशन कहां एवं कब हुआ तथा मृत्यु कब हुई है वह मृत्यु के कारण यह साक्ष्य प्रस्तुत करें तथा शिव हॉस्पिटल पर यह आरोप लगाए कि एक रजिस्ट्रेशन नंबर पर दो शिव हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं जबकि यह कथन पूर्णतया रूप से असत्य व निराधार है। गोला स्थित शिव हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन नंबर तथा लखीमपुर स्थित शिव हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन नंबर अलग-अलग हैं वही आरोप लगाया कि गोला शिव हॉस्पिटल के स्वामी अमित पाण्डेय है व जिला अस्पताल में संविदा पर नर्सिंग अधिकारी पद पर तैनात हैं तथा गोला शिव हॉस्पिटल में ऑपरेशन भूतपूर्व सर्जन जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी डॉक्टर अजय कुमार अग्रवाल करते हैं वही आरोप लगाया है कि शिव हॉस्पिटल में सर्जरी अमित पांडे स्वयं करते हैं यह पूर्ण रूप से असत्य व निराधार है। अमित पांडे का सर्जरी से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। कथित तौर से पीड़ित ने आरोप लगाया कि लाखों रुपया ठगे गए हैं यदि यह सत्य है तो साबित करें। यह सब आरोप प्रत्यारोप कुछ विरोधी व आसामाजिक लोग शिव हॉस्पिटल एवं अमित पांडे को बदनाम एवं छवि धूमिल करने का कुचक्र रच रहे हैं ।

## भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत आचार्य ने बताया प्रभु नाम स्मरण का महत्व

**रूरा (कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रूरा क्षेत्र के ग्राम चिलौली में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत आचार्य पंडित अरुणेश शुक्ला जी के मुखारविंद से भगवान की भक्ति नवधा भक्ति के बारे में जानकारी देते हुए प्रभु नाम स्मरण का महत्व बताया उन्होंने कहा कि प्रभु का नाम किसी भी प्रकार से लिया जाए भगवान भक्त की पुकार को सुनकर तुरंत दौड़े चले आते हैं भक्त के कष्ट एवं संकट हरने के लिए प्रभु का सच्चे मन से स्मरण ही पर्याप्त है वहीं रात्रि कालीन बेला में रामायणी पंडित अमरदीप अवस्थी द्वारा राम कथा व विजय शंकर कौशल मुन्ना भैया के मुखारविंद से महाभारत की कथा सुनाई गई इस मौके पर गांव के श्री ओम तिवारी ,हरि शरण तिवारी ,पुनीत दीक्षित ,गोविंद दीक्षित ,कन्हैया तिवारी ,उद्धव शुक्ला ,प्रवीण दीक्षित ,प्रशांत दीक्षित ,रजत दिक्षित ,प्रीतू दीक्षित ,राजेश दीक्षित मनीष दीक्षित सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे ।

# अमर बलिदानी ठा. रोशन सिंह का जन्मोत्सव मनाए जाने हेतु बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में अमर बलिदानी ठा. रोशन सिंह का जन्मोत्सव मनाये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट कक्ष में बैठक आयोजित की गई। अमर बलिदानी ठा. रोशन सिंह जन्मोत्सव उनके पैतृक गांव नवादा दरोबस्त में 19 से 22 जनवरी तक मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग बढ़ चढ़ कर जन्मोत्सव में भागीदारी करें। जन्मोत्सव में 19 जनवरी को प्रथम दिवस कलश यात्रा, यज्ञ, खेल प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिविर, कृषि मेला, कृषक महाकुंभ, 20 जनवरी द्वितीय दिवस नेत्र परीक्षण शिविर, रोजगार मेला, युवा महाकुंभ, 21 जनवरी को तृतीय दिवस, रंगोली प्रतियोगिता, वृहत स्वास्थ्य शिविर, स्वयं सहायता समूह (उत्पाद प्रदर्शनी), मातृशक्ति महाकुंभ, 22 जनवरी चतुर्थ दिवस, रिले दौड़, अमर बलिदानी ठा. रोशन सिंह माल्यार्पण कार्यक्रम, कामधेनु प्रतियोगिता (गौ पालक) ग्रामोत्सव एवं जनसभा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया से खेल प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी ली। कृषि मेला के संबंध में कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह ने जानकारी दी। जिलाधिकारी ने ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव, नैनो डीएपी के बारे में किसानों को जानकारी देने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंको के स्टॉल लगाए जाए कृषि संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाए। गन्ना विभाग तथा उद्यान विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाए जाए, स्वास्थ विभाग द्वारा आयुष्मान तथा मेडिकल कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हेल्थ एटीएम लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने जीएम डीआईसी को निर्देश दिए कि स्टॉल लगाकर रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी जाए।

सेवायोजन अधिकारी को भी स्टॉल लगाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने मातृ शक्ति महा कुंभ, रिले दौड़ आदि कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश। पशुपालन विभाग की स्टॉल एवं टीम लगाने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गौतम एवं जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यक्रम आयोजन के व्यवस्था प्रमुख मौजूद रहे।

# सादगी और न्याय की प्रतिमूर्ति थे सपा नेता स्वर्गीय राजपाल सिंह यादव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

इटावा/जसवंतनगर। सपा संस्थापक श्रदेय नेताजी के अनुज और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा स्वर्गीय राजपाल सिंह यादव के निधन पर सपा नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता की मौजूदगी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आए पार्टी कार्यकर्ताओं स्थानीय नेताओं और नागरिकों ने स्वर्गीय के चित्र के समक्ष आत्मा की शांति और सदगति के लिए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय राजपाल यादव जी श्रदेय नेताजी के अनुज होते हुए भी उनका जीवन सादगी पूर्ण और न्याय प्रिय रहा। उनके यहां से फरियाद लेकर पहुंचा कोई दीन दुखी शोषित वंचित कभी मायूस होकर नहीं लौटा।सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद किया जाएगा।अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।श्रद्धांजलि सभा में सांसद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद शमीम, महासचिव राशिद सकार्याल, कार्यालय प्रभारी नरेंद्र यादव,हाजी मोहम्मद सुनील यादव, सुभाष गुप्ता,रामकुमार यादव,हनुमंत करूं प्रधान,आलोक गांगलस सभासद सुधीर यादव,कमल प्रकाश,बिल्लू यादव,बंटू गुप्ता,गोपाल गुप्ता ऋषिकांत चतुर्वेदी,कृष्णा यादव सत्यवती यादव,लड्डन खान आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध खनन पर डीएम की बड़ी कार्रवाई



- शाहजहांपुर में सीज की जेसीबी-5 डंपर, लेखपाल सस्पेंड, SDM-खनन अधिकारी से जवाब तलब
- अवैध खनन को खनन अधिकारी द्वारा किया जाता अनदेखा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। में अवैध खनन के खिलाफ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। सदर के मुर्छा गांव में सरकारी जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम को मौके पर अवैध मिट्टी खनन होते हुए मिला।

जांच में पाया गया कि आरसीएल कंपनी बिना अनुमति के खनन कर रही थी। डीएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कंपनी की एक जेसीबी और पांच डंपर को सीज कर दिया। मामले में लापरवाही बरतने के लिए स्थानीय लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एसडीएम पुवायां और जिला खनन अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। मंगलवार को डीएम ने पहले सदर तहसील के टिकरी गांव का दौरा किया और फिर मुर्छा गांव पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने खनन से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो कंपनी के पास कोई वैध अनुमति नहीं मिली। इसी दौरे में डीएम ने पुवायां-निगोही मार्ग पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता जांचने के लिए एसडीएम पुवायां, लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों की एक टीम गठित की है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन

- सांस्कृतिक और खेल उत्सव प्रतिभाओं का संगम- कुलपति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सैफई (इटावा)। आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट्स इवेंट एग्जॉड्रियम-2024 के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुई। मुख्य कार्यक्रमों की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) पी0के0 जैन ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा0 रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष चिकित्सा डा0 आदेश कुमार, कुलसचिव डा0 चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा0 एस0पी0 सिंह, एग्जॉड्रियम-2024 के आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा0 नरेश पाल सिंह, चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा0 कीर्ति जायसवाल, सदस्य डा0 अनामिका सिंह, डा0 सोनिया विश्वकर्मा, डा0 राजमंगल, डा0 निशा यादव, डा0 प्रवेश कुमार, डा0 सिद्धार्थ कुमार, डा0 सुगन्धी शर्मा, डा0 अजय गुप्ता, डा0 अमिता सिंह तथा स्टूडेन्ट्स कल्चरल कमिटी से जनरल सेक्रेटरी ध्रुव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में फैकेल्टी एवं मेडिकल स्टूडेन्ट्स ने एकल तथा सामूहिक प्रस्तुतियॉ दी। फैकेल्टी वर्ग से डा0 हिमांशु यादव, डा0 रविरंजन, डा0 नूपूर मित्तल, डा0 स्वाती, डा0 मधु ठाकुर, डा0 प्रियंका, डा0 स्वल्पा वर्मा, डा0 सोनिया विश्वकर्मा, डा0 विश्वनाथ यादव, डा0 चन्द्रवीर सिंह, डा0 नरेश पाल सिंह तथा स्टूडेन्ट्स वर्ग की तरफ से डा0 संस्कृति तथा उनके बैण्ड ने, मेडिकल स्टूडेन्ट प्रणय तिवारी, 2023 बैच के स्वर्णिका सिंह तथा उनके ग्रुप ने चाइनिज डॉस प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) पी0के0 जैन ने कहा कि एग्जॉड्रियम-2024 पूरे एक सप्ताह तक चलने वाला एक उत्सव है। पूरे सप्ताह चलने वाला यह सांस्कृतिक और खेल उत्सव प्रतिभाओं का संगम है, जो छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल का प्रदर्शन करने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और जीवन के विविध सार का जश्न मनाने के लिए एक सकारात्मक मंच प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो0 (डा0) रमाकान्त यादव ने कहा कि शिक्षा के अलावा अन्य सांस्कृतिक तथा खेल गतिविधियॉ किसी भी स्टूडेन्ट्स के समग्र व्यक्तित्व विकास में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। संकायाध्यक्ष चिकित्सा डा0 आदेश कुमार एवं चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा0 कीर्ति जायसवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा अपने स्टूडेन्ट्स को ज्यादा सीखने के लिए प्रोत्साहित करता है। चाहें वह खेल हो शिक्षा हो या सांस्कृतिक गतिविधि हो। एग्जॉड्रियम-2024 में प्रत्येक दिन सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला है। सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से स्टूडेन्ट्स में आत्मविश्वास विकसित होता है तथा उनके अन्दर आयोजन, प्रबन्धन एवं समस्या समाधान का कौशल भी विकसित होता है।

# मोबिन की संदिग्ध मौत, पुलिस पर उठ रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालो नी निवासी मोबीन खान 17 वर्षीय संदिग्ध परिस्थिति यों में हुई मौत के मामले में परिवारीजन उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे है।

वह नगर पलिस की कार्यशैली पर भी पर सवाल उठा रहे है।जबकि पलिस मौत के कारणों से किसी भी तरह की जानकारी से इन कार किया है।बताया जाता है कि मोबीन ई रिक्शा च लाता था।रोजाना वह शाम को घर आ जाता था, लेकि न लेकिन घटना वाले दिन वह अपने घर घायल अव स्था में पहुंचा घर वालों ने उसे गोण्डा मेडिकल कालेज ले गए थे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरो हालत गंभीर देखकर लखनऊ रेफर कर दिया था वही परिवार वालो ने ट्रामा सेण्टर लखनऊ में भर्ती कराया,जहां इलाज के दौरान दूसरे दिन उसकी मौत हो गई थी।उसका शव लखनऊ से गोण्डा घर लाया गया तो घर में कोहराम मच गया।मोबीन की मां व भाई का आरोप है कि चोरी के आरोप में पुलिस ने मोबीन और उसके दो साथियों को जेल भेजा था।कुछ दिन बाद उन्हें जमानत मिल गई थी।उसके कुछ दिन बाद वह गंभीर रूप से घायल मिला।वह मोबिन कैसे गंभीर रूप से घायल हुआ,इस बात की किसी को सही जानकारी नहीं है।




❐ अवध केसरी सेना ने परिजनों से की मुलाकात..

11 जनवरी को आवास विकास कालोनी गोण्डा निवासी 17 वर्षीय मोबीन खान की मौत पर अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर नीरज सिंह व अवध केसरी सेना के पदाधिकारी ने मृतक के घर पहुंच करके परिवार को न्याय दिलाने व हर तरह से मदद करने का आसान दिया है।

लेकिन उस के गले,चेहरे व सिर आदि में चोट के निशान उसके सा थ हुई बर्बरता की कहानी बयां कर रही है।

वहीं पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया है।उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया है व हीं इस घटना के बारे में नगर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौ लिया पुलिस चौकी प्रभारी रजनीश दिवेदी ने बताया कि पलिस ने कछ दिन पहले उसे एक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था,उसके घायल होने आदि के बारे में जानकारी नहीं है।

वही इस घटना की जानकारी नगर कोतवाल संतोष मिश्रा से ली गई तो उन्होंने ने बताया कि यह लड़का नशे का बहुत बड़ा आदी था और इस लडके से इसके परिवार वाले भी इससे परे शान थे और इस लडके कि माँ भी बता रही थी कि साहब


मृतक की फाइल फोटो

खिड़की और फाटक तोड़ कर रात-रात में भाग जाता था और अभी कुछ दिन पहले चोरी में जेल भी गया था दो जनवरी को छुट कर जेल से आया था और रात में किसी भी ट्रेन में या किसी के घर में सामान चो री कर लेता था हमें लग रहा है।

दो दिन पहले कही गया होगा हमको लग रहा है कही बिजली का तार पकड़ लिया हमको लग रहा है और उसके हाथ में गड्डा जैसे नहीं पड़ जाता है।

जैसे कि तार पकड़ लेते है जिसमे जो जल जाता है तो उसकी बाड़ी जल गईं और वह फिर पैदल घर आया है उसकी भी वीडियो फुटेज है और वह रात में घर आया है करीब दो बजे जिसकी भी फुटेज है और उसकी आई वही ले जाकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराई है।फिर वहाँ से रिफर हो गया लखनऊ फिर वहाँ से हमको डॉक्टर ने सूचना दिया कि एक लड़का है जैसे कि हाथ में बिजली उज ली से जल कर आया है।

तो सूचना आई थाने पर तो हमने दरोगा जी को भेजा तो बाकायदा उसका बयान लिया और कहां चलो ज्यादा बिजली से जला होगा तो इसका मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी नोट करवाया गया है।

### पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप

नगर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुरी आवास विकास कॉलोनी के रहने वाला मोबीन चोरी के मामले में जेल जा चुका था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर था।दो दिन पहले वह संदिग्ध हालत में घायल होकर घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे पहले मेडिकल कालेज और फिर लखनऊ ले जाकर भर्ती कराया।इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि पांच दिन पहले नगर कोतवाली पुलिस उसे पकड़कर ले गई थी।थाने में उसे प्रताड़ित किया गया।जब उसकी हाल त गंभीर हो गई तो रात में उसे छोड़ दिया गया। आधी रात को घर वह पहुंचा तब वह गंभीर रूप से चोटिल व जला हुआ था।

## सपा लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने डिंपल यादव का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। सदर विधानसभा बहराइच के ग्राम पंचायत अमीनपुर नगरौर में समाजवादी लोहिया वाहिनी के नेतृत्व में मैनपुरी सांसद व समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता डिंपल यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में केक काटा गया और ज़रूरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किए गए। जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने अपने संबोधन में कहा, ल्लडिंपल यादव जी का योगदान समाज और राजनीति के क्षेत्र में अतुलनीय है, और आधी आबादी को हमेसा अग्रर्णी भूमिका में देखना उनका लक्ष्य रहा है उनका जन्मदिन हमें समाजवादी विचारधारा के प्रति और अधिक प्रतिबद्ध होने की प्रेरणा देता है।ङ्क इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू (मौर्य राजवंश) ने कहा, ल्लडिंपल यादव जी समाजवादी पार्टी की प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी सोच और नेतृत्व ने महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। आज उनका जन्मदिन मनाकर हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।ङ्क कार्यक्रम में



विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी रितेश यादव सावन, ब्लॉक अध्यक्ष चितौरा शैलेन्द्र यादव, पारस नाथ यादव एडवोकेट, दिनेश यादव और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता व ग्रामीण जन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिसमे कबूत्री देवी, धनी राम, पन्ने लाल, पुष्पा गौतम, धनदैयी, करण गौतम, मोलहे गौतम, राजपता गौतम, कोमल राव, सूरज गौतम, बिहारी कोरी, सुंदर पता, शिव कुमार राव, राम विलास यादव, अनिल कोहली, आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिंपल यादव के विचारों और समाजवादी पार्टी की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को जन-जन तक पहुँचाना था। उपस्थित सभी नेताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने और जनकल्याण के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति ने असहाय लोगों को बांटे कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। शिक्षा के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी अति आवश्यक है यह विचार श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा की प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने आर्थिक रूप से वंचित मझवा जानकी नगर के ग्रामीणों को भीषण ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित करते समय व्यक्त किए । इस अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव उमेश शाह ने कहा महाविद्यालय परिवार सदैव उच्च शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु सदैव तत्पर है ।प्राचार्य प्रो रविन्द्र कुमार ने कहा कि युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जहाँ महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजित कर रहा है वही सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रहा है ।ज्ञातव्य हो कि आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के चयनित ग्राम मझवा जानकी नगर गोंडा महाविद्यालय द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था।इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्रीय सेवा



योजना के जिला नोडल अधिकारी प्रो.जितेंद्र सिंह बताया कि ग्राम मझवा जानकीनगर का सर्वे पूर्व में ही किया गया था व इस गांव के समस्त परिवारों को भीषण ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित करने का निर्णय लिया गया था इसी क्रम में आज मझवा जानकी नगर के संपूर्ण 72 परिवारों को कंबल वितरित किए गए।कंबल पाकर इन परिवारों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली जो की अनमोल है । इस अवसर पर गांव के प्रत्येक बच्चे को बिस्किट ,टॉफी भी दी गई ।कार्यक्रम में जानकी नगर प्रधान रामानंद व पूर्व प्रधान शिव बहादुर पांडे की गरिमामई उपस्थिति रही।सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो.राजबहादुर सिंह बघेल व क्रीड़ा सचिव डॉ मनोज मिश्रा की देख रेख में सम्पन्न ।

## ठंड से बचाव के लिए निशक्त ग्रामीणों को दिए कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रूपईडीहा स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर) में प्रधान, शिक्षक व अन्य राष्ट्रवादी संघटनो के संयुक्त तत्वावधान में नशा उन्मूलन, पर्यावरण चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चौपाल में उपस्थित लोगों को नशा उन्मूलन का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया तथा सैकड़ो अशक्त निर्धन लोगो को कंबल भी वितरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रुप से शिक्षक, समाजसेवी, अधिवक्ता, प्रगतिशील किसान, पर्यवारणविद व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में आयोजित नशा उन्मूलन चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक राम निवास वर्मा ने कहा कि नशा समाज के लिए घातक है इस पर पूर्णविराम लगाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओ को सामुहिक रूप से मिलकर जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए। आवाहन करते हुए नेता सदन विधान सभा (अपना दल) ने कहा



कि हर व्यक्ति को अपने जीवनकाल मे वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए तभी पर्यावरण संरक्षित रह सकेगा। आयोजक मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रवादी संघटनों के साथ समन्वय बनाकर जन जागरण अभियान चलाकर लोगो को नशा से सचेत किया जा रहा है तथा पंचवटी प्रजाति के वृक्षों को रोपड़ व संरक्षण भी किया जा रहा है।

विशिष्ठ अतिथि वन क्षेत्राधिकारी रुपईडीहा अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में अवैध वृक्ष कटान रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई है तथा वृक्षारोपण महाभियान चलाकर लोगो को पर्यावरण के लिए सचेत किया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी चरदा पंकज साहू ने कहा कि सघन निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध वृक्ष कटान पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है तथा सबको आवश्यकतानुसार निःशुल्क वृक्ष वितरण की व्यापक योजना चलाई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लैंड पोर्ट प्रबंधक (रुपईडीहा) सुधीर शर्मा ने कहा कि सीमावर्ती युवाओ को नशे से सचेत रहने की आवश्यकता है तथा अवैध नशा पर प्रभावी अंकुश के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ विशेष संयुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया।

आयोजित चौपाल में प्रमुख रूप से गायत्री परिजन नेपाल मनोज राजा श्रीवास्तव, पर्यवारणविद विनोद गुप्ता, प्रधान संगठन उपाध्यक्ष तकम्मस खान, प्रवक्ता राजीव श्रीवास्तव, समाज सेवी भरत गुप्ता, राजस्व कर्मी संतोष वर्मा, समाजसेवी धीरेंद्र शर्मा, शिक्षक दिपेश शर्मा, शिक्षिका परमिला व विनीता तथा पर्यवारणविद जुनैद अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### एसपी विनीत जायसवाल ने सुनी जनता की फरियाद

**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई किया।सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लगभग एक बजे तक चली।जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।वही लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

### आर्मड फोर्सेस डे पर सम्मानित हुए पूर्व सैनिक

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवम आर्मड फोर्सेस डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल एम.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कर्नल श्री ध्यानी ने आमर्ड फोर्सेस वेटर्न डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनपद के वीर नारियों, वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं तथा भूतपूर्व सैनिकों को शाल व स्मृति चिन्ह तथा द्वितीय विश्व युद्ध के 5 पूर्व सैनिकों की पत्नियों को कम्बल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्ता, नरेन्द्र कुमार, जगदम्बा प्रसाद व भूतपूर्व सैनिक तथा सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार सवारी गाडी ने मारी टक्कर, दो बाइक सवार घायल

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घाघराघाट स्टेशन के पास बाइक सवार को तेज रफ्तार सवारी गाडी ने टक्कर मारी दी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया,जहां इलाज के बाद एक को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। जरवलरोड थानाक्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाइवे पर घाघराघाट रेलवे स्टेशन के निकट तेज रफ्तार अज्ञात सवारी गाडी ने बाइक सवार बब्लू (30) व बाबादीन (32) निवासी भंगहा थाना हुजूरपुर को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद दोनों वाइक सवार सडक पर गिर गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। इमरजेंसी चिकित्सक डा.मोहसिन रजा ने इलाज के बाद बब्लू को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। बाबादीन को हल्की चोटे आई हैं।

### ठंड, शीत लहर के दृष्टिगत राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच ने विद्यालयों में अवकाश हेतु डीएम को दिया पत्र

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष बहराइच आनन्द मोहन मिश्र ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह को पत्र देकर जिले में ख़राब मौसम, कड़ाके की ठंड, शीत लहर, अत्यधिक कोहरे से न्यूनतम दृश्यता एवं न्यूनतम तापमान के कारण विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है, उन्होंने कहा कि बहराइच में भीषण ठंड, शीत लहर, गलन के कारण घर से निकलना दुष्कर है, अधिकांश छात्र छात्राओं के भीषण ठंड, गलन से बचाव के लिए उपयुक्त गर्म कपड़े भी नही है, अधिकांश शिक्षक, शिक्षिकाएं ग्रामीण क्षेत्र के आवागमन के साधन होने के कारण अपने मोटरसाइकिल तथा स्कूटी से विद्यालय आते जाते है अत्यधिक कोहरे के कारण कम दृश्यता तथा अधिक ठंड के कारण उन्हें भी काफी समस्या हो रही है।खराब मौसम के कारण राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच ने छात्रहित /जनहित में जनपद के परिषदीय विद्यालयों (1–8) में अवकाश किए जाने की मांग की है।

### जिलाधिकारी मोनिका रानी को 21 अप्रैल को मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं से असंतृप्त व्यक्तियों को संतृप्तिकरण, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदाय की सहभागिता के साथ अभिनव पहल के तौर पर जिले में संचालित किये गये 'सेवा से संतृप्तिकरण अभियान' के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा आकांक्षी जनपद बहराइच के चर्तुमुखी विकास के लिए निर्धारित सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने के लिए कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी को 'जिले का सम्पूर्ण विकास' की श्रेणी हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है।उल्लेखनीय है कि रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश भर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देने तथा पुरस्कृत करने के लिए भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की स्थापना की गई है। अवार्ड की विशेषता यह है कि देश के 700 से अधिक जनपदों में से ''जिले का सम्पूर्ण विकास'' की श्रेणी के लिए 10 जनपद चयनित किये गये हैं। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किये गये देश के 10 जनपदों में प्रदेश का अकेला जनपद बहराइच है जिसे वर्ष 2023 हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन की बात की जाए तो यह सोने से कुंदन बनाने जैसी 04 जटिल प्रक्रियाओं स्क्रीनिंग कमेटी, एक्सपर्ट कमेटी, सिटीज़न फीडबैक, एम्पाईड कमेटी की पारखी नज़रों से गुज़रने के उपरान्त एक उच्च स्तरीय समिति के द्वारा सम्बन्धित जनपद का भ्रमण कर ज़मीनी हकीकत को परखा जाता है, फिर उसके बाद देश के मा. प्रधानमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित जिलों की सूची को अन्तिम रूप दिया जाता है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद में 'सेवा से संतृप्तिकरण अभियान' की सफलता के लिए जिले के जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्रदान किये गये मार्गदर्शन, अधीनस्थ अधिकारियों के भागीरथ प्रयासों, जनपदवासियों के सहयोग तथा मीडिया प्रतिनिधियों के उत्साहवर्धन के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 'प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023' आकांक्षी जनपदवासियों को समर्पित किया है।

### स्व. सुरेंद्र नाथ तिवारी की पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में हुआ सेवा और स्मरण का आयोजन

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ तिवारी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर कसया स्थित वृद्धाश्रम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम में मौजूद लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया और उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया। कार्यक्रम में स्व. तिवारी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उपस्थित जनों ने उनकी पत्रकारिता में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज और सच्चाई के प्रति समर्पित था।इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवियों, पत्रकारों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और समाज में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करना था।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

❐ कार्यक्रम में दो दर्जन वरिष्ठ पत्रकारों व नये सदस्यों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा खिचड़ी भोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन गांधी पार्क स्थित संपूर्णानंद टाउन हॉल में किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा स्थानीय गांधी पार्क स्थित संपूर्णानंद टाउन हॉल में संगठन के जिला प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार ए.आर. उस्मानी के जन्मदिन के अवसर पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें करीब डेढ़ सौ से अधिक पत्रकार व प्रबुद्धजन शामिल हुए।इस मौके पर तमाम पत्रकारों को सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में वक्ताओं ने संगठन के विस्तार,मजबूती और एकता पर जोर



दिया।कहा कि सिर्फ सदस्य,पदाधिकारी बनाकर परिचय पत्र मुहैया करा देने से ही संगठन नहीं मजबूत होता है बल्कि इसके लिए संगठित होना बहुत जरूरी है।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार व संगठन के जिला प्रभारी ए. आर. उस्मानी का फूल-माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी, अनिल कुमार द्विवेदी, राजकुमार तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, विवेक तिवारी, पंकज पाण्डेय, अनमोल शुक्ला, शनिदेव सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला, अशोक पाठक, हेमंत पाठक, रामबहाल तिवारी, रोहित शुक्ला, शिवकुमार पाण्डेय, रामकुमार कौशल, दीपक कौशल,अमित तिवारी, विनय मिश्रा, राकेश दत्त राम पाण्डेय, राज शुक्ला, दिनेश कुमार पाण्डेय, ज्ञानेंद्र कुमार चौधरी, मोहम्मद इकबाल शाह, मोहम्मद फारूक, खुशबू कनौजिया,प्रदीप तिवारी (बुलेट )गीता जायसवाल, ऋषभ मिश्रा, नरेंद्र लाल गुप्ता, राहुल तिवारी, शिवकुमार मौर्या, जोगेंद्र दूबे, विनोद तिवारी, नरेंद्र, दिलीप, विनय मिश्रा,रूद्र प्रकाश ओझा,ओमकार पाण्डेय, दुर्गेश जायसवाल, मुन्ना लाल पाण्डेय, रश्मि बहोरे, रेखा सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## तुर्कपट्टी को नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलाने हेतु सांसद को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। मंगलवार की देर शाम एक कार्यक्रम में शामिल होने आए क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को भाजपा युवा मोर्चा के जिला संयोजक शैलेंद्र कुमार तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय व भाजपा नेता प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में तुर्कपट्टी को नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलाने हेतु पत्रक सौंप कर इसे शीघ्र नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलाने की मांग की। उक्त पत्र के माध्यम से शैलेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि तुर्कपट्टी बाजार क्षेत्र का एक प्रमुख बाजार है, जहां पर्यटन दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक गुप्तकालीन सूर्य मंदिर, दो पेट्रोल पंप, सैकड़ों थोक व फुटकर प्रतिष्ठा और कई दर्जन स्कूल और कॉलेज हैं। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है। यह तमकुही विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा महुअवाँ बुजुर्ग व छहूं, पड़रौना विकास



खंड के बरवा कला और दुदही विकास खंड के खिरियां व कोरया तक विस्तृत है, जहां करीब 20 हजार से अधिक आबादी निवासी करती है। उन्होंने बताया कि यह बाजार फाजिलनगर और कुबेरस्थान से भी पुराना बाजार है लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में इसका विकास नहीं हो सका। ऐसे में नगर पंचायत का दर्ज़ा मिल जाने से मूलभूत सुविधाएं भी मिल सकेंगी साथ ही सरकार के गांवों को शहरीकरण करने के मंसूबे को भी पंख लगेगा। सांसद को पत्रक सौंपे जाने के दौरान सत्येंद्र पांडेय, महेंद्र शर्मा, दीपक कुमार गोंड, ब्यास राय, सोनू मद्धेशिया, जयप्रकाश मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिला युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कसया कस्बे के फजीनगर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर के मकान में 16 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। बताया जाता है कि पिता द्वारा पोस्टमार्टम न कराने और पैतृक निवास शव ले जाने की बात पर अपनी कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पुलिस वापस चली गई। अचानक युवक के मौत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के अनुसार मृतक शिवम प्रताप सिंह उर्फ गगन पुत्र रामजी सिंह उक्त विद्यायल के परिसर में बने आवास में अपने पिता के साथ रहकर पढ़ाई व संघ से जुड़े कार्यों को देखता था। युवक महर्षि अरविंद विद्या मंदिर में कक्षा 10 का छात्र था। युवक के पिता रामजी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक है, जो मकर संक्रांति को लेकर विद्यालय में छूटी के चलते अपने पैतृक निवास महराजगंज जनपद के घुघली, गांव अहिरौली दुबे गए हुए थे। बुधवार को जब वह विद्यायल



स्थित कमरे पर पहुंचे तो देखा कि कमरे में बेटे का शव है। वह स्तब्ध रह गए, देखने से ऐसा प्रति हो रहा था कि घटना बीते मंगलवार रात की है। शिवम के मिलनसार स्वभाव व शव के पास मिला पत्र का चर्चा जोरो पर कस्बे में इस बात कि चर्चा जोरो पर है कि शिवम का स्वभाव काफी मिलनसार था, अपने जिम्मेदारी को वह बखूबी निभाता था, पिता की अनुपस्थिति में वह विद्यायल प्रबंधन का काम भी संभालता था। अचानक विद्यायल स्थित कमरे में संदिग्ध शिवम् का शव मिलना लोगो के गले नहीं उतर रहा है। चर्चा यह भी है कि शिवम् के शव के पास एक पत्र मिला है, जिसमें संघ से जुड़े कुछ प्रभावशाली लोगों का नाम लिखा था।

## सेना दिवस पर वर्ष 2024 में सेवानिवृत्त सैनिकों एवं शहीद परिजनों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सेना दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को हाटा विकास खण्ड स्थित जूनियर हाईस्कूल भठही राजा के परिसर में सैनिक अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर कुशीनगर जनपद के अमर शहीदों के परिजनों एवं वर्ष 2024 में सेना से सेवानिवृत्त सभी सैनिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 राम जियावन मौर्य ने कहा कि सैनिकों के अभिनंदन समारोह का आयोजन उनकी सेवा और समर्पण के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने जैसा है। हम निश्चिंत भाव से दुनियादारी या देश के विकास के अन्य कार्यों में लग पाते हैं, इसका कारण सैनिक हैं। वे हमें सीमाओं के ओर से निश्चिंत रखते हैं तभी हम अपनी ऊर्जा को अन्य क्षेत्रों में लगा पाते हैं। नयी दिशा परिवार द्वारा प्रति वर्ष सेना



दिवस के अवसर पर यह जो अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है यह युवाओं को प्रेरणा देने वाला भी है। इससे युवा सेना के माध्यम से देश सेवा के लिए प्रेरित होंगे। अध्यक्षता करते जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने कहा कि सैनिक सम्मान समारोह सैनिकों को यह अहसास कराता है कि देश हमारे समर्पण और सेवा को महसूस कर रहा है और हमने कुछ सार्थक कार्य किया है। नयी दिशा द्वारा पूरे जनपद के शहीदों के परिजनों और अवकाश प्राप्त सैनिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम बहुत पवित्र मंशा का परिणाम है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माँ एवं सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन मजीबुल्लाह राही, अतिथियों का स्वागत संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र व आभार प्रधान सुभाष कान्दू ने किया।

# सुन्दर दस्तार प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब गोमती में 14 जनवरी को 40 मुक्तों की याद में करवाये गये गुरमत समागम को समर्पित होकर सिंह पगड़ी हाउस पूरनपुर के विशेष सहयोग से सुंदर दस्तार मुकाबला करवाया गया। इस मुकाबले का अयोजन सिख बच्चों को केस रखने और दस्तार सजाने के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया। दस्तार मुकाबले में विशेष तौर पर वीरजी जत्थेदार गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब गोमती, बाबा मान सिंह, बाबा सुखविंदर सिंह, निहंग सिंह गुरजंट सिंह भी पाहुंचे।दस्तार मुकाबले की जजमेंट की सेवा दस्तार कोच गुरप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह, गुरजंट सिंह व रणजीत सिंह ने की है।दस्तार मुकाबले में जूनियर ग्रुप 10-15 साल और वरिष्ठ ग्रुप 16-21 साल दो अलग-अलग ग्रुप में मुकाबला हुआ। जूनियर ग्रुप में मकसूदापुर निवासी मनराज सिंह 13 ने



पहला,बसंतपुर के अंशवीर सिंह 15 ने दूसरा व मथनाजप्ती के साहिबजोत सिंह 13 ने तिसरा स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ ग्रुप के प्रतिभागी प्रभजोत सिंह 16 साल निवासी नवदिया बनकी,सवाजपुर के हरमनप्रीत सिंह 16 ने दूसरा व पचपेड़ा के नवजोत सिंह 16 ने तिसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नगद इनाम रुपए 3100, 2100,1100 व सम्मान पत्र इनाम में दिए गए। सभी प्रतिभागियो को सम्मान पत्र सिरोपाव भेंट किये गए। इस मौके वीरजी,बाबा मनजीत सिंह,बाबा मान सिंह,बाबा सुखविंदर सिंह,गुरप्रीत सिंह,सुखवीर सिंह, गुरजंट सिंह,रणजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, करनपाल सिंह, जशनदीप सिंह, चरणजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, जसविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह,मनप्रीत सिंह भारी सांख्य में सिख संगत मौजुद रही हैं।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए चलाया गया जागरूकता मिशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। गन्ना विकास विभाग द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई जागरूकता मिशन की शुरुआत की गई।इस अवसर पर गन्ना विभाग एवं चीन मिल कार्मिकों द्वारा प्रचार वाहनो के माध्यम से बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु गन्ना बुवाई की विभिन्न विधियों,उन्नतशील गन्ना किस्मों,पोषक तत्व प्रबंधन, पौध रक्षा,जल प्रबंधन,खर पतवार प्रबंधन एवं पोस्ट हार्वेस्टिंग प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जाएगी। रैली को एलएच चीनी मिल के कैंप से जनपद के प्रगतिशील किसान हरिओम गंगवार एवं प्रताप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली एलएच चीनी मिल के सुरक्षित एवं अभ्यर्पित गांवों में जाकर गन्ना खेती की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी देगी। एलएच चीनी मिल को लगभग 01 लाख किसान विभिन्न गन्ना समितियों के माध्यम से गन्ना आपूर्ति करते हैं।अब तक इस चीनी मिल द्वारा 82 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। इस



चीनी मिल के अंतर्गत लगभग 45 हजार हे. गन्ना क्षेत्रफल आता है, जिसमें लगभग 10 हजार हे. गन्ना बुवाई शरदकाल में तथा शेष बुवाई बसंतकाल एवं गेहूं की कटाई के उपरांत की जाती है।गोष्ठी को रवाना करते हुए जिला गन्ना अधिकारी द्वारा सभी गन्ना पर्यवेक्षक को निर्देश दिए गए की वसंतकालीन गन्ना बुवाई की जानकारी सभी कृषकों तक पहुंचाएं। इसके साथ ही किसानों को कृषि निवेश एवं बीज की उपलब्धता के बारे में बताएं। जनपद में पर्याप्त मात्रा में नवीनतम गन्ना प्रजातियों का गन्ना बीज उपलब्ध है। सभी गन्ना विकास समितियो पर पर्याप्त मात्रा में कृषि निवेश उपलब्ध ही। रैली को संबोधित करते हुए केबी शर्मा महा प्रबंधक, चीनी मिल पीलीभीत द्वारा बताया गया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहन देने हेतु मिल प्रबंधन द्वारा बीज वितरण पर 20 रुपए प्रति कुंतल प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।इसके अतिरिक्त जो किसान बेसिक कोटा से 50 कुंतल या इससे अधिक गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करते है तो उन्हें प्रति 50 कुंतल गन्ना आपूर्ति पर दो बोरी पोटास प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। रामभद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा बताया गया कि आज की जागरूकता रैली में 50 से अधिक कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें 4 प्रचार वाहन लगाए गए हैं। जो लगातार 15 दिन क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मझोला सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत,सनोज कुमार,उप प्रबंधक चीनी मिल पीलीभीत संजीव राठी, उप महाप्रबंधक, चीनी मिल पीलीभीत आदि उपस्थित रहे हैं।

# अमेठी में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता सत्रह जनवरी से शुरु होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी काशी नाथ ने बताया कि जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी सत्रह अठारह एवं उन्नीस जनवरी को डा0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जाना है।उन्होंने बताया कि उक्त खेल प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में पुरुष एवं महिला खिलाडी प्रतिभाग करेगे। उन्होंने समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वह खेलकूद प्रतियोगिता में प्रत्येक विकास खण्ड से सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी ही भाग लेंगे। खेल प्रतियोगिता में उन्ही खिलाड़ियों को सम्मिलित किया जायेगा जिन्होंने खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपदीय खेल प्रतियोगिता में विकास खण्ड से भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विकास खण्ड से जनपद में लाने की जिम्मेवारी सम्बन्धित विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारी की होगी। सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी खेलकूद आयोजन की तिथि दिनांक 17, 18 एवं 19 जनवरी, 2025 को डा0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी पर उपस्थित रहेगें। खेल प्रतियोगिता में अनुशासित खिलाड़ियों को ही सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में खेल प्रतियोगिता के दौरान यदि कोई खिलाड़ी अनुशासनहीनता करता पाया जाता है तो सम्बन्धित विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी जिम्मेदार होगे। जिन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारियों की डियूटी जिस विधा में लगाई गयी है सम्बन्धित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0 द0 अधिकारी उक्त डियूटी का पूर्ण जिम्मेदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करेगें, विवाद होने की स्थिति में सम्बन्धित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी जिम्मेदार होगे। समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारी खेलकूद प्रतियोगिता में अपने टीम के साथ विकास खण्ड का झण्डा अवश्य लायेगें।

# प्रधान पति की मेहनत रंग लाई, भूमि पूजन के साथ आखिरकार उसी स्थान पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण शुरू

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत कल्याणपुर नोंगमा में 2.50 करोड़ की लागत से बने जा रहे।ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र में कुछ दिन पूर्व विधायक ने अलंग लगा दिया था।जिससे काम रुक गया था। लेकिन प्रधान प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष शांति स्वरूप ने जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले को गंभीरता से लेते हुए जनहित में उपरोक्त कार्य निर्माण करने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए। अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भेज कर भूमि पूजन कर कार्य निर्माण करने की बात कही थी। ग्राम पंचायत में अपर जिलाधिकारी द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे ग्राम



वासियों में काफी प्रसन्नता दिखाई दे रही है। भूमि पूजन में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सावित्री देवी,भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष शांति स्वरूप,उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह, रवि चौरसिया, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के डीआरएम आर पी सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। प्रधान पति शांति स्वरूप ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र उसी स्थान पर बनाया जा रहा है। इसके बनने से ग्राम पंचायत का ही नहीं बल्कि पूरे जनपद के बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होगे जिससे पूरे जनपद का विकास होगा प्रधान प्रतिनिधि शांति स्वरूप ने आए सभी अधिकारियों और ग्रामीणों का स्वागत किया है।

# पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन में समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात जनसुनवाई प्रारम्भ की गई माधोटांडा की घरेलू हिंसा से सम्बंधित शिकायत सुनी जिसमे पीड़िता के ससुराल वालों द्वारा उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया एवं दूसरा विवाह कर लिया। इस प्रकरण के सम्बंध में महोदया द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को जल्द से जल्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया इसी प्रकार से महोदया द्वारा पेंशन से सम्बंधित, श्रमिक अनुदान,संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करने से सम्बंधित निम्न समस्याओं को सुना एवं त्वरित निस्तारण हेतु जनसुनवाई में उपस्थित संदर्भित अधिकारियों को निर्देशित किया।जन सुनवाई के दौरान जिला पंचायत राज़ अधिकारी प्रतिनिधि, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी को लंबित पेंशन प्रकरण पर आधार परमाणीकरण के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में महोदया द्वारा जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण किया जिसमें एसएनसीयू वार्ड एवं पीएनसी वार्ड में निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों से वार्ता की उनको बच्चे के जन्म के एक घंटे के भीतर गाढ़ा पीला दूध पिलाने की सालाह दी साथ ही अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी ली उसके पश्चात महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव का आयोजन कराया गया जिसमें 7 नवजात बालिकाओं को बेबी केयर किट देकर परिवार को बधाई दी इसके पश्चात बाल कल्याण समिति का निरीक्षण किया जहाँ बालिकाओं से संबंधित निर्देशित किया कि समस्त बलिकाओं की कॉउंसलिंग उनको घर भेजने हेतु की जानी आवश्यक है। दास्तांवेजों का भी अवलोकन किया गया इस अवसर पर सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे हैं।

# लव जिहाद, लैंड जिहाद जनसंख्या जिहाद का देश में चलन चिंताजनक: सर्वेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोकशी रोहिंग्या धर्मांतरण को लेकर लगातार सनातन पर हो रहे प्रहार के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ निस्वार्थ भाव से बिगुल फूंक दिया है। जिसका पर्याय आज लगातार हो रहे प्रहार जैसे लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद, जनसंख्या जिहाद, के बाद कुंभ जिहाद, वक्फ जिहाद की आवाज उठाने वाले सनातन की आवाज बन चुके गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह की अगुवाई में सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह को एक ज्ञापन सौपा। सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह को सौपे ज्ञापन में बेजुबान जीवों की राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला संयोजक कुश-भवनपुर राकेश सिंह दद्दू ने कहा कि जिले में गोकशी, धर्मा जेहाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्म जिहाद, वोट जिहाद, बच्चोंद्वारा भिक्षावृत्ति करवाना एक नई शाखा को जन्म दिया जा रहा है। निर्भीकता पूर्वक लगातार आवाज उठाने वाले प्रदेश प्रभारी शासन व प्रशासन, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते रहे हैं।



बिना भय व डर के जनपद में लगातार यह गोरखधंधा चल रहा है। वही इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर जान-माल का खतरा भी बना हुआ है। संगठन के प्रवक्ता रवि दुबे ने कहा कि सनातन धर्म को अगर बचाना है तो हम सबको जाति धर्म का भेदभाव भुलाकर आगे आना ही होगा और इसे अब रोकने की जरूरत है। रोहिंग्या, बंग्लादेशी मुस्लिम अपना नाम बदलकर जिले में पूरी तरह आमद कर चुके हैं, और हिंदू देवी देवताओं के नाम पर भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर उनका मानसिक व धन का प्रलोभन कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री जयशंकर दुबे ने कहा कि यह लोग कट्टर होते जा रहे हैं फुटपाथ पर नाम बदलकर अपनी दुकान चला रहे हैं, यही लोग खास कर अपना आधार कार्ड भी इसी जनपद से बनवा रखे हैं, जिले में कुछ नामचीन लोग हैं जो बच्चों को पैसे का प्रलोभन देकर उनसे भिक्षावृत्ति भी करवा रहे हैं। प्रसाशन उन्हें चिन्हित कराकर देश से बाहर करने का काम करें, अन्यथा हम सभी अहिंसा परमो धर्म पर विश्वास रखने वाले गौ रक्षक व सनातनी लोग हिंसा तथोपि च पे मजबूर होंगे।

# वाहनों की जांच-पड़ताल में सैकडों के काटे गए चालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन व चालको की सघन जांच-पड़ताल की जा रही है। 11जनवरी से यातायात पुलिस, उप संभागीय विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर हेल्मेट, लाइंसेंस, सीटबेल्ट, काली फिल्म व कागजात जांचे जा रहे है। जांच में आवश्यक दस्तावेज ना दिखाने पर कार्रवाई के साथ ही चालान काटे गए। यातायात निरीक्षक राम निरंजन, उप निरीक्षक काज़ी हुज़ूर आलम, मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार यादव व दर्जनों होमगार्ड/पीआरडी के जवानों ने रोडवेज स्थित वाहन चेकिंग लगाकर सैकड़ो वाहनों की जांच की। अनियमित चलने वालों का चालान काटा गया, यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने बताया कि 10जनवरी तक हमारा जागरुकता अभियान चला था, जिसमें यातायात पुलिस वाहन चालकों से अपील करते हुए जागरूक किया था, और अपने वाहनों के



दस्तावेज सही करने, लाइसेंस, सीटबेल्ट, काली फिल्म, फायर साइलेंसर आदि पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने की सूचना दिया था। हमारा जागरूकता अभियान 10जनवरी को समाप्त हो गया। 11जनवरी से आरटीओ व यातायात पुलिस संयुक्त रूप से जनपद में अभियान चलाकर नियम विरुद्ध चलने वालों पर कार्रवाई कर रहा है, आगे भी हमारा अभियान जारी रहेगा। टीएसआई राम निरंजन ने बताया कि नगर के सभी मुख्य मार्ग व चौराहों पर एक उप निरीक्षक व पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवान लगाए गए है, जिन्हें निर्देशित किया गया है कि वाहनों की सघन जांच-पड़ताल करें और नियम विरुद्ध चलने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने का पाठ पढ़ाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को ए एच इण्टर कालेज जगदीशपुर में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनसे अपील की गई कि वे अपने अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। साथ ही उपजिलाधिकारी गौरीगंज की अध्यक्षता में बीस विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। उपस्थित प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विद्यालय स्तर पर इस समिति का गठन करते हुये त्रैमासिक रूप से समिति की बैठक कराएं, जिसमें विद्यालयी वाहन की फिटनेस, परमिट, चालकों के लाइसेंस आदि का अपने स्तर से निरीक्षण करते हुये रिपोर्ट प्रेषित करें।

## किसान अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं : सत्येन्द्र कुमार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैंप मोड में अभियान चला कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार किये जाने हेतु पच्चीस प्रतिशत का माइलस्टोन निर्धारित किया गया था जिसके क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कृषि एवं राजस्व विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनपद में प्राप्त 318855 लक्ष्य के सापेक्ष 79421 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार करते हुए 24.91 प्रतिशत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार की गई है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार किये जाने को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों को पत्र प्रेषित कर अपील भी की गई है।उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जनपद के समस्त किसानों से अपील किया है कि आप लोग अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं इसके लिये किसान स्वयं सेफ मॉड से अथवा नजदीकी जन सुविधा केंद्र व राजस्व ग्रामों में आयोजित होने वाले शिविर में उपस्थित होकर अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनवा सकते हैं जिससे की समस्त किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली किस्ते अनवरत प्राप्त होती रहे।

## प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमला करने वाले युवक की निशानदेही पर बरामद हुई पिस्टल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददात । थाना जगदीशपुर पुलिस ने प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमला करने वाले युवक की निशानदेही पर एक अदद पिस्टल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा एक प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमला के आरोपी लखन पण्डित उर्फ केशव पुत्र शौकीन पाण्डेय निवासी किठौली जलालपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि मैने अपने साथियो सूरज मिश्रा, युवराज सिंह, गगन मिश्रा, सर्वेश सिंह, रवि पासी और मोहम्मद कैफ के साथ मिलकर बीती बाइस दिसम्बर को अनीत सिंह पुत्र तेज बहादुर निवासी ग्राम महमदपुर पर जान से मारने की नियत से गोलियां चलाई थी। पुलिस ने रिमांड पर लिये गये युवक की निशानदेही पर ग्राम सलावतगढ़ के पास झाड़ियो से घटना में प्रयुक्त एक अदद पिस्टल बरामद की गई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने दो बण्डल चाइनीज मांझा के साथ दो दुकानदारों को पकड़ा

तिलोई अमेठ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने दो बण्डल अवैध प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के साथ दो दुकानदारों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक मदन कुमार सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, अवैध प्रतिबंधित चाईनीज मांझा के प्रति जागरुकता अभियान के दौरान रियाज पुत्र इजहार निवासी ग्राम व थाना शिवरतनगंज उम्र करीब अठाइस वर्ष की दुकान से तलाशी के दौरान एक बण्डल अवैध प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बरामद हुआ एवं पदम गुप्ता पुत्र रामआसरे गुप्ता निवासी ग्राम अहोरवा भवानी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष की दुकान से तलाशी के दौरान एक बण्डल अवैध प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद हुआ है।

# संस्कृत शिक्षण कल्याण समिति का अधिवेशन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति उ0प्र0 की जनपदीय इकाई का अधिवेशन शुक्ल पक्ष, पौष पूर्णिमा को श्री बलदेवदास हनुमत संस्कृत महाविद्यालय, उनुरखाकुटी, सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ। समिति द्वारा जनपद के संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त वयोवृद्ध शिक्षकों अभिनवपाणिनी आचार्य पं0 पारसनाथ शुक्ल सहित 17 वयोवृद्ध शिक्षकों को जिलाध्यक्ष दिनेश नारायण शुक्ल एवं डॉ0 शशिधर मिश्र द्वारा माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। उसके पश्चात महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वैदिक व लौकिक मंगलाचरण तथा स्वागत गान का सुन्दर प्रस्तुतीकरण हुआ। पं0 कृपाशरण द्विवेदी की अध्यक्षता में उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षण कल्याण समिति का अधिवेशन प्रारम्भ हुआ। जनपद के अध्यक्ष दिनेश नारायण शुक्ल ने अपने द्वारा कृत कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उपस्थित समस्त शिक्षकों ने करतल ध्वनि से समिति के कार्यों की प्रशंसा किया। डॉ0 चन्द्रशेखर पाण्डे की उपस्थिति में जनपदीय इकाई का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें निम्न पदाधिकारी निर्वाचित हुए- अध्यक्ष- दिनेश नारायण शुक्ल, उपाध्यक्ष डॉ0 अमिता तिवारी, महामंत्री संजय कुमार शुक्ल, मंत्री गिरीश कुमार मिश्र, उपमंत्री विनोद कुमार तिवारी, संगठन मंत्री हरिदत्त दूबे, कोषाध्यक्ष अवधेश दूबे, मीडिया प्रभारी शिखा तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 विजय प्रकाश मिश्र, मुक्तेश चन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, आशीष कुमार तिवारी 'पप्पू, . मण्डलीय समिति हेतु कृपा शरण द्विवेदी, विनय कुमार मिश्र, बनारसी नाथ दूबे, संजीव कुमार मिश्र, जितेन्द्र कुमार मिश्र व. प्रान्तीय समिति हेतु गुरू प्रकाश मिश्र, प्रेम नारायण दूबे, कृष्ण प्रताप पाण्डेय, धवल कुमार मिश्र। कार्यक्रम में अधोलिखित शिक्षकगण डॉ0 शशिधर मिश्र, डॉ0 योगेश्वर शुक्ल, उमाकान्त मिश्र, अमित शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, मुक्तेश चन्द्र पाण्डेय, सुशील कुमार दूबे, डॉ0 शशिमौलिनाथ पाण्डेय, डॉ0 अतुल कुमार मिश्र, राम दयाल तिवारी, घनश्याम मिश्र, संतोष कुमार तिवारी, राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# बिना विकास कार्य प्रभावित किये निकाला मंत्री ने बीच का रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**50 फिट की जगह 40 फिट तक जगह लेने का हुआ निर्णय नगर वासियों में दिखाई दी खुशी**

**जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के कार्यालय पर हुई बैठक में उपस्थित रहे लोक निर्माण विभाग के अधिकारी**

पीलीभीत।मझोला सितारगंज मार्ग के फोर लेन निर्माण की जद में आ रहे मझोला बाजार के अधिकांश भवनों के आस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा समाप्त हुआ। 50 फिट के स्थान पर मझोला नगर में 40 फिट दोनों ओर लिए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग को राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार ने निर्देशित कर दिया।गत कई माह से मझोला सितारगंज मार्ग के फोरलेन निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत मझोला नगर में सैकड़ों दुकानें व घर अतिक्रमण की जद में आ रहे थे। ऐसे में सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। इस से प्रभावित हो रहे लोगों ने राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार से हस्तक्षेप कर राहत दिलाने का आग्रह किया था और उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल को ज्ञापन भी सौंपा था जिसके उपरांत राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्रभावित लोगों की बात सुनने अपने जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के जन सहयोग कार्यालय पर भेजा जहां लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और मझोला के व्यापारियों के बीच बातचीत हुई। वार्ता के मध्य ही मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा फोन पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किये जाने के बाद मझोला वासियों को ऐतिहासिक और बड़ी राहत मिल गयी। मंत्री के निर्देश के बाद अब चौराहे के अतिरिक्त पूरे मझोला नगर में लोक निर्माण विभाग 50 की जगह दोनों ओर 40-40 फिट जगह लेगा और इसकी परिधि में आरहे निर्माण को सम्बंधित लोग खुद ही 25 फरवरी तक हटा लेंगे। दोनों ओर 10-10 फिट की राहत मिलने से सैकड़ों दुकान और मकान टूटने से बच गए हैं एयर नगर की बड़ी समस्या का समाधान बिना विकास कार्य को क्षति पहुंचाएं सम्भव हो गया।बैठक में मंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन और मंत्री के प्रतिनिधि अजय गोयल ने मध्यस्थता की तो वहीं लोक निर्माण विभाग की ओर से एई जयपाल सिंह लोधी और जेई ओमपाल सिंह ने वार्ता की।

# दुनिया सबक ले

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फ़ैलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है।

# परंपरागत एवं आधुनिक चिकित्सा में समन्वय की जरूरत

**प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यह जीवन कला तथा विज्ञान में एक सम्पूर्ण क्रांति है। इसमें प्राकृतिक भोजन, विशेषकर ताजे फल तथा कच्ची व हलकी पकी सब्जियाँ विभिन्न बीमारियों के इलाज में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। योग, ध्यान एवं संतुलित जीवनशैली इस चिकित्सा के आधार है। प्राकृतिक चिकित्सा निर्धन व्यक्तियों एवं गरीब देशों के लिये विशेष रूप से वरदान है।**

एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के उपचार को लेकर दुनिया भारत की प्राचीन प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धति की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है, क्योंकि मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना के निदान में भी उसकी भूमिका प्रभावी एवं कारगर रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित स्वास्थ्य उन्नति एवं चिकित्सा क्रांति की है। बावजूद इसके आधुनिक समय में भी प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां असाध्य बीमारियों के लिये कारगर बनी हुई है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। इतना ही नहीं प्राकृतिक चिकित्सा उत्पादों का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। इन स्थितियों को देखते हुए यदि आधुनिक विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता कल्याण का नया रास्ता उद्घाटित होगा।

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यह जीवन कला तथा विज्ञान में एक सम्पूर्ण क्रांति है। इसमें प्राकृतिक भोजन, विशेषकर ताजे फल तथा कच्ची व हलकी पकी सब्जियाँ विभिन्न बीमारियों के इलाज में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। योग, ध्यान एवं संतुलित जीवनशैली इस चिकित्सा के आधार है। प्राकृतिक चिकित्सा निर्धन व्यक्तियों एवं गरीब देशों के लिये विशेष रूप से वरदान है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से भारत का जो प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, उसे पिछले एक दशक में देश-विदेश में व्यापक रूप से प्रतिष्ठापित किया गया है और भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, योग को दुनिया में फैलाया गया है। भारत में भीषण गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए। पारम्परिक एवं पूरक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन- डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट (2019) के अनुसार, दुनिया भर में इस्तेमाल की जा रही पारम्परिक चिकित्सा की विभिन्न प्रणालियों में, एक्यूपंक्चर, हर्बल दवाएँ, स्वदेशी पारम्परिक चिकित्सा, होम्योपैथी, पारम्परिक चीनी चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, कायरोप्रैक्टिक, ऑस्टियोपैथी, आयुर्वेद व यूनानी उपचार शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के 170 सदस्य देशों ने अपनी आबादी द्वारा पारम्परिक चिकित्सा के उपयोग पर रिपोर्ट दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी, पारम्परिक उपचार प्रणालियों के अध्ययन और अभ्यास में क्रान्ति ला रही है। आयुष शब्द आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी का संक्षिप्त रूप है। इसी आधार पर प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक समय में प्रासंगिक बनाने के लिये भारत सरकार में आयुष मंत्रालय बना है। इसी मंत्रालय के प्रयासों से जहां आयुष बाजार को विस्तार मिला, वहीं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है। इससे रोजगार व उद्यमिता को भी नई ऊंचाइयां मिली हैं। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है।




प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग, आयुर्वेद, भारतीय खानपान एवं जीवनशैली को वैश्विक मान्यता मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सरकार की सहभागिता में गत वर्ष भारत के गुजरात प्रदेश के गांधीनगर शहर में प्रथम पारम्परिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित कर गम्भीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और वैश्विक स्वास्थ्य एवं टिकाऊ विकास में प्रगति को आगे बढ़ाने में, पारम्परिक, पूरक व एकीकृत चिकित्सा की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए इसे व्यापक बनाने की अनेक योजनाओं पर सहमति जताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार ने आधुनिक विज्ञान एवं टैक्नॉलॉजी के ज़रिये, पारम्परिक औषधि में निहित सम्भावनाओं को साकार करने के इरादे से एक वैश्विक केंद्र स्थापित किये जाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किये और गुजरात राज्य के जामनगर शहर में बनाए जाने वाले इस केंद्र की मदद से आमजन की सेहत में बेहतरी लाने और विश्व के हर क्षेत्र में सम्पर्क व लाभ सुनिश्चित किये जाने की योजना को आकार दिया जाने लगा है। नये विश्व की विडम्बना है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती आधुनिक चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं। पारम्परिक चिकित्सा उत्पादों और पद्धतियों के शोध का यह उपयुक्त समय है। दुनियाभर में लोग वैकल्पिक निदानों का रुख़ कर रहे हैं। इससे अधिक शोध व अधिक साक्ष्य सामने आ रहे हैं और शोध के परिणाम बेहद आशाजनक दिख रहे हैं। प्राचीन संस्कृतियों द्वारा चिकित्सा हेतु प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के अलावा, आधुनिक रोगों से निपटने के लिए पारम्परिक समुदाय-आधारित स्वास्थ्य प्रथाओं का भी अभूतपूर्व महत्व है। चेचक के टीके का विकास इसका एक सशक्त उदाहरण है।

भारत की प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां के प्रति बढ़ते आकर्षण एवं रूझान को देखते हुए जरूरी हो जाता है कि हम आयुष उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उनको हम विज्ञान की कसौटी पर भी कसे। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति वैश्विक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समाधान करने में सक्षम एवं कारगर बन रही है तो हमें इस पर व्यापक शोध, अनुसंधान एवं प्रयोग को बल देना चाहिए। दरअसल, भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों मसलन आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्ध आदि पद्धतियों की धारणा रही है कि किसी रोग को दबाने के बजाय उसके कारकों का उपचार किया जाए। पारम्परिक चिकित्सा को पूर्व-वैज्ञानिक युग की पद्धति के रूप में देखा जाता है, जिसका स्थान आधुनिक, बेहतर, विज्ञान-आधारित चिकित्सा ने लिया। हालाँकि, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा का प्रादुर्भाव, पारम्परिक उत्पादों व प्रथाओं से ही हुआ है, जिसका एक लम्बा इतिहास है। आज लगभग 40 प्रतिशत फ़ार्मास्युटिकल उत्पाद, प्रकृति और पारम्परिक ज्ञान से आते हैं, जिनमें कई महत्वपूर्ण दवाएँ शामिल हैं। प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां का आधार हमारे विचार, खानपान और प्रकृतिमय जीवन है, जो बीमारियों को पनपने नहीं देता, यदि फिर भी कोई बीमारी आ जाती है उसका सस्ता, सरल, प्रभावी एवं सुगम इलाज पारम्परिक चिकित्सा पद्धति में है। जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां को विस्तारित एवं सशक्त करते हुए हमें आधुनिक चिकित्सा पद्धति की अनदेखी नहीं करनी है बल्कि समन्वय करके इंसानों को स्वस्थ बनाने की दिशा में क्रांति का शंखनाद करना है। निश्चित रूप से यदि विज्ञान व परंपरा के समन्वय का मणिकांचन संयोग होगा तो बढ़ती बीमारियों एवं महामारियों की चिन्ता को दूर करने के लक्ष्य हासिल करना ज्यादा आसान होगा।

ललित गर्ग

# राजनैतिक पूंजी गंवा चुकी 'आआपा' के समक्ष किला बचाने की चुनौती

**विकास सक्सेना**

दिल्ली की सत्ता पर पिछले दस साल से काबिज आम आदमी पार्टी को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के गर्भ से जन्मे इस राजनैतिक दल के नेता खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। जिस राजनैतिक जमा पूंजी के साथ इस राजनैतिक दल का गठन किया गया था, बीते एक दशक में ही उसके नेताओं ने इसे पूरी तरह गंवा दिया है। पार्टी की स्थापना के समय जो उच्च नैतिक मानदंड और आदर्श स्थापित किया गए थे वे दूर-दूर तक पार्टी नेताओं के व्यवहार में नजर नहीं आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल विपक्ष के साथ- साथ अपने पूर्व सहयोगियों के भी निशाने पर हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान अण्णा हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। उस समय टू जी स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ गेम्स, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी और कोयला घोटाले जैसे लाखों करोड़ रुपये के घपलों के समाचार लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रहे थे। तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट और न्यायालय के आदेशों से लोगों को लगने लगा था कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त या भ्रष्टाचारियों को उनका संरक्षण प्राप्त है। लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का दंभ चरम पर था। भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल के जवाब में वे एक ही बात कहते नजर आते थे कि 2009 के आम चुनाव में दूसरी बार सत्ता सौंप कर देश की जनता ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। ऐसे में समाजसेवी अण्णा हजारे के नेतृत्व में इण्डिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया। इस आंदोलन की सिर्फ एक मांग थी कि देश में जनलोकपाल बनाया जाए। असीम शक्तियों से सम्पन्न यह जनलोकपाल देश से भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। इसी समय योग गुरू बाबा रामदेव ने भी विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू किया। जिसे सरकार ने निर्ममता पूर्वक कुचल दिया।

देश की जनता राजनेताओं, बड़े कॉरपोरेट घरानों और नौकरशाही की दुरूभि संधि से दिनों-दिन बढ़ते भ्रष्टाचार को अपने दैनिक जीवन में महसूस कर रही थी। जनलोकपाल का जो खाका अण्णा हजारे के आंदोलन के समय पेश किया गया उसे देख कर लोगों ने महसूस किया कि इससे भ्रष्टाचार की समस्या पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओं ने जनलोकपाल बनाने की मांग का उपहास करते हुए आंदोलन से जुड़े नेताओं को खुद राजनीति में आकर इस तरह का कानून बनाने की चुनौती दी। अण्णा आंदोलन को देशभर में मिले व्यापक जनसमर्थन और तत्कालीन सत्ताधारी दल कांग्रेस के विरुद्ध तैयार हो रहे जनमत से उत्साहित आंदोलन से जुड़े कुछ नेताओं ने राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को साफ करने के लिए लिए स्वयं इस दलदल में उतरने की योजना बनाई। हालांकि अण्णा हजारे इस आंदोलन से जुड़े लोगों के राजनीति में उतरने के विचार से सहमत नहीं थे।

वैकल्पिक राजनीति के नए विचार के साथ अरविन्द केजरीवाल, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी आदि ने एक नया राजनैतिक दल बनाने की योजना तैयार की और इसे नाम दिया गया- आम आदमी पार्टी। इस राजनैतिक दल की औपचारिक घोषणा के लिए दिन चुना गया 26 नवम्बर 2012 का ताकि देश की जनता को भारत के संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सीधा संदेश दिया जा सके। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को ही देश के संविधान को स्वीकृति प्रदान की थी। इसी समय पार्टी की विचारधारा को स्पष्ट करते हुए अरविन्द केजरीवाल ने कहा था 'हम आम आदमी हैं। अगर वामपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से विचार उधार ले लेंगे और अगर दक्षिणपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से भी विचार उधार लेने में खुश हैं।' आम आदमी पार्टी की स्थापना के समय सबसे ज्यादा जोर देते हुए कहा गया कि अब तक देश की सत्ता पर काबिज रहे राजनैतिक दलों में तमाम प्रकार के दुर्गुण आ गए हैं। नया दल इन दुर्गुणों से मुक्त रहकर नए प्रकार से राजनीति करते हुए देश को वैकल्पिक राजनीति का मॉडल देगा।

## सेहत मंत्र

# पेट पर जमा चर्बी मस्तिष्क को पहुंचा सकती है नुकसान

चिकित्सकों का कहना है कि पेट की अतिरिक्त चर्बी आपके मस्तिष्क में ग्रे मैटर की मात्रा को कम कर सकती है और अतिरिक्त वजन मस्तिष्क के विशिष्ट क्षेत्रों में सिकुड़न से जुड़ा होता है। इसके साथ ही मोटापे के रोगियों में हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया का भी खतरा बढ़ जाता है। हार्टकेयर फाउंडेशन (एचसीएफआई) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा, सामान्य वजन का मोटापा हमारे देश में एक नई महामारी है। इसका एक प्रमुख कारण आज की जीवनशैली है। ऑन-द-गो और तेज-रफ्तार जीवन का मतलब है कि लोग नाश्ते को छोड़ देते हैं और बाकी पूरा दिन अस्वास्थ्यकर, क्विक फिक्स रिफाइंड कार्ब्स वाला भोजन खाते हैं। पेट के चारों ओर एक इंच अतिरिक्त वसा हृदय रोग की संभावना को 1.5 गुना बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा, पुरुषों में 90 सेमी और महिलाओं में 80 सेंटीमीटर से अधिक का उदर रोग एक संकेत है कि व्यक्ति भविष्य में दिल के दौरे की चपेट में आ सकता है। पुरुषों में 20 वर्ष की आयु के बाद और महिलाओं में 18 वर्ष की आयु के बाद पांच किलोग्राम से अधिक वजन नहीं बढ़ना चाहिए। 50 वर्ष की आयु के बाद किसी के वजन की निगरानी करना और उसे उचित रूप से कम करना भी अनिवार्य है। डॉ. अग्रवाल ने कहा, एक बार जब किसी व्यक्ति का कद बढ़ना बंद हो जाता है, तो उसके अंगों का बढ़ना बंद हो जाता है और केवल मांसपेशियां ही एक हद तक निर्माण कर पाती हैं। वसा का जमाव एकमात्र कारण है जो उस चरण के बाद शरीर के वजन को बढ़ाता है। उन्होंने कहा, जो लोग मोटे हैं, उन्हें परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट के सेवन को सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि वे रक्त शर्करा के स्तर और इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाते हैं। इंसुलिन प्रतिरोध वाले लोगों में, इस वृद्धि से आगे वजन बढ़ सकता है। इसके अलावा, हर दिन लगभग 30 से 45 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का लक्ष्य रखें, सप्ताह में पांच बार। डॉ. अग्रवाल ने कुछ सुझाव देते हुए कहा, हर दिन व्यायाम करें और स्वस्थ आहार का सेवन करें, सभी सात रंगों और छह स्वादों का मिश्रण भोजन में शामिल करें। किसी भी रूप में रिफाइंड चीनी का सेवन न करें, क्योंकि यह रक्त प्रवाह में अधिक आसानी से अवशोषित हो सकती है और आगे की जटिलताओं का कारण बन सकती है। ध्यान और योग जैसी गतिविधियों के माध्यम से तनाव को कम करें।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी ने जब पहली बार लंका को देखा तो उसकी सुंदरता देखते ही रह गये थे

श्री हनुमान जी ने सिंहिका राक्षसी का वध कर डाला। इस विषय पर हम पिछले अंक में विस्तार से विवेचना कर चुके हैं। सच कहें तो महापुरुषों का लक्ष्य किसी का वध करना कभी भी नहीं होता है। कारण कि वे किसी से शत्रुता ही नहीं रखते, तो भला वे किसी का वध क्यों कर करेंगे। अगर किसी को ऐसा प्रतीत होता है, कि नहीं-नहीं! ऐसा कैसे हो सकता है, कि महापुरुषों को किसी से वैर नहीं। अगर वैर नहीं, तो क्यों सिंहिका राक्षसी का वध कर डाला। भला बिना किसी लाग लपेट के भी कोई किसी को मारता है क्या? आरंभिक स्तर पर तो हमें यह समस्त तर्क सही प्रतीत होते हैं। लेकिन जिस समय हम इन विषयों पर तात्विक चिंतन करते हैं। तो हम अवगत होते हैं, कि महापुरुषों का तो डांटना भी कल्याणप्रद है, और स्नेह करना भी। श्रीराम मारीच का वध करते हैं, तो बाहरी दृष्टि से हमें सर्वप्रथम, यह कोई अबल पे सबल का प्रहार ही प्रतीत हो। लेकिन वास्तविक्ता में तो श्रीराम मारीच को अपना परमपद् ही प्रदान करते हैं। भले ही क्यों न, मारीच सदा रावण की सेवा करता, उसकी आज्ञा मानता। लेकिन उसके द्वारा रावण की युगों तक भी की हुई सेवा, क्या मारीच का कल्याण कर सकती थी? बिल्कुल नहीं। और इस विभूषित तथ्य से मारीच भली भाँति अवगत था। तभी तो मारीच जब देखता है, कि श्रीराम उसके वध हेतु उसके पीछे-पीछे भाग रहे हैं, तो वह अपनी मृत्यु की अटल संभवना देख कर भी, अतिअंत प्रसन्न होता है।

पर्यटन



# ब्लैक नेक स्टार्क को देखने के लिए बेहतरीन है सुल्तानपुर बर्ड सैंक्चुअरी

सुंदर और खूबसूरत पक्षियों को देखने का शौक आपको प्रकृति के और करीब लाने का काम करता है। अलग-अलग आकार और रंग-बिरंगे इन पक्षियों को देखकर एक तरफ जहां सुखद अनुभव होता है वहीं दूसरी ओर आश्चर्य भी। सर्दियों का मौसम बर्ड सेंचुरी घूमने के लिए बेहतरीन माना जाता है क्योंकि उस दौरान देसी ही नहीं विदेशी पक्षियों का भी दीदार किया जा सकता है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही वन्य प्राणी विहार और भी दूसरे जल भराव वाले क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। दरअसल ये तमाम क्षेत्र प्रवासी पक्षियों के पश्चिमी मार्ग पर पड़ते हैं। सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी-सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान गुरूग्राम के सुल्तानपुर गांव में स्थित है। 1.5 वर्ग किमी में फैला ये राष्ट्रीय उद्यान यह प्रवासी पक्षियों के लिए जाना जाता है। यहां हजारों पर्यटक और पक्षी प्रेमी पहुंचकर पक्षियों के बारे में अपना ज्ञानवर्धन करते हैं। यहां करीब 250 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके ब्लैक नेक स्टार्क का हर साल प्रजनन होता है। इसके साथ सैकड़ों की संख्या में पैरिड स्टार्क और दूसरी स्थानीय प्रजातियों के पक्षी भी यहां प्रजनन करते हैं। ग्रे लेग गुज, बॉर हैडिड गुड, यूरेशियन कूट, गाग्रेनी, कॉमन टील, पीन टैल, यूरेशियन विजन, कॉमन पोचार्ड, रेड क्रेस्टिड पोचर्ड, नॉदर्न शावलर, मालार्ड गोडविट, टफटिड डक, कॉमन क्रेन, अलग-अलग तरह के सैंडपाईपर और प्लोवर, ग्रे हैडिड लेपविंग, व्हाइट टेल्ड लेपविंग, ग्रेट कस्टिड ग्रेब, ब्लैक नेक्ड ग्रेब, विभिन्न प्रकार की वैगटेल, रीवन टर्न कई प्रकार के गल, ग्रेटर और लैज़र फ्लेमिंगो स्लाइप इत्यादि को देख सकते हैं। इनके साथ-साथ अन्य शिकारी पक्षी भी यहां आ जाते हैं जैसे मार्श हैरियर, पैलिड हैरियर, इस्टर्न इम्पीरियल, ईगल, बुटिडईगल, ग्रेटर स्पोटिडईगल, पेरेग्राइन फॉलकन, लॉग लैग्ड बजर्ड, सर्पेन्ट ईगल, स्टेपी ईगल आदि भी करीब से देखे जा सकते हैं।

# इक मुद्दत से रोये नहीं, क्या पत्थर के हो गए हम' : शाकिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## अटल की जन्मशताब्दी पर काव्य संध्या

निंदूरा बाराबंकी। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी एवं मसूदिया ग़रीब नवाज़ सोसाइटी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कस्बा टिकैतगंज में महाकवि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी के अवसर पर कवि दरबार अटल काव्य संध्या का भव्य आयोजन हुआ।अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जमाल सिद्दीक़ी ने कहा कि आज के विकसित भारत की नींव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने ही रखी थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर बासित अली प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा और संचालन लखनऊ के मशहूर युवा शायर शहबाज़ तालिब ने की। कार्यक्रम के संयोजक असरार अहमद व सह संयोजक डॉ. रियाज़ उल हक़ अंसारी और महताब अहमद ने सभी कवियों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में सभी कवियों ने अपने कलाम से समां बांधा।

मशहूर शायर अज़्म शाकिरी ने

' लाखों सदमे ढेरों ग़म

फिर भी नहीं हैं आंखे नम

इक मुद्दत से रोये नहीं

क्या पत्थर के हो गए हम'।

सरदार चरन सिंह बशर ने पढ़ा कि चिराग़ों के सफ़र में दबदबा हो आंधियों का

तो फिर अंजाम ज़ुल्मत के सिवा कुछ भी नहीं है

ये दुनिया नफ़रतों की आख़िरी स्टेज पर है

इलाज इसका मुहब्बत के सिवा कुछ भी नहीं है इस पर पंडाल में वाह वाह और तालियां की आवाज़ गूंजने लगी।रुखसार बलरामपुरी ने पढ़ा कि जब कोई मुहब्बत की रूदाद सुनाता है।

देर रात तक चले इस कार्यक्रम में राज बहादुर निदेशक उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी, कार्यक्रम समन्वयक अरविंद नारायण मिश्रा नवाब कंबर कैसर एस एम हसीब मो. नईम मंज़ूर अहमद सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा नेहा खान कमरुद्दीन जुगनू अलाउद्दीन खान ज़ैन क़ादरी मोहसिन अंसारी,रमाकांत बाजपेई ,हाफिज जी किराना वाले, संजय सिंह, देशराज, छत्रपाल ,प्रदीप रावत, सुनील विश्वकर्मा, मोहम्मद अशफाक, ग्राम प्रधान मोहम्मद फैसल विशेष रूप से आदि उपस्थित रहे।

# अनियमितताओ एवं लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 16 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## सभी मेडिकल स्टोर्स संचालक औषधियों का नियमानुसार करें क्रय विक्रय : जिलाधिकारी

## मेडिकल स्टोर्स पर अनियमितता पाए पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षणों में पाई गई अनियमितताओ एवं लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 16 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए गए। यह जानकारी औषधि निरीक्षक बाराबंकी श्रीमती सीमा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कार्यरत सभी मेडिकल स्टोर्स पर नियमानुसार औषधियों के क्रय विक्रय के किए जाने तथा सभी मेडिकल स्टोर्स पर सी सी टी वी कैमरे लगे होने एवं नारकोटिक्स औषधियों की अनाधिकृत व्यक्तियों को विक्री किये जाने पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके क्रम में कुल 16 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए गए। जिनमे मेसर्स सी0एल0 यादव मेडिकल स्टोर, ग्वारी रसूलपुर देवां चिनहट रोड, मेसर्स यादव मेडिकल स्टोर, हाउस नं0-129, शुक्ला मार्केट वॉर्ड बारा, ग्वारी रोड निकट जिला जेल हेड पो0 आफिस बाराबंकी, मेसर्स वर्मा मेडिकल स्टोर, बुनकर कालोनी, जैदपुर बाराबंकी, मेसर्स गोस्वामी मेडिकल स्टोर, सुदियामऊ बाराबंकी, मेसर्स जयसवाल मेडिकल स्टोर, हाउस नं0-10, बाबुल बिल्डिंग कटरा बारादरी अहिरनपुरवा नबीगंज बाराबंकी, मेसर्स सतीश मेडिकल स्टोर, बदोसरायँ बाराबंकी, मेसर्स राम मेडिकल स्टोर, हाउस नं0 36 खइ, संजय कुमार गुप्ता बिल्डिंग काजीपुर, वार्ड नं01, फतेहपुर, बाराबंकी, मेसर्स प्रभा मेडिकल स्टोर, जोशी टोला, फतेहपुर, बाराबंकी, मेसर्स प्रकाश मेडिकल स्टोर, तहसील रोड, फतेहपुर, बाराबंकी, मेसर्स राज मेडिकल स्टोर, छपरा देवा, बाराबंकी, मेसर्स बाबा मेडिकल स्टोर, मुर्तजा नगर, ख्योली चौराहा कुर्सी रोड बाराबंकी, मेसर्स श्री सालिक मेडिकल स्टोर, स्टोर, शॉप नं0 3 छोटे मार्केट, इस्माइलपुर, देवा, बाराबंकी, मेसर्स अशवी मेडिकल स्टोर, मुर्तजा नगर ख्योली चौराहा, घाना देवा बाराबंकी, मेसर्स ओम मेडिकल स्टोर, शॉप नं-3, राजपूत मार्केट, हुसैनाबाद चौराहा, लोनी कटरा, बाराबंकी, मेसर्स आनन्द मेडिकल स्टोर, रुखनापुर, हुसैनाबाद, हैदरगढ़, लोनी कटरा, बाराबंकी, मेसर्स वर्मा मेडिकल स्टोर, बुढ़वल बाराबंकी सम्मिलित है।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को यह निर्देश दिए गए है कि औषधियों का नियमानुसार क्रय विक्रय किया जाए तथा शेडयूल एच 1 तथा नारकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के संबंधित अभिलेख नियमानुसार रखे जाएं साथ ही मेडिकल स्टोर में कैमेरे का संचालन नियमित रूप से किया जाए, जिसकी किसी भी समय जांच की जाएगी। निरीक्षण के समय अनियमितताए पाए जाने पर नियमानुसार लाइसेंस निलम्बन तथा निरस्तीकरण की कार्यवाही संपादित की जाएगी।

# जिला जज ने किया कर्मचारी कल्याण निगम कैंटीन का शुभारम्भ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने सिविल कोर्ट परिसर स्थित सी जे एम के पुराने ऑफिस वाले भवन में कर्मचारी कल्याण निगम की कैंटीन का उद्घाटन किया।इससे अब सभी कर्मचारियों,अधिवक्ताओं,वादकारियों को सस्ते दर पर साबुन,मंजन,सहित तमाम घरेलू उपयोग के सामान आसानी से मिल सकेंगे।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्य देव गुप्ता,अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्येंद्र मिश्रा,अपर जिला जज आनंद कुमार,अपर जिला जज कृष्ण चन्द्र सिंह,राजीव महेश्वरम,राजेश पति त्रिपाठी, अनिल शुक्ला,उमेश पांडेय,के के श्रीवास्तव,राकेश कुमार,नीतीश राय आदि,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह,जिला बार एसो अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई,महामंत्री अशोक वर्मा सहित सभी पदाधिकारी वा तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# आवास की फरियाद पर खुद जांच करने पहुंची एसडीएम पूजा, बोली हर जरूरतमंद को मिलेगी छत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहे इसके लिए जांच प्रक्रिया तेज हो गई है पंचायत सचिव समेत ब्लाक के कर्मचारियों को इसके लिए लगाया गया है तो वहीं खंड विकास अधिकारी , एसडीएम सुश्री पूजा लगातार फील्ड पर निकल कर वास्तविक स्थित का जायजा ले रही है । जानकारी के अनुसार विकास खंड सिद्धौर में बुधवार को आयोजित ब्लाक दिवस में पीड़ितों से सिद्धौर खंड विकास अधिकारी उपजिलाधिकारी सुश्रीब पूजा फरियादियों से रूबरू हुई उन्होंने न केवल उनकी बात सुनी बल्कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए । जानकारी के अनुसार प्रभारी खंड विकास अधिकारी/ उपजिलाधिकारी सुश्री पूजा ने स्वयं ब्लाक क्षेत्र के गांव अंदका,बम्भौरा लोदी, देवकली जाकर सर्वे किया।



विकास खण्ड के कोई भी पात्र व्यक्ति आवास योजना से छूटने न पाए इसके लिए रणनीति बनाकर काम करे । सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना में किसी के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

**सुश्री पूजा**
**एसडीएम , प्रभारी बीडीओ**
**सिद्धौर बाराबंकी**

ताकि कोई भी आवास पात्र लाभार्थी छूटने न पाए इस दौरान उपजिलाधिकारी , प्रभारी बीडीओ पूजा गुप्ता के साथ लघु सिंचाई अवरअभियंता सोमवीर सिंह यादव, ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान आदि मौजूद रहे।

## गौशाला में गंदगी देख उपायुक्त भड़के

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को उपायुक्त स्वतः रोजगार बी.के मोहन व विकास खण्ड अधिकारी विनय कुमार मिश्रा द्वारा रतौली में गौशाला का निरीक्षण किया गया।अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए गौशाला में मौजूद पशुओं के भरण पोषण एवं ठंड से बचाव के साथ ही अलाव की व्यवस्था को परखा निरंतर अलाव जलाने को कहा। साफ सफाई की कमियां मिलने पर संबंधित को सख्त निर्देश जारी किया गया है। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई।

## छत ढही मलवे में दब कर युवक मरा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत के केसरीपुर वार्ड में एक घर की जर्जर छत ढह जाने से 30 वर्षीय युवक अनीश पुत्र जगतनारायण राठौर की मलबे में दबकर मौत हुई।प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा ।

## चाय की दुकान में लगी आग

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के बुढ़वल चौराहे पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पड़ोस लल्लू गुप्ता के छप्परनुमा बंद होटल में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से लगीआग से हजारों की सामान राख हुआ।सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी व फायरब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। दुकानदार लय। लल्लू ने बताया कि आज होटल नहीं खोला था पता नहीं किसने आग लगा दी। कई हजार का नुकसान हुआ है।

## बेलगाम कार्यशैली: डीएम के आदेश की देवा ब्लॉक में नजरंदाजी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय की बेलगाम कार्यशैली कि जिलाधिकारी के आदेश को भी अनदेखा कर रहा है।शौचालय संबंधी भुगतान को लेकर वर्षों से ब्लॉक के चक्कर काटते काटते थक गया एक वरिष्ठ नागरिक । थक हार कर उसने जिलाधिकारी को जनसुनवाई में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन ब्लॉक के अधिकारी उसकी भी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। मामला विकास खण्ड देवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अटवटमऊ के ग्राम पल्टा का है । यहां के निवासी रमाकांत मिश्र ने 26 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी बाराबंकी की जनसुनवाई में एक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है ।उन्होंने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि उनको तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव अपने हस्ताक्षर करके दो चेक प्रत्येक रुपए छः हजार के कुल रुपए बारह हजार के दिए थे कि ग्राम प्रधान से आप इस पर हस्ताक्षर करवा लेना । लेकिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि टाल मटोल करते रहे और उन्होंने उन चेकों पर हस्ताक्षर नहीं किए ।इस कारण उन्होंने वो दोनों चेक बी0 डी0 ओ0 देवा को रजिस्टर्ड डाक से एक प्रार्थना पत्र के साथ इस आशय के साथ वापस कर दिया कि आप शौचालय निर्माण की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में डाल दें ।इसके लिए उन्होंने अपना बचत खाता नंबर भी दिया ।लेकिन बी0 डी0 ओ0 कार्यालय के बाबुओं की तानाशाही के कारण आज तक उसका भुगतान नहीं किया गया है। इस बीच उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की जिसमें उधर से सिर्फ आश्वासन मिलता रहा ।वर्षों बीत जाने के बाद भी शौचालय निर्माण की राशि न मिलने पर भुक्त भोगी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन उनके उस प्रार्थना पत्र पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई ।पोर्टल पर मामले को कार्यालय स्तर पर लम्बित दिखाया जा रहा है।

## सहकार भारती के स्थापना दिवस पर राज्य मंत्री को दिया निमंत्रण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश शासन में गन्ना एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को उनके आवास स्थित कार्यालय पर सहकार भारती पीलीभीत की टीम द्वारा 17 जनवरी को मनाए जा रहे। सहकार भारती के 47 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निमंत्रण दिया एवं संगठन की स्मारिका भेंट की।टीम में शामिल ज़िला अध्यक्ष हरि राम गौतम,जिला महामंत्री प्रदीप शर्मा,ज़िला संगठन प्रमुख संतोष सिंह राठौर,जिला संपर्क प्रमुख आचार्य धर्म प्रकाश बौद्ध, जिला कोषाध्यक्ष रामवतार गौतम,जिला विधि प्रमुख नत्थू लाल पांडे,जिला मंत्री महेंद्र कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे हैं।

## चौकी प्रभारी अमित कुमार का हुआ स्थानांतरण सौरभ कुमार बने कस्बा चौकी इंचार्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर चौकी इंचार्ज अमित कुमार को लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक ने ट्रांसफर कर दिया है।उनके स्थान पर दरोगा सौरभ कुमार को कस्बा इंचार्ज बनाया हैं। मोहल्ला साहूकारा लाइनपार वार्ड नंबर 03 के रहने बृजेश सिंह का पुत्र सागर 20 वर्ष 27 दिसंबर से लापता था। और पाँच जनवरी को कोतवाली से कुछ ही दूरी पर नाले में युवक का शव मिला था। परिजनों ने शव की शिनाख्त गायब सागर के रुप में की थी। जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने कोतवाली गेट पर जमकर हंगामा करते हुए पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग की थी। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों और भाजपा नेताओं ने भी पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस और नेताओं के बीच काफी कहासुनी भी हुई थी। उसके बाद परिजनों ने सात जनवरी को दोबारा कोतवाली गेट पर जाम लगाकर हंगामा कर चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग की थी। 14 जनवरी को पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में चौकी इंचार्ज पूरनपुर को हटाकर कम्बोजनगर चौकी इंचार्ज बनाया गया है।उनके स्थान को पर सौरभ कुमार को नया कस्बा चौकी इंचार्ज बनाया है। इसके अलावा कोतवाली पूरनपुर में तैनात दरोगा ललित कुमार को एसएसआई कोतवाली पूरनपुर बनाया है।

## पुलिस ने देशी तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने शेखपुर मोड़ के पास से एक युवक को एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक चन्द्रशेखर यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अशरफ पुत्र अनीस निवासी ग्राम मकदूमपुर कला थाना बाजार शुकुल उम्र करीब तेइस वर्ष को शेखपुर मोड के पास से सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवक के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# संदिग्धावस्था में वृद्ध की गर्दन पर चला नाई का उस्तरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## लहूलुहान वृद्ध ट्रामा में भर्ती



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र के अनवारी निवासी आदिल पुत्र रजी अहमद उम्र करीब 27 वर्ष अनवारी कस्बे में पड़री रोड़ पर लकड़ी की गुमटी में बारबरशाप चलाता है।बुधवार को अनवारी के मदारपुर निवासी 70 वर्षीय रामसागर पाल आदिल की दुकान पर शेविंग कराने आए।शेविंग दौरान अचानक वृद्ध की गर्दन पर उस्तरा चल गया।और वृद्ध के गले से खून की धार बहने लगी और वह बेहोश होकर गिर गया। आदिल वृद्ध को छोड़ दुकान से भाग निकला।आसपास के लोगों ने वृद्ध को लहुलुहान देख सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मरणासन्न वृद्ध को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। क्षेत्राधिकारी फतेहपुर के मुताबिक सेविंग करते समय तौलिया खिसक गई जिसे सही करते समय ब्लेड वाला अस्तुरा से वृद्ध की गर्दन कट गई। वृद्ध का इलाज मेडिकल कालेज में हो रहा है पता चला है कि वृद्ध स्वस्थ्य है।फिलहाल भयावाह नाई आदिल फरार है।

# एडीओ पंचायत का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ग्राम पंचायत किठूरी में बुधवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री, जीरो पॉवर्टी तथा आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड से जुड़ी गतिविधियों का जायजा लिया। एडीओ पंचायत ने पंचायत सहायक जितेंद्र बहादुर सिंह को किसान फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। पंचायत सहायक द्वारा सर्वर की धीमी गति की समस्या से भी अवगत कराया गया।निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश वर्मा और पंचायत सचिव सतीश कुमार को आरआरसी सेंटर को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए चार सफाई मित्रों को दैनिक मजदूरी पर नियुक्त करने का आदेश दिया गया। एडीओ पंचायत ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एडीओ पंचायत ने बताया कि गांव में विकास कार्य, फार्मर रजिस्ट्री, जीरो पावर्टी और आयुष्मान कार्ड से संबंधित सभी कार्य पंचायत भवन में नियमित रूप से चल रहे हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## विभागीय रैंक में आपेक्षित सुधार लाने के मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

बाराबंकी । 15 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रम 37 बिंदु (सीएम डैश बोर्ड) के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन ने समीक्षा करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों की प्रगति में आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। डीसी एनआरएलएम सहित पीओ नेडा के कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद विद्युत विभाग व कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसान सम्मान निधि के आवदेन पत्र पेंडिंग न रहने पाए समय पर प्रक्रिया पूर्ण की जाए। आरईएस विभाग के तहत सड़क व भवन निर्माण के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। चिकित्सा सेवा के तहत 102 व 108 एम्बुलेंस सेवा और सहकारी दुग्ध उत्पादन विभाग के मामले में सुधार लाने के निर्देश दिए। बेसिक स्कूलों में कायाकल्प के कार्यों को समय पर पूर्ण कराने, निपुण लक्ष्य की प्राप्ति व बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के तहत गोवंश संरक्षण और टीकाकरण के विषय में आवश्यक निर्देश दिए। सीडीओ ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कराये जा रहे कार्यों को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के तहत सड़कों की मरम्मत व नई सड़कों के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की रैंक में आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये और लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे आम-जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल सके। सभी अधिकारी सी0एम0 डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में आपेक्षित सुधार लाए, जिससे जिले की रैंकिग और बेहतर हो सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि बी, सी, डी व ई रैंक वाले विभाग महीने के अंत तक सुधार लाना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने कहा कि सी0एम0 डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाए। सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों, उद्यान विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा समाज कल्याण आदि विभागों की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग नीचे से 10 वें स्थान तक है उन विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंक में आपेक्षित सुधार लाये। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पांडेय, एसीएमओ डॉ डी0 के0 श्रीवास्तव, डीडीओ भूषण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एआरटीओ, डीसी एनआरएलएम, डीपीआरओ, पीओ नेडा आदि सहित सम्बंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को 304 रनों से हराया, सीरीज 3-0 से की अपने नाम

एजेंसी

राजकोट। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राजकोट में खेले गए तीसरे एवं आखिरी एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 304 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 435 रनों का विशाल स्कोर बनाया। इससे आयरलैंड को जीत के लिए 436 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला। इसके जवाब में आयरलैंड की महिला टीम 31.4 ओवर में 131 रन पर ऑलआउट हो गई। महिला एकदिवसीय में भारतीय टीम की रनों की लिहाज से ये सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने तीन मैचों की सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले 2017 में आयरलैंड को ही 249 रनों से हराकर एकदिवसीय की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी।




436 रनों लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 24 रन के स्कोर तक दो विकेट गवां दिये। कप्तान गैबी लुईस एक रन बनाकर आउट हुईं, जबकि कोल्टर रीली बिना खाता खोले बोल्ड हो गईं। इसके बाद सलामी बल्लेबाज सारा फोर्ब्स ने ओर्ला प्रेंडरगास्ट के साथ मिलकर पारी को संभाला और धीरे-धीरे आगे बढ़ीं। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 50 रनों से अधिक की साझेदारी की। हालांकि यह साझेदारी आगे नहीं बढ़ सकी। ओर्ला प्रेंडरगास्ट 36 रन बनाकर आउट हो गईं। फिर सारा फोर्ब्स भी 41 बनाकर रनआउट हो गईं। इसके बाद लॉरा डेलेनी 10 रन, लिआ पॉल 15 रन, आर्लीन केली दो रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। जॉर्जिना डेम्पसी खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं अवा कैनिंग दो रन और फ्रेया सर्जेंट एक रन बनाकर आउट हुईं। आयरलैंड की पूरी पारी 131 के स्कोर पर सिमट गई। भारतीय टीम की ओर से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट ँटके। तनुजा कंवर को दो विकेट और तितास साधु, सायली सातघरे और मिन्नू मनी को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम को सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में ही टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया। इसके बाद मंधाना ने एकदिवसीय में अपना 10वां शतक जड़ दिया। मंधाना ने महज 70 गेंदों में शतक लगाया जो भारत के लिए महिला क्रिकेट में किसी बल्लेबाज द्वारा लगाया सबसे तेज शतक है। मंधाना ने इस मामले में हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ 87 गेंदों पर शतक जमाया था।

## आईटीसी ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डीपीआईआईटी के साथ साझेदारी की

एजेंसी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने भारत के अग्रणी व्?यापार समूहों में से एक आईटीसी लिमिटेड के साथ महत्?वपूर्ण साझेदारी की है। डीपीआईआईटी ने उद्यमिता और नवाचार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए यह अहम कदम उठाया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) विशेष रूप से गतिशील साझेदारी का माहौल तैयार करेगा, जिसमें आईटीसी के व्यापक बाजार नेटवर्क के विशाल अनुभव और विशेषज्ञता देशभर में स्टार्टअप्स को सहयोग देने में डीपीआईआईटी की पहल का पूरक बनेगी। यह सहयोग देशभर में स्टार्टअप्स के लिए सुगठित बाजार सृजित करने और स्टार्टअप विकास तथा तकनीकी प्रगति में तेजी लाने के साझा दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि इस साझेदारी के तहत आईटीसी, विनिर्माण निष्पादन प्रणालियों (एमईएस) के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, विनिर्माण स्थलों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा अवसरों का संयोजन, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्टार्टअप समाधान उपलब्?ध कराएगा। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में स्टार्टअप के लिए उद्यमिता, तकनीकी उन्नति और बाजार के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस प्रो-स्टार्टअप पहल के बारे में डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यह भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के साथ संरेखित है। इसके अलावा यह नवाचार-आधारित उद्यमिता द्वारा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देकर विजन 2047 की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, आईटीसी कॉरपोरेट मामलों के अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन स्टार्टअप और आईटीसी दोनों का महत्?व बढ़ाएगा। यह डिजिटल उपयोग से भविष्य उपयोगी विनिर्माण और परिचालन उत्कृष्टता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही इससे आईटीसी के संधारणीय विस्तार के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित होगा।

## लीजेंड 90 लीग: हरियाणा ग्लेडियेटर्स ने की नए खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी

रायपुर। फरवरी 2025 से शुरू हो रहे लीजेंड 90 लीग से पहले आयोजित एक ड्राफ्ट समारोह में हरियाणा ग्लेडियेटर्स ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। इसमें मुख्य रूप से रिक्की क्लार्क, पीटर ट्रेगो, चैडविक वाल्टन, मनन शर्मा, अबू नेचिम, इमरान खान, इशांक जग्गी और नागेंद्र चौधरी शामिल हैं।

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बेन डंक, श्रीलंकाई असेला गुणारत्ने, गेंदबाज पवन सुयाल और भारतीय खिलाड़ी अनुरीत सिंह और प्रवीण गुप्ता जैसे बड़े खिलाड़ी पहले से ही हरियाणा ग्लेडियेटर्स का हिस्सा हैं। फ्रेंचाइजी का स्वामित्व एक अग्रणी रियल एस्टेट फर्म शुभ इंफ्रा के पास है। खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पर शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने एक बयान में कहा कि हम हरियाणा ग्लेडियेटर्स परिवार में शामिल हुए इन सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं। इन अनुभवी और तेजतर्रार खिलाड़ियों को शामिल करने से हमारी टीम काफी संतुलित हो गई है और हम कह सकते हैं कि यह हमें लीजेंड 90 लीग में काफी मजबूत बनाएगा। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शुभ इंफ्रा के निदेशक सनी सहगल ने कहा कि इस प्रतिभाशाली लाइनअप के साथ हम आगामी लीग में अपनी संभावनाओं को लेकर काफी आश्वस्त हैं।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों में 1200 विशिष्ट खेल स्वयंसेवक भी होंगे तैनात

एजेंसी

देहरादून। राष्ट्रीय खेलों में सामान्य स्वयंसेवकों के अलावा 1200 विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों की तैनाती भी की जाएगी। नेशनल फ़ेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया माध्यम से उत्तराखंड को यह स्वयंसेवक उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है।

उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। तमाम तरह की व्यवस्थाओं को बनाने के लिए दो तरह के स्वयंसेवक अपना योगदान करेंगे। उत्तराखंड अपने स्तर से भी करीब 2300 सामान्य स्वयंसेवकों को चयनित करने जा रहा है। विशिष्ट खेल स्वयंसेवक इनसे अलग होंगे। हालांकि सामान्य स्वयंसेवकों के साथ ही इन्हें भी व्यवहार और शिष्टाचार




की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसमें से सामान्य स्वयंसेवकों की भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। 30 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वयंसेवक बनने के लिए पंजीकरण किया है। इन सभी को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा भी ली गई है। इसके परिणाम के आधार पर ही स्वयंसेवक भर्ती किए जाएंगे। राष्ट्रीय खेल सचिचालय के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार सामान्य स्वयंसेवकों के अलावा विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों की भी तैनाती की जाएगी। नेशनल फ़ेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया के माध्यम से ये स्वयंसेवक उत्तराखंड को प्राप्त होंगे, जिनकी विभिन्न स्थानों पर तैनाती की जाएगी। नेशनल फ़ेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया इन विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों को उपलब्ध कराता है। खेल पृष्ठभूमि वाले इन स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का अनुभव होता है।

सामान्य स्वयंसेवकों को जहां पार्किंग, मेहमानों को लाने-ले जाने संबंधी अन्य सामान्य व्यवस्थाओं में उपयोग किया जाता है, वहीं विशिष्ट स्वयंसेवकों को खेल से सीधे जुड़ी व्यवस्थाओं में जिम्मेदारी दी जाती है।

स्वयंसेवकों से संबंधित कार्य देख रहे प्रतीक जोशी के अनुसार विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों को प्रतिदिन एक हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। सामान्य स्वयंसेवक का प्रतिदिन का मानदेय पांच सौ रूपये तय किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। यह खुशी की बात है कि हर वर्ग राष्ट्रीय खेलों से किसी न किसी रूप में जुड़ने के लिए तैयार है। खेलों का यह बहुत बड़ा उत्सव है जो कि उत्तराखंड में खेल विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगा।

### इंग्लैंड लायंस के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तानी करेंगे जैक एडवर्ड्स

मेलबर्न। न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को सिडनी में आगामी चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया ए की 12 सदस्यीय युवा टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसमें दो अन्य तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आरोन हार्डी और विल सदरलैंड भी शामिल हैं। 31 वर्षीय कर्टिस पैटरसन को भी 2020 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया ए टीम में वापस बुलाया गया है और वह टीम में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं ने युवाओं पर जोर दिया है और अक्टूबर और नवंबर में दो चार दिवसीय मैचों में भारत ए का सामना करने वाली टीम से केवल पांच खिलाड़ियों को ही बरकरार रखा है, जिसमें जॉर्डन बकिंघम, फर्गस ओ'नील, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियोली, ब्रेंडन डॉगेट शामिल हैं, हालांकि डॉगेट को केवल उस श्रृंखला में देर से चोट लगने पर प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया गया था।

## चेन्नइयन एफसी पर लीग डबल पूरा करना मोहम्मडन स्पोर्टिंग का लक्ष्य

एजेंसी

कोलकाता। मोहम्मडन एससी की टीम बुधवार शाम अपने घरेलू मैदान किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में चेन्नइयन एफसी की मेजबान करेगी, तो उसका लक्ष्य अपना पहला लीग डबल हासिल करना होगा जबकि मरीना माचान्स किसी नई-नवेली टीम के हाथों ऐसी शर्मनाक स्थिति से बचना चाहेंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले तीन मैचों (1 जीत, 2 ड्रा) में अपराजित रहकर रक्षात्मक मजबूती दिखाई है, जिसमें उनकी पिछले अवे मैच में बेंगलुरू एफसी पर 1-0 की जीत भी शामिल है। वहीं, चेन्नइयन एफसी घर से बाहर अपने पिछले तीन मैच बिना गोल किए हारी है। मोहम्मडन एससी 15 मैचों में दो जीत, चार ड्रा और नौ हार से 10 अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। वहीं, चेन्नइयन एफसी 15 मैचों में



चार जीत, चार ड्रा और सात हार से 16 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस सीजन में हैडर के जरिये छह गोल खाए हैं, जो संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। चार हैडर से गोल करने वाली चेन्नइयन एफसी मेजबान टीम की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मोहम्मडन (26) ने चेन्नइयन एफसी (22) की तुलना में ज्यादा बड़े मौके बनाए हैं, लेकिन उसकी 19.2% की रूपांतरण दर लीग में सबसे कम है।

चेन्नइयन एफसी अपने पिछले तीन अवे मैचों में गोल करने में विफल रही है। लाडिनपुइया प्रति मैच 6.2 बार कब्जा फिर हासिल करते हैं, अब तक 21 टैकल किए हैं और 77% सटीकता के साथ प्रति मैच 32 पास किए हैं।

रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव ने ब्लैक पैंथर्स को अपनी क्षमताओं पर भरोसा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## वीजा देरी के कारण अबू धाबी में इंग्लिश टीम के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा नहीं ले पाएंगे साकिब महमूद

एजेंसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड के भारत दौरे से पहले, इंग्लिश तेज गेंदबाज साकिब महमूद वीजा देरी के कारण अबू धाबी में अपनी टीम के प्रशिक्षण शिविर से चूक जाएंगे। साकिब को इंग्लैंड की वनडे और टी20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को उम्मीद है कि 22 जनवरी को सीरीज के अपने पहले टी20 मैच के लिए पूरी टीम के कोलकाता जाने से पहले वीजा की समस्या का समाधान हो जाएगा। पाकिस्तानी मूल के अंग्रेजी खिलाड़ियों के लिए वीजा में देरी एक परिचित समस्या है। इससे पहले 2024 में, इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर को वीजा मिलने में देरी के कारण हैदराबाद में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के पहले टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया था। ईसीबी ने दिसंबर 2024 को भारत के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए टीमों की घोषणा की, जिसमें तीन वनडे, पांच टी20 और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शामिल है।

पांच मैचों की टी-20 सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगी। दूसरा मैच 25 जनवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। तीसरा मैच 28 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। चौथा और पांचवां मैच क्रमशः 31 जनवरी और 2 फरवरी को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। वनडे सीरीज 6 फरवरी को नागपुर के वीसीए स्टेडियम में शुरू होगी। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि अंतिम मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत की नंबर 1 महिला शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी की नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में वापसी

स्टवांगर, (नॉर्वे)। भारत की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी और विश्व में क्लासिकल शतरंज में छठे स्थान पर काबिज कोनेरू हम्पी प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज महिला 2025 टूर्नामेंट में वापसी कर रही हैं। टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी ने प्रशंसकों और विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है। हम्पी का शतरंज करियर उनकी असाधारण उपलब्धियों से भरा है। वह 2002 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उनकी अन्य बड़ी उपलब्धियों में 2019 और 2024 में विश्व रैपिड चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है। 2020 में, उन्हें बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया था। उन्होंने ओलंपियाड, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में भी भारत का नाम रोशन किया है। नॉर्वे शतरंज महिला 2025 हम्पी के लिए अपने कौशल और क्षमता का प्रदर्शन करने का एक और बड़ा मंच होगा। 2600 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की दो महिला खिलाड़ियों में से एक के रूप में, उन्होंने शतरंज में असाधारण मानक स्थापित किए हैं। हम्पी ने टूर्नामेंट के प्रति अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा, ''प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। टूर्नामेंट के निदेशक केजेल मैडलैंड ने हम्पी की वापसी पर कहा, ''हम्पी की उपलब्धियां शतरंज जगत में एक प्रेरणा हैं। हम नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में उनका स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं।' उनकी भागीदारी न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इस बार भी हम्पी अपने शानदार प्रदर्शन से खिताब हासिल कर पाती हैं।

### सट्टेबाजी मामले में हिरासत में लिए गए सेविला के डिफेंडर सालास

मैड्रिड। सेविला के डिफेंडर किके सालास को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लिया और धोखाधड़ी के संदेह में मोरोन डे ला फ्रोंटेरा शहर की अदालत में पेश किया। 22 वर्षीय किके सालास पर अवैध सट्टेबाजी के लिए जानबूझकर पीले कार्ड हासिल करने का संदेह है, साथ ही कई अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है, जो उनके परिवार और परिचितों के करीबी माने जाते हैं। स्पेन के एल कॉन्फिडेंशियल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जांचकर्ताओं का मानना ??है कि सालास के परिवार और दोस्तों ने 10,000 यूरो प्रति माह जीतने के लिए लगभग 30 अलग-अलग दांव लगाए होंगे। जांच 2023-2024 सत्र के अंत में खेले गए कई मैचों पर केंद्रित है, जहां सालास को पिछले नौ मैचों में सात पीले कार्ड दिखाए गए थे, जिनमें से अधिकांश पीले कार्ड खेल के अंतिम मिनटों में आए थे। सालास ने अभियान में 23 लीग प्रदर्शनों में कुल 10 पीले कार्ड देखे, जबकि इस सीज़न में उन्हें 14 प्रदर्शनों में तीन बार बुक किया गया है। खिलाड़ी ने हाल ही में सेविला के साथ 2029 तक क्लब में अपने प्रवास को बढ़ाने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, और अदालत में पेश होने के बाद, उन्होंने बाकी पहली टीम के दल के साथ प्रशिक्षण लिया।

### प्रीमियर लीग: लिवरपूल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ ड्रा खेलकर छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी

लंदन। लिवरपूल ने मंगलवार रात नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर प्रीमियर लीग में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। फॉरेस्ट के स्ट्राइकर क्रिस वुड ने अपने शानदार सत्र को जारी रखते हुए, आठवें मिनट में एक तेज जवाबी हमले के बाद बाएं पैर से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। लिवरपूल ने 66वें मिनट में बराबरी हासिल की, जब कोच आर्ने स्लॉट के प्रतिस्थापन ने काम किया, उन्होंने कोस्टास सिमिकास की जगह डिओगो जोटा को मैदान में उतारा, जिन्होंने मैदान में आने के एक मिनट बाद ही गोल कर लिवरपूल को 1-1 से बराबरी दिला दी। लिवरपूल ने अंतिम मिनटों में दबदबा बनाए रखा और मैच ड्रा करा लिया, इस परिणाम के साथ फॉरेस्ट ने आर्सेनल से आगे निकलकर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया, हालांकि आर्सेनल अगर बुधवार को जीतता है तो लिवरपूल की बढ़त को चार अंकों तक सीमित कर सकता है। चेल्सी और बोर्नमाउथ ने 2-2 से रोमांचक ड्रा खेला, जिसमें मेहमान टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 की बढ़त हासिल की, इससे पहले रीस जेम्स ने 95वें मिनट में बराबरी कर ली। 14वें मिनट में चेल्सी ने वापसी की, लेकिन एंटोनी सेमेनियो पर पुश के बाद जस्टिन क्लुइवर्ट द्वारा दिए गए पेनल्टी ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया।

## रुपये की कीमत में सुधार, 28 पैसे की रिकवरी के साथ 86.36 के स्तर पर बंद हुई भारतीय मुद्रा

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले कुछ समय से डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी दिख रहा रुपया आज 28 पैसे की मजबूती के साथ 86.36 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। माना जा रहा है कि डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट और अमेरिका के 10 ईयर ट्रेजरी यील्ड की कमजोरी के कारण भारतीय मुद्रा रुपये की कीमत में डॉलर की तुलना में लगातार दूसरे सत्र में तेजी की स्थिति बनी है।

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार अमेरिकी इक्विटी मार्केट में गिरावट और कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी से भी रुपये को सहारा मिला है। इसके साथ ही अमेरिका में प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) में आई कमजोरी के कारण भी अमेरिकी डॉलर का रुख नरम हुआ है। बताया जा रहा है कि रुपये की स्थिति में आज और भी सुधार हो सकता था, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के कारण रुपये की बढ़त पर अंकुश लग गया।

मुद्रा बाजार के एक्सपर्ट सर्वेश्वर दयाल सिन्हा का कहना है कि घरेलू बाजार की कमजोर स्थिति के कारण रुपये पर आने वाले दिनों में दबाव जारी रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों के कारण डॉलर में भी जल्द ही रिकवरी होने के आसार हैं। अगर ऐसा हुआ तो रुपये की कीमत पर एक बार फिर दबाव की स्थिति बन सकती है।

उल्लेखनीय है कि बॉन्ड में निवेश बढ़ने और पीएसयू बैंकों द्वारा डॉलर का प्रवाह बढ़ा देने के कारण भी रुपये की कीमत को आज काफी सपोर्ट मिला। इसके साथ ही रिजर्व बैंक द्वारा नकदी की स्थिति को आसान बनाने के लिए की जा रही स्वैप प्रक्रिया के कारण भी रुपये पर बने दबाव में कमी आई है।

## लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि आज तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार खींचतान चलती रही। इस खींचतान की वजह से शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचा, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली करके उसे दोबारा हरे निशान में पहुंचा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएसई और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, मेटल, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड




गैस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर लिवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 424.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 423.23 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,064 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,150 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,806 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 108 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,515 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,371 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,144 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# इस्कॉन से प्रेरणा लेकर सरकार देशवासियों के कल्याण के लिए सेवा भाव से काम कर रही : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन की परियोजना श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया और संगठन की सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्कॉन से प्रेरणा लेकर उनकी सरकार देशवासियों के कल्याण के लिए इसी सेवा भावना के साथ निरंतर काम कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवा की यह भावना सच्चा सामाजिक न्याय लाती है और सच्ची धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर में शौचालय बनाना, उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन देना, हर घर में नल का पानी पहुंचाना, हर गरीब व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देना, 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को यह सुविधा देना और हर बेघर व्यक्ति को पक्का घर देना, ये सभी कार्य इसी सेवा भावना से प्रेरित हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्कृति का आधार सेवा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आध्यात्मिकता में, ईश्वर की सेवा और लोगों की सेवा एक हो जाती है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्कृति साधकों को समाज से जोड़ती है, करुणा को बढ़ावा देती है और उन्हें सेवा की ओर ले जाती है। श्री कृष्ण के एक श्लोक का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी धार्मिक ग्रंथ और शास्त्र सेवा की भावना पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इस्कॉन, एक विशाल संगठन है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण में योगदान करते हुए सेवा की इसी भावना के साथ काम करता है। उन्होंने कहा कि इस्कॉन कुंभ मेले में महत्वपूर्ण सेवा गतिविधियां चला रहा है। प्रधानमंत्री ने



कहा कि भारत एक असाधारण और अद्भुत भूमि है, यह भौगोलिक सीमाओं से बंधा हुआ एक टुकड़ा मात्र नहीं है, बल्कि जीवंत संस्कृति वाली जीवंत भूमि है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस संस्कृति का सार आध्यात्मिकता है और भारत को समझने के लिए सबसे पहले आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मोदी ने कहा कि दुनिया भर में इस्कॉन के अनुयायी भगवान कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति के कारण एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि एक और जोड़ने वाला सूत्र श्रील प्रभुपाद स्वामी की शिक्षाएं हैं, जो भक्तों को चौबीसों घंटे मार्गदर्शन देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रील प्रभुपाद स्वामी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वेदों, वेदांत और गीता के महत्व को बढ़ावा दिया और भक्ति वेदांत को आम लोगों की चेतना से जोड़ा। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष की आयु में, जब अधिकांश लोग अपने कर्तव्यों को पूरा मानते हैं, श्रील प्रभुपाद स्वामी ने इस्कॉन मिशन शुरू किया और दुनिया भर की यात्रा की, भगवान कृष्ण के संदेश को हर कोने में फैलाया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि श्रील प्रभुपाद स्वामी के सक्रिय प्रयास हमें प्रेरित करते रहते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कि सरकार कृष्ण सर्किट के माध्यम से देश भर में विभिन्न तीर्थस्थलों और धार्मिक स्थलों को जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह सर्किट गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और ओडिशा तक फैला हुआ है। इन स्थलों को स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये मंदिर भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करते हैं, उनके बाल रूप से लेकर राधा रानी के साथ उनकी पूजा, उनके कर्मयोगी रूप और एक राजा के रूप में उनकी पूजा तक। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसका उद्देश्य भगवान कृष्ण के जीवन और मंदिरों से जुड़े विभिन्न स्थलों की यात्रा को आसान बनाना है, जिसके लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इस्कॉन कृष्ण सर्किट से जुड़े इन आस्था केंद्रों तक भक्तों को लाने में सहायता कर सकता है। उन्होंने इस्कॉन से आग्रह किया कि वे अपने केंद्रों से जुड़े सभी भक्तों को भारत में कम से कम पाँच ऐसे स्थानों पर जाने के लिए प्रोत्साहित करें।

# भाजपा ने फिर पूर्वांचल समाज के लोगों को गाली देकर अपमानित किया : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर पूर्वांचल समाज के लोगों को गाली देकर अपमानित किया है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि भाजपा ने पूर्वांचलियों को गाली देने, धमकाने और रोहिंग्या कहकर अपमानित करने का अभियान चला रखा है। हमने देखा कि देश की संसद में भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश बिहार के लोगों को रोहिंग्या और बंगलादेशी कहा। उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों को गाली देने का भाजपा का पुराना इतिहास है। दिल्ली में छठ घाट बनाने के लिए हमें संघर्ष करने पड़ते थे। अब सारी सीमाएं पार करते हुए भाजपा के प्रवक्ता ने पूरे देश के सामने राष्ट्रीय चैनल पर ''आप'' के विधायक ऋतुराज झा को गाली दी। श्री सिंह ने कहा, ऋतुराज झा मैथिली ब्राह्मण समाज से आते हैं। मैथिली भाषा का एक अलग स्थान है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पूर्वांचल के लोग अपने परिश्रम से दिल्ली को बनाते हैं और भाजपा के नेता इन्हीं लोगों को गाली दे रहे हैं। मैं भाजपा नेता मनोज तिवारी से पूछता हूं कि मैथिली-ब्राह्मण समाज के एक निर्वाचित विधायक को गाली दी गई है और वो कहां छिपे हैं? मनोज तिवारी इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते? अब उनके मन में पूर्वांचल का सम्मान कहां गया? उन्होंने कहा कि भाजपा में जितने उप्र, बिहार, पूर्वांचल के नेता हैं यह उनके लिए परीक्षा की घड़ी है। कम से कम वो इतने बड़े अपमान के विरोध में एक शब्द तो बोलें। अपने मुंह से थोड़ी तो आवाज निकालें। यह बात ठीक नहीं है। हम लोग यहां आकर मेहनत करते हैं। क्या हम लोग अपना खून-पसीना बहाकर दिल्ली और देश के बड़े-बड़े शहरों को इसलिए बनाते हैं कि भाजपा के नेता हमें गाली दें? इस अपमान के विरोध में आम आदमी पार्टी गुरुवार को पूरी दिल्ली में जबरदस्त प्रदर्शन करेगी।

# दल्लेवाल के 'स्वास्थ्य सुधार' दावे पर पंजाब सरकार से सुप्रीम कोर्ट नाराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने करीब 50 दिनों से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के स्वास्थ्य मापदंडों में 'सुधार' के पंजाब सरकार दावे पर बुधवार को नाराजगी जताई और एम्स से राय लेने के लिए उनकी (दल्लेवाल) स्वास्थ्य रिपोर्ट की एक प्रति पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कंात और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार के दावे पर आश्चर्य जताया कि करीब 50 दिनों से अनशन कर रहे व्यक्ति के स्वास्थ्य मापदंडों में कैसे सुधार हुआ। पीठ ने पंजाब सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा,ऐसा कैसे हो सकता है...और एक तरफ आप कह रहे हैं कि आपके डॉक्टर वहां (धरना स्थल पर) मौजूद हैं... हम जानना चाहते हैं कि मापदंडों (स्वास्थ्य) में कैसे सुधार हो रहा है। पीठ की ओर से यह कहने पर कि 'वह (दल्लेवाला) 49 दिनों से अनशन कर रहे हैं, उनके स्वास्थ्य मापदंडों में कैसे सुधार हो रहा है', श्री सिब्बल ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य संबंधी मापदंड स्थिर हैं और उनमें सुधार नहीं हो रहा है। पिछली बार जब आपने हमें चार्ट दिया था तो आपका दावा था कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। पीठ को बताया गया कि पंजाब सरकार ने दल्लेवाल की व्यापक चिकित्सा जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। पीठ ने श्री सिब्बल से आगे पूछा, तो, आपके अनुसार, 24 दिसंबर, 2024 को प्लेटलेट्स (जो 2,22,000 थे), अब सुधर कर 2,54,000 हो गए हैं। पीठ ने किसान नेता की स्वास्थ्य रिपोर्ट का पूरा सेट मांगा। पीठ ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को दल्लेवाल की जांच रिपोर्ट शीर्ष अदालत की रजिस्ट्रार के पास जमा कराने का निर्देश दिया। पीठ ने शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वे मेडिकल बोर्ड से दल्लेवाल की जांच रिपोर्ट पर राय लेने के लिए एम्स निदेशक को रिपोर्ट भेजें। शीर्ष अदालत ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में तीन तारीखों पर लिए गए दल्लेवाल के खून के नमूनों के आधार पर जांच के तुलनात्मक चार्ट का हवाला दिया। पीठ ने अपने आदेश में मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों का पूरा सेट सौंपने ताकि, एम्स (दिल्ली) को मेडिकल बोर्ड से दल्लेवाल की चिकित्सा/स्वास्थ्य स्थिति पर राय लेने के लिए कहा जा सके। श्री सिब्बल ने तर्क दिया कि दल्लेवाल को एक अस्थायी अस्पताल में स्थानांतरित करने के संबंध में कुछ प्रगति हुई है।

# दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नयी दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी।

श्री केजरीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया, उसने मुझे पूरी लगन और सेवाभाव से काम करने की शक्ति और प्रेरणा दी है। उन्होंने दिल्ली की जनता से कहा कि आप सभी काम के लिए वोट दीजिएगा। एक तरफ काम करने वाली पार्टी है और एक तरफ गाली-गलौज करने वाली पार्टी है। गालियां देने से कोई फायदा नहीं होता है। गालियां देने से कोई तरक्की और विकास नहीं होता है। हम इस बात पर चुनाव लड़ रहे हैं कि हमने पिछले 10 साल में क्या काम किया, आगे पांच साल में क्या काम करेंगे और हमारा दिल्ली का विजन क्या है? दूसरी तरफ, भाजपा सुबह से शाम तक केवल हमें गालियां देती है। दिल्ली की जनता से हमारी अपील है कि आप शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य कामों के लिए वोट दें। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि 2015 और 2020 में दिल्ली की जनता ने हमारे उपर विश्वास दिया और आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत दिया। इस बार दिल्ली के लोग विश्वास के साथ हमें वोट देंगे और उतना ही भारी बहुमत देंगे। हम एक सकारात्मक अभियान चला रहे हैं। हम लोगों को बता रहे हैं कि पिछले 10 साल में हमने स्कूल, अस्पताल अच्छे किए। इलाज फ्री किया, मोहल्ला क्लीनिक बनाए। सड़कें ठीक की। बिजली 24 घंटे की, बिजली फ्री कर दी। पानी ठीक कर रहे हैं। महिलाओं के लिए बसों का किराया मुफ्त किया। अब महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की हर महिला को 2100-2100 रुपए हर महीना देंगे। संजीवनी योजना लागू करके 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सारा इलाज फ्री कराएंगे। हमारे पास दिल्ली के लिए एक विजन है, लेकिन भाजपा के पास न कोई मुख्यमंत्री कान चेहरा है और ना कोई नेतृत्व है और ना तो भाजपा यह बता रही है कि वह दिल्ली के लिए क्या करेगी? श्री केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा लोगों में जूते बांट रहे हैं, जैकेट और पैसे बांट रहे हैं। उनको यह लगता है कि दिल्ली की जनता को एक जोड़ी जूते देकर खरीदा जा सकता है। यह दिल्ली की जनता का अपमान है। उन्होंने नामांकन से पहले दिल्ली की माताओं-बहनों के साथ पदयात्रा करने के दौरान कहा,पूरी दिल्ली के कोने-कोने से आज ढेरों माताएं और बहनें मुझे अपना आशीर्वाद देने के लिए आई हुई हैं। ये मेरे साथ मेरा नामांकन भरवाने के लिए भी जाएंगी। मेरा सभी माताओं और बहनों से अनुरोध है कि हमें अपना आशीर्वाद दें और भगवान से प्रार्थना करें कि दिल्ली में एक बार फिर आम आदमी पार्टी की सरकार बने और हम लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क के क्षेत्र और महिलाओं को महिला सम्मान योजना के तहत 2100-2100 दिलवाने के लिए काम कर सकें।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने हटा दी सिद्दारमैया के खिलाफ लोकायुक्त जांच पर लगी अंतरिम रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उनके सह-अभियुक्तों से जुड़े मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाला मामले में मैसूर लोकायुक्त पुलिस की जांच पर लगाई गई अंतरिम रोक हटा दी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने लोकायुक्त को अपनी जांच फिर से शुरू करने का निर्देश दिया, जिसकी निगरानी अब पुलिस महानिरीक्षक करेंगे। अदालत ने लोकायुक्त को 27 जनवरी तक प्रगति रिपोर्ट और 16 जनवरी तक मामले से संबंधित सभी प्रासंगिक रिकॉर्ड और फाइलें जमा करने का निर्देश दिया। जांच, जो मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती से जुड़े अवैध भूमि आवंटन के आरोपों से संबंधित है, जिसमें उनको महत्वपूर्ण राजनीतिक सामना करना पड़ा है। सुनवाई के दौरान, कार्यकर्ता और शिकायतकर्ता स्नेहमयी कृष्णा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने जांच की निष्पक्षता पर चिंता जताई और सुझाव दिया कि राज्य-नियंत्रित लोकायुक्त निष्पक्ष जांच नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की एक समिति की ओर से की गई जांच के दौरान लोकायुक्त से सभी रिकॉर्ड हटा दिए थे। फिलहाल, उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि समिति की कार्रवाई श्री सिद्दारमैया के खिलाफ विशिष्ट आरोपों से संबंधित नहीं थी। मुख्यमंत्री की कानूनी के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ एएम सिंघवी और प्रोफ़ेसर रविवर्मा कुमार ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए तर्क दिया कि समिति की कार्रवाई मामले की जांच के लिए लोकायुक्त के अदालत के पहले के निर्देशों के अनुरूप थी। अदालत का फैसला सितंबर में पिछले फैसले के बाद आया है, जहां मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप दायर करने की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। कर्नाटक लोकायुक्त ने बाद में भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुख्यमंत्री और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## समाचार पत्रों ने की न्यूज़ प्रिंट पर से जीएसटी हटाने की मांग

**रांची।** पूरे देश में समाचार पत्रों के समक्ष गहराते संकट और मौजूदा समस्याओं को दूर करने के लिए नवगठित अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की आज यहां रांची प्रेस क्लब में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त करने की मांग की गई । इस मांग को लेकर संघ आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करेगा और केन्द्र सरकार से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह करेगा। बैठक में उपस्थित बिहार , झारखंड , नई दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के चार दर्जन से अधिक समाचार पत्रों के प्रकाशकों - संपादकों ने कहा कि आज देश के समाचार पत्र कई कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं और इन्हें दूर करने के लिए संघ निरंतर प्रयास करेगा। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की ओर से समाचार पत्रों खासकर अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को जीएसटी से मुक्त करने और प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा । संघ की बैठक में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनी कि यदि अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट ) पर जीएसटी को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तब तक प्रसार जांच की नई पॉलिसी को स्थगित रखने के साथ-साथ सरकार इसकी समीक्षा के लिए एक आयोग का गठन करे और आयोग समाचार पत्रों के समक्ष सरकार के स्तर पर उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में गहन अध्ययन कर एक प्रतिवेदन केंद्र सरकार को समर्पित करें। बैठक में प्रकाशकों ने एक स्वर से कहा कि आज हिंदी समेत सभी भाषाई अखबारों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है और इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा खतरा दिख रहा है । यदि देश में बड़े पैमाने पर समाचार पत्रों के समक्ष बंदी की स्थिति उत्पन्न हुई तो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाचार पत्रों से जुड़े एक करोड़ परिवार यानि करीब 5 करोड़ लोग प्रभावित तथा बेरोजगार हो जाएंगे । बेरोजगार होने वाले में प्रखंड, अनुमंडल, जिला तथा राज्य स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के अलावा अखबार के वितरण कार्य में लगे हॉकर तथा एजेंट भी शामिल होंगे । इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा और पूरे देश के समक्ष बेरोजगारी को लेकर अलग तरह का बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा । इसके साथ 6 वर्षों से विज्ञापन दर को संशोधित करने के मामले को लंबित रखे जाने के समाधान किए जाने पर जोर दिया गया । संघ की ओर से कहा गया है कि अखबारी कागज, स्याही , मुद्रण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लागू किए जाने से अखबार प्रकाशन की लागत में काफी वृद्धि हुई है जबकि दूसरी ओर डीएवीपी का विज्ञापन दर पिछले 6 वर्षों से संशोधित नहीं किया गया है । गौरतलब है कि डीएवीपी (अब केंद्रीय संचार ब्यूरो) की ओर से प्रत्येक 3 वर्ष पर विज्ञापन दर संशोधित करने की परंपरा रही है ।

# पेज एक का शेष

### भाजपा-संघ के...

समय पर कर रहे हैं। यह बहुत ही प्रतीकात्मक है। यह इमारत कोई साधारण इमारत नहीं है। यह हमारे देश की मिट्टी से निकली है और यह लाखों लोगों की कड़ी मेहनत और बलिदान का परिणाम है। कांग्रेस पार्टी हमेशा विशेष मूल्यों के लिए खड़ी रही है, और हम उन मूल्यों को इस इमारत में प्रतिबिंबित देख सकते हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष का फल हमारा संविधान था। उन्होंने कहा, ये इमारत हमारे कार्यकर्ताओं के खून से, हमारे हर एक नेता के खून से बनी है। इसमें आप सभी शामिल हैं जो कांग्रेस पार्टी के विचार का बचाव कर रहे हैं। यहां हर कोई कांग्रेस के विचारों का बचाव करते हुए गंभीर हमले का सामना कर रहा है लेकिन ये लोग भाजपा और आरएसएस के सामने आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करने वाले लोग डरते नहीं हैं। उसी तरह से यह इमारत हमारे देश की मिट्टी से, हमारे नेताओं और हमारे कार्यकर्ताओं के खून से निकली है। इस इमारत के पीछे का विचार भी हमारे देश के कोने-कोने तक पहुँचना चाहिए। इस इमारत के अंदर जो विचार हैं, वे हमारे देश के कोने-कोने तमिलनाडु, कश्मीर, पूर्वोत्तर, गुजरात, अंडमान और लक्षद्वीप तक आदि जगह तक पहुंचे। हमारे देश के हर कोने तक इस इमारत से निकले इस विचार का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। आरएसएस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कल कहा कि भारत को 1947 में सच्ची आजादी नहीं मिली, बल्कि राम मंदिर के निर्माण के समय मिली। उन्होंने कहा था कि संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। हमारी विचारधारा आरएसएस की विचारधारा की तरह कल नहीं आई, बल्कि हजारों साल पुरानी है और तब से आरएसएस की विचारधारा से लड़ती आ रही है। हमारे अपने प्रतीक हैं। हमारे पास शिव हैं, हमारे पास बुद्ध हैं, हमारे पास गुरु नानक हैं, हमारे पास कबीर हैं और हमारे पास महात्मा गांधी हैं। ये सभी प्रतीक हैं जिन्होंने देश को सही रास्ता दिखाया है। सवाल है कि क्या गुरु नानक, बुद्ध, भगवान कृष्ण आरएसएस की विचारधारा से थे। इनमें एक भी नहीं है क्योंकि इनमें से हर एक ने समानता और भाईचारे के लिए लड़ाई लड़ी।

### राहुल ने कबूल कर ...

जो भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। भाजपा के अध्यक्ष श्री नड्डा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री गांधी के राष्ट्र विरोधी बयान की कड़ी आलोचना की और कहा कि श्री राहुल गांधी हमेशा देश को तोड़ने वालों और भारत को कमजोर करने वालों को समर्थन देने वाला होता है। श्री राहुल गाँधी का आज का बयान कि वह 'इंडियन स्टेट' से लड़ रहे हैं, यह कांग्रेस के भारत की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने के खतरनाक षड्यंत्र को दर्शाती है। श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास ऐसी ताकतों का समर्थन करने का रहा है जिनका उद्देश्य भारत को कमजोर करना है। कांग्रेस की सत्ता की लालसा ने देश की राष्ट्रीय अखंडता और लोगों के विश्वास को नुकसान पहुंचाया है। हालाँकि, भारत के नागरिक समझदार हैं और उन्होंने श्री राहुल गांधी और उनकी इस पुरानी विचारधारा को अस्वीकार करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस की सच्चाई अब किसी से छुपी हुई नहीं है, क्योंकि उनके अपने नेता राहुल गांधी ने ही कांग्रेस की सच्चाई को उजागर कर दिया है। श्री नड्डा ने कहा, मैं श्री राहुल गांधी की सराहना करता हूँ कि आज उन्होंने वह बात स्पष्ट रूप से साफ़-साफ कह दी है जो पूरा देश जानता है कि श्री राहुल गांधी भारत से लड़ रहे है। कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई अब उनके अपने नेता द्वारा ही उजागर कर दी गई है। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके पारिस्थितिकी तंत्र के अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जो भारत को बदनाम और अपमानित करना चाहते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, श्री राहुल गांधी ने कई बार ऐसे राष्ट्र विरोधी बयान दिए हैं और गतिविधियों में शामिल रहे हैं। राहुल गांधी ने जो कुछ भी कहा है, वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में उठाया गया कांग्रेस का एक और कदम है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा...

विवाद में उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। शीर्ष अदालत का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब वह पश्चिम बंगाल के स्कूलों में कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित एक अन्य बड़े मामले में व्यस्त थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार ने हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी सौ से अधिक याचिकाओं पर निर्णय लेने में मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई करने में असमर्थता व्यक्त की। सीजेआई ने निर्देश दिया, आज हम दूसरे मामले में हैं। याचिका को मार्च, 2025 में सूचीबद्ध करें।यह विवाद उस भूमि के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर केंद्रित है, जहां शाही ईदगाह मस्जिद स्थित है, जो भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मानी जाने वाली जगह से सटी हुई है। हिंदू वादियों का दावा है कि मुगल बादशाह औरंगजेब के समय की यह मस्जिद एक मंदिर को तोड़कर बनाई गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने अगस्त 2021 के फैसले में निर्धारित किया कि 15 अगस्त, 1947 तक साइट के धार्मिक चरित्र को दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्य दोनों के माध्यम से स्थापित किया जाना चाहिए। यह निर्णय पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के सिद्धांतों के अनुरूप है, जो अयोध्या विवाद के उल्लेखनीय अपवाद के साथ पूजा स्थलों के धार्मिक चरित्र को भारत की स्वतंत्रता के समय की तरह संरक्षित करता है। हिंदू पक्षकारों में से एक का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता बरुण सिन्हा ने तर्क दिया कि मस्जिद समिति को सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने के बजाय इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंतर-न्यायालय अपील करनी चाहिए थी। हालांकि, मस्जिद समिति का तर्क है कि हिंदू मुकदमे पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन करते हैं और इसलिए कानूनी रूप से अस्थिर हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व ...

ने कहा, वह नौकरी से बर्खास्त हैं और अपने कानूनी उपाय का प्रयास कर रही हैं। इन दलीलों के बाद अदालत ने नोटिस जारी किया और कहा कि वह इस मामले में 14 फरवरी को अगली सुनवाई करेगी। आरोपी बर्खास्त अधिकारी ने अपनी याचिका में दावा किया कि उच्च न्यायालय का 23 दिसंबर 2024 का आदेश गलत था, क्योंकि उसके आदेश में संबंधित मामले के तथ्यों की अनदेखी की गई थी। उनकी याचिका में यह भी दावा किया गया है कि उसका चयन उचित मंजूरी के बाद किया गया था। यूपीएससी ने कई शिकायतों के बाद दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सुश्री खेडकर ने धोखाधड़ी से खुद को ओबीसी (गैर क्रीमी लेयर) और विकलांग श्रेणी का बताया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, मौजूदा मामला न केवल एक संवैधानिक निकाय के साथ बल्कि बड़े पैमाने पर समाज के साथ की गई धोखाधड़ी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और देश के खिलाफ की गई उक्त धोखाधड़ी से संबंधित सभी पहलुओं और विशेषताओं को उजागर करने के लिए आवश्यक पूछताछ की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि लग्जरी कारों और विभिन्न संपत्तियों के मालिक होने के अलावा, याचिकाकर्ता के परिवार यानी पिता और माता ने उच्च पदों पर कार्य किया है। नियमों के अनुसार, ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपये से कम होनी चाहिए और याचिकाकर्ता ने यहां अपनी पारिवारिक आय छह लाख रुपये (मां की आय) बताई थी, जबकि अपने पिता की आय के बारे में कुछ भी नहीं बताया था। याचिकाकर्ता ने अपनी मां के साथ रहने और अपने पिता से कोई लेना-देना नहीं होने का दावा किया था। राज्य सरकार के रिकॉर्ड से पता चला है कि याचिकाकर्ता के परिवार के पास 23 अचल संपत्ति के साथ-साथ उनके नाम पर पंजीकृत 12 वाहन हैं। पीठ ने कहा था कि याचिकाकर्ता के पास खुद के नाम पर तीन लग्जरी कारें (बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज और महिंद्रा थार) हैं, जो 6,00,000 रुपये प्रति वर्ष की मामूली पारिवारिक आय के साथ संभव नहीं है। यूपीएससी ने 31 जुलाई, 2024 को आवेदक की (2022 की) उम्मीदवारी रद्द कर दी और उसे भविष्य की किसी भी यूपीएससी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा दी। दिल्ली की एक अदालत ने आठ अगस्त, 2024 को उसकी अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी थी।

### इंडिया गठबंधन...

है। भाजपा व उनकी सरकारें भी पीछे नहीं हैं। समाजवादी पार्टी भी इस मामले में घोर जातिवादी चाल, चरित्र व चेहरे अपना कर दलित वोटों के स्वार्थ में अपना रूप थोड़ा बदला दिखाने में लगी रहती है। मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोग भी, हर मामले में अब अपने आपको काफी असुरक्षित ही महसूस कर रहे हैं, जिससे इनका विकास भी रूका हुआ है। उन्होंने इस मौके पर बसपा मूवमेंट का सफरनामा पुस्तक भाग-20 का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि बसपा दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद दिल्ली में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि बसपा दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन करेगी। आने वाले समय में बिहार में भी विधानसभा चुनाव होने वाला है। बसपा वहां भी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

### सेना को रणनीति...

हाइपरसोनिक तकनीकों द्वारा समर्थित सेलेरिटी सेंट्रिक वारफ़ेयर और ऑटोनॉमस व्हीकल्स द्वारा संचालित रोबोटिक्स भविष्य के युद्धों को लड़ने के तरीके को बदल रहे हैं। जनरल चौहान ने जोर देकर कहा कि भविष्य में कोई भी युद्ध पिछले युद्ध की तरह नहीं लड़ा जाएगा और किसी भी सेना का उद्देश्य युद्ध जीतना है। ऐसे में सेना को दुश्मनों से आगे रहने के लिए अपनी रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं को लगातार उन्नत करने और तकनीकी रूप से लैस करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के साथ उच्च तकनीकी कौशल वाले लोगों को सशक्त बनाना समय की मांग है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने उन बहादुर जवानों के प्रति श्रद्धांजलि और आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। जनरल चौहान ने कहा इस विशेष दिन को मनाते हुए, प्रत्येक सैनिक को सेना की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए, साथ ही भविष्य की चुनौतियों का दृढ़ संकल्प और गर्व के साथ सामना करना चाहिए। सेना हमारी मातृभूमि को और अधिक सफलता और गौरव दिलाती रहे और राष्ट्र निर्माण में अथक योगदान देती रहे।

### दुनिया की बड़ी...

मार्गों में निवेश के महत्व को ध्यान में रखते हुए और इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारत इस दिशा में लगातार कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में, भारतीय नौसेना ने सैकड़ों लोगों की जान बचाई है और हजारों करोड़ रुपये के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है, जिससे भारत, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल में वैश्विक विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने आसियान, ऑस्ट्रेलिया, खाड़ी देशों और अफ्रीकी देशों के साथ भारत के आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर प्रकाश डाला, इसका श्रेय हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उपस्थिति और क्षमताओं को दिया। उन्होंने सैन्य और आर्थिक दोनों दृष्टिकोणों से आज के आयोजन के दोहरे महत्व पर जोर दिया। इक्वसवीं सदी में भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और आधुनिक बनाने के महत्व पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा, चाहे वह जमीन हो, पानी हो, हवा हो, गहरा समुद्र हो या अनंत अंतरिक्ष हो, भारत हर जगह अपने हितों की रक्षा कर रहा है।

# महाकुम्भ : संस्कृति का महाकुम्भ 16 जनवरी से शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता,

महाकुम्भ नगर । महाकुम्भ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुम्भ' होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। इसके अतिरिक्त यमुना एवं सरस्वती पंडाल में भी 16 जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारम्भ होंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक सुरों का संगम होगा। 16 जनवरी को गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे तो यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण से ईश्वर के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगे। पहले दिन सरस्वती पंडाल पर नौटंकी विधा से भी श्रद्धालु परिचित होंगे। पद्मश्री रामदयाल शर्मा 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे।



भक्ति व विरासत के इस उत्सव में गंगा पंडाल का मंच मुख्य होगा। 10,000 दर्शकों की क्षमता के लिए सेक्टर-1 के परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल बनाया गया है। यह भारत के प्रसिद्ध कलाकारों की भव्य प्रस्तुतियों का केंद्र है। इसके अलावा दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल बनाया गया है। यहां भी मेजबान उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन कलाकार अनेक विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे। 16 जनवरी को होने गंगा पंडाल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में प्रो. ऋत्विक सान्याल (वाराणसी) का शास्त्रीय-उप शास्त्रीय गायन, विचत्रानंदा स्वेन (भुवनेश्वर) ओडिशी नृत्य, कुशल दास (कोलकाता) सितार, शंकर महादेवन (मुम्बई) व रविशंकर (उप्र), भजन-सुगम संगीत होगा।

यमुना पंडाल में संस्कृत विद्यालय वाराणसी के बच्चों द्वारा मंगलाचरण, सान्या पाटनकर (राजस्थान) शास्त्रीय गायन, सहीराम पांडेय (गोंडा) आल्हा गायन, सरिता मिश्रा (लखनऊ) लोकगायन, रामप्रसाद (प्रयागराज) बिरहा गायन, पीयूषा कैलाश अनुज (दिल्ली) भजन, आरुषी मुद्गल (दिल्ली) ओडिशी नृत्य एवं अमरजीत (सोनभद्र) जनजाति लोकनृत्य होगा। सरस्वती पंडाल में सौरभ बनौधा (सोनभद्र) बंसी वाद्यवृंद, श्वेता दुबे (वाराणसी) भजन गायन, श्रुति मालवीय (लखनऊ) भजन-लोकगायन एवं पद्मश्री रामदयाल शर्मा (दिल्ली) कृष्ण सुदामा नौटंकी होगी।

**काशी के ऋत्विक सान्याल के शास्त्रीय गायन से होगा शुभारम्भ-आल्हा बिरहा, नौटंकी विधा से भी परिचित होंगे श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी**

**त्रिवेणी, यमुना और सरस्वती पंडाल में भी होंगे विविध कार्यक्रम**

# महाकुम्भ : एक्यूप्रेशर सेवाधारी कई शिविरों में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । एक्यूप्रेशर संस्थान ने कुम्भ क्षेत्र में पूर्व की भांति इस महाकुम्भ में भी अनेक शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं के उपचार का बीड़ा उठाया है। 12 जनवरी को मुख्य शिविर का आरम्भ हुआ, तत्पश्चात प्रतिदिन सभी शिविरों के माध्यम से अभी तक 1050 के लगभग श्रद्धालु एक्यूप्रेशर उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

एक्युप्रेशर शिविर सेक्टर 19 तुलसी मार्ग में मुख्य उपचारक प्रो. आलोक कमलिया ने बताया कि श्रद्धालुओं में गठिया, एलर्जी से श्वसन रोग और शरीर दर्द से प्रभावित लोग अधिक आ रहे हैं। जिन्हें मेथी दाने की पट्टी और स्केच पेन द्वारा रंग लगाकर सरल उपचार दिया जा रहा है। संस्थान के निदेशक ए.के. द्विवेदी ने बताया कि उपचार के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में ठंड से प्रभावित होकर, दस्त, उल्टी, बुखार झेल रहे श्रद्धालु बहुत अधिक संख्या में आ रहे हैं। हथेली में कुछ स्थानों पर हल्का नीला रंग लगाकर ठंड से बचा जा सकता है, अतः रंग का प्रयोग अवश्य करें। छतनाग झूँसी स्थित सरस्वती आश्रम (एक्यूप्रेशर महाविद्यालय) द्वारा मकर संक्रान्ति से लगातार भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही उपचार शिविर यहां भी चल रहा है। छतनाग घाट पर चल रहे एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर में उपचार प्राप्त कर रहे श्रद्धालुओं को इस विधा के जरिए लोगों को ठंड से बचाव, थकान दूर करने और जोड़ों के दर्द से स्वयं लाभ प्राप्त करने का उपाय सिखाया भी जा रहा है।



डॉ उर्वशी उपाध्याय ने बताया कि एक्यूप्रेशर के उपचारकों को मेला क्षेत्र में जाने से असुविधा हुई तो उन्होंने अपने मोटर साइकिल पर ही खड़े होकर उपचार करना आरम्भ किया।

सेवा के इस अद्भुत भाव को देखकर बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने उपचार कराया। इस चलते फिरते उपचार शिविर के माध्यम से लोगों को इस विधा से परिचित कराया जा रहा है। जिससे लोग स्वयं सामान्य उपचार कर सकें।



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सुभान को गिरफ्तार किया

हरिद्वार। मंगलौर कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सुभान को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही गिरफ्तारी के खिलाफ हंगामा कर रहे चार लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस कप्तान के पीआरओ विपिन पाठक ने बताया कि मंगलौर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर सुभान को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। सुभान पर कोतवाली मंगलौर सहित जिले के अन्य थानों में लगभग 25 अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने गिरफ्तारी का विरोध करने पर इसरार, साहेजमा, साजिद और इमरान को भी हिरासत में लिया है।

### अखिलेश यादव ने नमामि गंगे घाट पर गंगा में विसर्जित की चाचा की अस्थियां

हरिद्वार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने चाचा राजपाल सिंह यादव की अस्थियां बुधवार को नमामि गंगे घाट पर गंगा में विसर्जित कीं। तीर्थ पुरोहित शेलेष गौतम के सानिध्य में पं. अभिनव झा ने पूर्ण विधि विधान से कर्मकांड संपन्न कराया। अखिलेश यादव अपने परिजनों के साथ चाचा राजपाल यादव की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए हरिद्वार पहुंचे। बुधवार को अस्थि विसर्जन संस्कार बड़े बेटे अभिषेक यादव ने किया। राजपाल यादव अखिलेश यादव के पिता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के भाई थे। 73 वर्ष की उम्र में गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में उनका निधन हो गया था।

### पौड़ी गढ़वाल में कार खाई में गिरी, दो लोगों की मौत

देहरादून । पौड़ी गढ़वाल जिले के धुमाकोट क्षेत्र में बुधबार दोपहर एक कार खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि धुमाकोट क्षेत्र में भौंन–खाल्यूं डांडा के पास एक ऑल्टो कार खाई में गिर गई है। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू किया। कार में 03 लोग सवार थे, जिनमें से 02 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। एक व्यक्ति को घायल अवस्था में कार से निकालकर मुख्य मार्ग तक लाकर 108 के माध्यम से अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रमेश लाल (17) व प्रदीप (37) निवासी धूमाकोट, पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है, जबकि घायल व्यक्ति की पहचान किशोर कुमार (35) निवासी परशुराम इनक्लेव, बुराड़ी, दिल्ली के रूप में हुई है।

### उत्तराखंड निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

देहरादून। उत्तराखंड में नगर निकाय चुनावों के लिए भाजपा ने संकल्प पत्र जारी कर दिया है। देहरादून में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी मुख्यालय में 11 नगर निगमों के लिए संकल्पपत्र को जारी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र विकास की गारंटी है। मुख्यमंत्री धामी ने पार्टी के विकासात्मक दृष्टिकोण और आगामी पांच वर्षों के लिए निर्धारित कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र न केवल शहरी विकास के प्रति ट्रिपल इंजन सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले पांच वर्षों के लिए भाजपा की ठोस और भरोसेमंद गारंटी भी है। इस संकल्प पत्र में जिन महत्वपूर्ण और दूरगामी विषयों को शामिल किया गया है, वे निश्चित रूप से लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता सिर्फ घोषणाएं करना नहीं है, बल्कि उन घोषणाओं को वास्तविकता में बदलना है। नगर निकाय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद्र उनियाल, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, विधायक सविता कपूर, बृजभूषण गैरोला, सहदेव पुंडीर, आदित्य कोठारी, कुंवर प्रणव चैंपियन, मीरा, कुलदीप कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### उत्तरकाशी में बस पलटी, 14 लोग घायल

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के जखोल क्षेत्र के सुनकंडी में बुधवार सुबह एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे की ओर पलट गई है। इस दुर्घटना में 14 यात्री घायल हो गए। इनमें छह की स्थिति गंभीर है। बताया गया है कि बस में 28 लोग सवार थे। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला। एसडीआरएफ टीम ने 14 घायलों को सीएससी मोरी के निकट स्थित अस्पताल पहुंचाया। इनमें से छह यात्रियों की स्थिति गंभीर है। शेष अन्य यात्रियों को गंभीर चोट नहीं आई है। फिलहाल घायलों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### ट्रिपल इंजन से दौड़ेगा विकास का पहिया : सुरेश चौहान

उत्तरकाशी । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार रहेगी तो विकास का पहिया तेजी से दौड़ेगा। उन्होंने लोगों से भाजपा उम्मीदवार किशोर भट्ट के लिए समर्थन मांगा।

बुधवार को विधायक सुरेश चौहान ने गढ़वाल मंडल विकास निगम उत्तरकाशी में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी नगरपालिका अध्यक्ष भाजपा का नहीं होने से विकास की गति बहुत ही धीमी रही।

उन्होंने कहा कि जोशियाडा क्षेत्र में जल भराव, व कालेश्वर मार्ग पर, ज्ञानसू, क्षेत्र में भूस्खलन,जाम की स सबसे बड़ी समस्या कूड़ा निस्तारण की है। उन्होंने इस बार भाजपा उम्मीदवार किशोर भट्ट को जीताने की लोगों से अपील की। इस मौके पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल भट्ट, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, राजीव बहुगुणा,पवन नौटियाल,मनोज राणा, प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव प्रताप रावत, विजय मखलोगा, प्रताप राणा, नवीन पैन्यूली,देशराज,आदि मौजूद रहे है।

# विकास और सुशासन की गारंटी है भाजपा, कांग्रेस के पास विकास का कोई रोडमैप नहीं: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निकाय चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि भाजपा का दूसरा नाम विकास की गारंटी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसके पास विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस को मत देकर वोट खराब नहीं करना है।

बुधवार को धामी ने मुनिकीरेती नगर पालिका परिषद से भाजपा उम्मीदवार बीना जोशी और तपोवन नगर पंचायत से भाजपा उम्मीदवार विनीता बिष्ट के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुनिकीरेती, तपोवन और ऋषिकेश का क्षेत्र प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यहां के विकास के लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता के सहयोग से उत्तराखंड यूसीसी (समान नागरिक संहिता) लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। देवभूमि उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता की गंगोत्री अब पूरे देश को लाभान्वित करेगी, जिससे समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित होगा।



धामी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा हर वर्ग के लोगों की भलाई के लिए काम किया है, जबकि कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म का अपमान किया है। यह पार्टी सिर्फ वोट हासिल करने के लिए झूठ बोलती है और राष्ट्रहित के मामलों पर कभी सच्चाई से काम नहीं करती।

उन्होंने जनता से कहा कि आप सभी कांग्रेस और उनके समर्थकों से यह सवाल करें कि वे आपके क्षेत्र का विकास कैसे करेंगे? उनका कोई जवाब नहीं होगा, क्योंकि भाजपा की सरकार ही विकास और सुशासन की गारंटी है।

## चर्चित गढ़वाली फिल्म घपरोल का ट्रेलर लॉन्च

देहरादून। प्लुनेक्स प्रोडक्शन की चर्चित गढ़वाली फिल्म घपरोल का ट्रेलर बुधवार को लॉन्च किया गया। फिल्म की शूटिंग उत्तरकाशी क्षेत्र के खूबसूरत गांव रायथल में हुई है। फिल्म उत्तराखंड के ग्रामीणों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक और उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय, फिल्म के निर्माता अजय ढौंडियाल, रघुवीर सिंह, फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ शर्मा, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शुभ सहोता और फिल्म के कलाकारों ने ट्रेलर लॉन्च किया। इस मौके पर सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने घपरोल फिल्म को उत्तराखंड के क्षेत्रीय सिनेमा में उच्च तकनीकी गुणवत्ता वाली फिल्म बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की क्वालिटी से साफ जाहिर हो रहा है कि फिल्म को बनाते समय हर पहलू पर बड़ी बारीकी से ध्यान दिया गया है ।

# नगरी–सिहावा आंदोलन की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम में हो शामिल : रघु ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धमतरी। धमतरी जिले नगरी-सिहावा में आदिवासियों के भूमि अधिकार को लेकर सन 1952 में डा राममनोहर लोहिया ने आंदोलन शुरू किया था। 13 साल बाद आंदोलन सफल हुआ। देश में वन अधिकार अधिनियम इसी आंदोलन की देन है। वनग्रामों को राजस्व ग्राम जैसी सुविधाएं देने की शुरुआत 1990 के दशक में यहीं से हुई थी, इसका लाभ अब देश के लाखों आदिवासी गांवों को मिलना शुरू हुआ है। वनग्रामों का पहला घोषणा पत्र इस आंदोलन की देन है। नगरी-सिहावा क्षेत्र चारों ओर से नक्सली हिंसा से घिरा हुआ था। यह क्षेत्र अहिंसा का टापू भी है। यहां के आदिवासियों ने अहिंसक संघर्ष के जरिए जिस धैर्य और संयम का परिचय दिया है, उसे देश के पाठ्यक्रमों में स्थान मिलना चाहिए। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत दुगली अंतर्गत ग्राम कौहाबाहरा में पिछले दिनों आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह बातें लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संस्थापक व संरक्षक रघु ठाकुर ने कही। लोहिया जिस उमरादेहान से आजादी के बाद नगरी-सिहावा आंदोलन की शुरुआत की थी, सभा से पहले ठाकुर वहां पहुंचकर स्मृति-फलक का विमोचन भी किया, जिसमें इस संघर्ष से जुड़े उमरादेहान के स्मृति- फलक में सुखराम नागे, बिसाहिन बाई, समरीन बाई, रामप्रसाद नेताम, रमेश वल्यानी व एचवी नारवानी अधिवक्ता आदि के नाम का विशेष उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौहाबाहरा के सरपंच व लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव नेताम ने की। रघु ठाकुर ने कहा कि भारत में दो ही आंदोलन सबसे लंबे चले। एक सीमांत गांधी का, दूसरा डा लोहिया का नगरी- सिहावा आंदोलन।

उल्लेखनीय है कि डा लोहिया के बाद सन 1977 से नगरी सिहावा के आंदोलन की बागडोर रघु ठाकुर ने सम्हाली जिसके तहत अठारह में से 13 गांवों के आदिवासियों को तो 1990 के दशक में भूमि का अधिकार मिल गया था लेकिन पांच गांवों का प्रकरण उलझ गया था जिन्हें अब जाकर सफलता मिली है। अपने अधिकारों के लिए इस अंचल की पांच पीढ़ियों ने निरंतर संघर्ष किया, रायपुर तक 120 किमी की पदयात्रा की, रघु जी ने अनशन किया, आदिवासियों ने जेल भरी, जार्ज फर्नांडीज व शरद यादव आदि नेताओं ने सांसद रहते हुए समर्थन में गिरफ्तारी दी।

# दिल्ली एनसीआर में हल्की बूंदाबांदी कल भी बारिश होने के आसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली -एनसीआर में बुधवार शाम को हल्की बूंदा-बांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले बुधवार को सुबह दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाया रहा जिसके कारण कई ट्रेनें और उड़ानें प्रभावित हुई। जानकारी के मुताबिक करीब 300 फ्लाइट देर से चली। बुधवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 19 और 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। गुरुवार को भी हल्की बूंदा बांदी होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी दिल्ली में बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर -पश्चिम और सटे हुए मध्य भारत में गुरुवार को भी बारिश होने की संभावना है। पंजाब के कुछ स्थानों में 16 और 17 जनवरी को रात और सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों में 16 जनवरी को रात और सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हरियाणा, चंडीगढ़ के अलग अलग स्थानों में 16 और 17 जनवरी के दौरान रात सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली तथा सौराष्ट्र और कच्छ में अलग-अलग स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे (-1 डिग्री सेल्सियस से -3 डिग्री सेल्सियस) है।

# आईआईटी रुड़की ने ध्वज संप्रेषण कार्यक्रम आयोजित किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं के बीच अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत युवा संगम चरण 5 के ध्वज संप्रेषण की मेजबानी की। दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत के बाद नोडल अधिकारी प्रो. एम.वी. सुनील कृष्ण ने युवा संगम पहल का अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें एकता और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। छात्र कल्याण कुलशासक प्रो. बरजीव त्यागी ने कहा कि युवा संगम छात्रों को अपने साथियों से जुड़ने, विविधता को अपनाने और पूरे देश में बंधनों को मजबूत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। यह वास्तव में विविधता में एकता की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं युवा सशक्तिकरण के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों से झारखंड में उत्तराखंड की समृद्ध परंपराओं एवं विरासत को प्रदर्शित करके सांस्कृतिक राजदूत के रूप में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी रुड़की में हमें ऐसे नेताओं को आकार देने में भूमिका निभाने पर गर्व है जो न केवल तकनीकी रूप से कुशल हैं बल्कि सामाजिक रूप से भी जिम्मेदार हैं। प्रोफ़ेसर पंत ने युवा संगम के प्रतिभागियों से झारखंड में उत्तराखंड की संस्कृति एवं परंपराओं को प्रदर्शित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और धन्यवाद के साथ हुआ, तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। युवा संगम भारत के युवाओं में सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देने और एकता की भावना को पोषित करने का एक माध्यम बना हुआ है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063